वर्ष : 47 अंक 203
जौनपुर, शनिवार
10 मई 2025
तापमान
अधिकतम / न्यूनतम
38°C | 28°C

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

तरुणमित्र

श्रम ही आधार, खबरों से सरोकार

मूल्य 3.00 रुपये पृष्ठ-8 | जौनपुर, अयोध्या, लखनऊ, पटना (बिहार), ठाणे (महाराष्ट्र), भोपाल (मप्र) से प्रकाशित | www.tarunmitra.in

भारत से पंगा लेने के बाद भीख मांगने लगा पाकिस्तान

इस्लामाबाद, 09 मई। पाकिस्तान पर भारत के हमले के बाद से पाकिस्तान घबराया गया है। पाकिस्तान की हालत इतनी खराब है कि वो अब विश्व बैंक सहित अंतर्राष्ट्रीय साझेदारों से लोन की अपील कर रहा है। पाकिस्तान सरकार के आर्थिक सलाहकार विभाग की तरफ से एक्स पर एक पोस्ट किया गया है।

इस पोस्ट में पाकिस्तान की तरफ से भारत के हमले के बाद विश्व बैंक सहित अंतर्राष्ट्रीय साझेदारों से अधिक लोन की मांग की गई है। पाकिस्तान का कहना है बढ़ते युद्ध और शेयर बाजार में गिरावट के बीच हम अंतरराष्ट्रीय समुदाय से आग्रह करते हैं कि वो हमारी मदद करे। साथ ही पोस्ट में आगे राष्ट्र से दृढ़ रहने का आग्रह किया गया।

अब विश्व बैंक से की ज्यादा लोन देने की अपील



पाकिस्तान को आर्थिक संकट से निकालने के लिए अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की बैठक है। भारत भी आईएमएफ के प्रबंधन का हिस्सा होने की वजह से इस बैठक में हिस्सा लेगा और पाकिस्तान की आतंकवादी चेहरे को यहां भी बेनकाब करने का कोई मौका नहीं छोड़ेगा।

वैसे भारत के विरोध के बावजूद पाकिस्तान को पैकेज मिलने के प्रस्ताव को हरी झंडी मिलने के पूरे आसार हैं क्योंकि आईएमएफ में दो सबसे बड़े हिस्सेदार देश अमेरिका और चीन की तरफ से किसी विरोध की संभावना नहीं है। भारत बैठक में सदस्य देशों को बताएगा, पाकिस्तान को वित्तीय पैकेज देने का मतलब वैश्विक आतंकवाद को बढ़ावा देना है।

बता दें कि पाकिस्तान की तरफ से ये लोन की अपील तब की गई है, जब पाकिस्तान और भारत में तनाव बहुत ज्यादा बढ़ गया है। भारत ने 7 मई को पहलगाम हमले का जवाब दिया था, इसके बाद से पाकिस्तान बौखलाया हुआ है।

भारत ने एलओसी पर बिछा दीं आतंकियों की लाशें

श्रीनगर, 09 मई। आतंकवाद का पनाहगार पाकिस्तान अपनी नापाक हरकतों से बाज नहीं आता है। आतंकवादियों के खिलाफ जारी ऑपरेशन सिंदूर के बीच एलओसी पर आतंकियों की घुसपैठ करना की कोशिश की। हालांकि, सीमा पर मुस्तैद खड़े भारतीय सुरक्षाबलों के जवानों ने मंसूबों पर पानी फेर दिया। 8 मई को देर रात 11 बजे के करीब बीएएस ने जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले में अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर एक बड़ी घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया। बताया जा रहा है कि सांबा में अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर कई पाकिस्तानी आतंकवादी मारे गए। ये सभी जैश ए मोहम्मद के आतंकी बताए जा रहे हैं।

पाकिस्तान ने फिर की घुसपैठ की नापाक कोशिश

बता दें कि जम्मू-कश्मीर के उरी सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास के इलाकों में पाकिस्तानी सैनिकों की ओर से भारी गोलेबारी में एक महिला की मौत हो गई और उसके परिवार के दो सदस्य घायल हो गए। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना ने पाकिस्तानी हमले का समुचित तरीके से जवाब दिया है। अधिकारियों ने बताया कि भारी गोलेबारी से कई संरचनाओं को नुकसान पहुंचा और लोगों को भागने पर मजबूर होना पड़ा। उन्होंने कहा कि जब मोहरा के पास एक परिवार के तीन सदस्य गोलेबारी से बचने की कोशिश कर रहे थे तो उनकी कार पर एक गोला गिरने से वे घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि घायलों को अस्पताल ले जाया गया, जहां नरगिस बेगम नामक एक महिला की मौत हो गई।

पाकिस्तान अपने वजूद को जूझेगा: योगी

सीएम ने नापाक हरकतों पर पाक को लताड़ा

लखनऊ, 09 मई। भारत विजयी है और हर हाल में विजयी रहेगा। देश के दुश्मनों के लिए भारत में कोई जगह नहीं है। 22 अप्रैल 2025 की घटना को अंजाम देने वाले पाकिस्तान का चेहरा बेनकाब हो चुका है। पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तीनों सेनाओं के संयुक्त प्रयास से आतंकवादियों के मंसूबे चकनाचूर हो गए। आतंकवादियों के जनाजे में पाकिस्तान सेना के अधिकारी व मंत्री इस बात का सुबूत है कि पाकिस्तान कैसे आतंकवाद की मदद कर रहा है?

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महाराणा प्रताप की जयंती के अवसर पर हुसैनगंज चौराहे पर स्थित प्रतिमा के सौन्दर्यीकरण का लोकार्पण करने के दौरान शुक्रवार को बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि राष्ट्र नायकों की भारत में जगह है, देश विरोधियों का कोई स्थान नहीं है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि पाकिस्तान अपनी हरकतों की वजह से अपने वजूद को जूझेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सभी को सेना का मनोबल बढ़ाना है, हमारा देश भारत विजयी है और विजयी रहेगा। उन्होंने पाकिस्तान की नापाक हरकतों पर निशाना साधते हुए कहा कि पाकिस्तान दुनिया के सामने कराह रहा है और अभी भी बेशर्मी कर रहा है। महाराणा प्रताप की वीर गाथाओं के बारे में बताते हुए कहा कि आज ऐसे वीरों की बदौलत ही हम सब आजाद है। इसी तरह भारतीय सेनाओं का भी हौसला बनाए रखना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अभी सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने का प्रयास होगा, लेकिन हमें केंद्र द्वारा मिलने वाले आदेशों के तहत ही काम करना है और भारतीय सेनाओं व उनके परिजनों का मनोबल बनाए रखने के लिए साथ खड़े रहना है।

महाराणा प्रताप की जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री ने हुसैनगंज चौराहे का नाम महाराणा प्रताप चौराहा करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि वर्ष 1998 में जब गोरखपुर से सांसद थे तो प्रदेश में महाराणा प्रताप की तीन मूर्तियां लगाने का प्रस्ताव तत्कालीन मुख्यमंत्री कल्याण सिंह को दिया गया था। इसमें लखनऊ, गोरखपुर और प्रयागराज था। उस दौरान सांस्कृतिक विभाग द्वारा यह मूर्तियां लगाई गई थी।

टेरिटोरियल आर्मी की 14 बटालियन एक्टिव, सेना प्रमुख को मिली पावर

नई दिल्ली, 09 मई। पाकिस्तान के साथ जारी तनाव के बीच भारत सरकार ने टेरिटोरियल आर्मी (प्रादेशिक सेना) को सक्रिय करने का आदेश जारी किया है। सरकार ने हाल ही में जारी एक अधिसूचना में कहा है कि भारतीय थलसेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी को टेरिटोरियल आर्मी रूल्स 1948 के नियम 33 के तहत अधिकार प्रदान किया है, जिसके तहत वे किसी भी प्रादेशिक सेना अधिकारी या जवान को सेना के नियमित बलों की सहायता के लिए बुला सकते हैं।

पर्यटन नीति के अनुसार पूंजी लगाने वाले निवेशकों को 25 प्रतिशत तक मिलेगा अनुदान : जिलाधिकारी

जिले में पर्यटन नीति को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला सम्पन्न

तरूणमित्र न्यूज

सोनभद्र। जिले में पर्यटन नीति-2022 के प्रचार प्रसार को लेकर एक दिवसीय पर्यटन नीति कार्यशाला का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार सोनभद्र में किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने पर्यटन उद्योग में निवेश के लिये इन्वेस्टर्स को प्रोत्साहित करते हुये एक बर्चुअल पी0पी0टी0 के माध्यम से निदेशालय से जुड़े उच्चाधिकारीयों द्वारा प्रदर्शित किया गया है। श्री सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार वर्ष-2027 तक एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थ व्यवस्था बनाना चाहती है, जिसमें पर्यटन नीति-2022 के अनुसार अपनी पूजी लगाने वाले निवेशकों को 10 लाख से 10 करोड़ तक निवेश करने पर 25 प्रतिशत अनुदान की व्यवस्था है, वही 50 करोड तक निवेश करने तक 20 फिसद सब्सिडी की व्यवस्था की गयी है, तथा 50 करोड से अधिक 200 करोड तक 15 प्रतिशत सब्सिडी की व्यवस्था की गयी है, जिले में पर्यटन की अपार सम्भावनायें विद्यमान है।

पर्यटन नीति 2022 में होटल, रिसॉर्ट, वाटर पार्क, बजट होटल, वेलनेश रिसॉर्ट, इको रिसॉर्ट तथा साहसिक पर्यटन परियोजनों इत्यादि हेतु खोलने पर सब्सिडी की व्यवस्था की गयी है। जिसमे पर्यटन निदेशालय की ओर से वर्चुअल माध्यम से जनपद के इनवेस्टर्स, होटेलियर्स, उद्योग व्यापार मण्डल इत्यादि द्वारा एक दिवसीय पर्यटन नीति कार्यशाला में प्रतिभाग किया गया। वाटर पार्क, होटल, रिसॉर्ट इत्यादि खोले जाने हेतु सब्सिडी एवं ऑनलाईन की प्रकीया बताई गयी, तथा राष्ट्रीय राज्य मार्ग पर अवस्थित ढाबा, पेट्रोल पम्प इत्यादि पर गुजरने वाले पर्यटकोंध्यात्रियों की सुविधा के लिये सुलभ प्रसाधन की व्यवस्था एवं रेस्टोरेन्ट इत्यादि खोले जाने एवं बेहतर करने के लिये भारत सरकार के इण्डियन ऑयल, एंव हिन्दुस्तान पेट्रोलियम इत्यादि के प्रमुखों के साथ उच्च स्तर पर उच्चाधिकारीयों द्वारा बैठक करते हुये आने वाले पर्यटकों/यात्रियों के सुविधार्थ विकासित कर सुविधा प्रदान करने की पहल करते हुये प्रमुख सचिव पर्यटन द्वारा वर्चुअल माध्यम से बताया गया है।

जिससे आने वाले समय अधिकाधिक पर्यटकोंध्यात्रियों को लाभ मिल सके। एक दिवसीय पर्यटन नीति कार्यशाला के आयोजन के दौरान मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी, जिला विकास अधिकारी हेमन्त कुमार सिंह, पर्यटन अधिकारी बृजेश कुमार, डी0सी0 मनरेगा, अपर जिला सूचना अधिकारी विलनय कुमार सिंह, ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर दिव्यतोष मिश्रा जनपद के अन्य अधिकारीगण तथा जनपद के सम्मानित इन्वेस्टर्स, होटेलियर्स, उद्योग व्यापार मण्डल तथा एडवेंचर से जुड़े लोग उपस्थित रहें।

ई-रिक्शा पलटने से छह साल के मासूम की मौत

तरूणमित्र न्यूज

मीरजापुर। नगर के चौबे घाट पर ई-रिक्शा पलटने से छह साल के बच्चे प्रिंस सोनकर पुत्र सनोज कुमार के बेटे की दबने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार नगर के चौबे गंगा घाट पर शुक्रवार को लकड़ी के लिए चौबे घाट पर गए थे। जहां ई-रिक्शा पर लकड़ी लाद कर ले जा रहे थे।

उसी समय आटो अनियंत्रित होने से पलट गई जिसके कारण प्रिंस गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन फानन में परिवार वालों ने बच्चे को मंडलीय अस्पताल ले गए जहां डॉक्टर ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। परिवार वालो का आरोप है कि आटो वाले की गलती के कारण बच्चे की मौत हुई है। मौत के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है। रो-रो कर परिवार वालों का बुराहाल हो गया। कटरा थाना कोतवाल अजीत सिंह ने बताया कि शव को परिवार वाले पोस्टमार्टम करवाने के लिए तैयार नहीं हुए हैं। बाद में शव का अंतिम क्रिया की गई। अगर तहरीर मिलती है तो आटो चालक के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

पंचनामा करवाकर लोग शव की अंतिम क्रिया की गई। अगर तहरीर मिलती है, टोटो चालक के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

क्रेशर संचालक व खनन पट्टा धारक अपने क्षेत्रों में साईनिज बोर्ड अनिवार्य रूप से लगवायें: डीएम

अवैध खनन, अवैध परिवहन एवं अवैध भण्डारण के खिलाफ की जाये प्रभावी कार्यवाही

तरूणमित्र न्यूज

सोनभद्र। जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह व पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में खनन विभाग, परिवहन विभाग व पुलिस विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की, बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अवैध खनन, अवैध परिवहन व अवैध भण्डारण के खिलाफ शासन की मंशा के अनुरूप प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाये, बैठक के दौरान यह तथ्य संज्ञान में आया कि म्योरपुर में लगे चेकगेट का संचालन ठीक ढंग से नहीं हो रहा है, जिस पर जिलाधिकारी ने एम चेक गेट के संचालक से स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दियें और कहा कि भविष्य में इस तरह की पुनरावृत्ति पायी गयी तो सम्बन्धित के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही की जायेगी।

उन्होंने कहा शिल्पी घोरावल मार्ग से अवैध ओवरलोडिंग व अवैध परिवहन की शिकायतें प्राप्त हो रही है, सम्बन्धित थानाध्यक्ष, ए0आर0टी0ओ0 व खनन विभाग की टीम संयुक्त रूप से ओवरलोडिंग पर प्रतिबन्ध लगाने हेतु प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करें, बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि वन क्षेत्र में भी अवैध खनन व अवैध पेड़ों की कटाई से सम्बन्धित शिकायतें प्राप्त हो रहे हैं, वन विभाग व पुलिस विभाग तथा खनन विभाग की टीम संयुक्त रूप से प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करें, इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जायें, बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि ए0आर0टी0ओ0 यह सुनिश्चित करें कि जिन गाड़ियों से बालू, गिट्टी व अन्य सामग्रियों का परिहवन किया जाता है, उन गाड़ियों में फिक्स नम्बर प्लेट लगी हो, अगर कोई गाड़ी बिना फिक्स नम्बर प्लेट के प्राप्त होती है, तो उसके खिलाफ प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। उन्होंने कहा कि सम्बन्धित थानाध्यक्ष अपने-अपने क्षेत्रों में अवैध खनन व अवैध परिवहन के सम्बन्ध में सूचना अनिवार्य रूप से देना सुनिश्चित करेंगें। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक श्री अशोक कुमार मीणा ने भी उपस्थित अधिकारियों को अवैध खनन व अवैध परिवहन पर नियंत्रण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दियें और कहाकि शासन की मंशा के अनुरूप प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाये।

इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि खनन पट्टा धारक जिन क्षेत्रों में खनन होता है और काफी गहरा गड्ढा हो जाता है, इस बात का साईनेज बोर्ड लगायेंगें कि यहां पर काफी गहरा गड्ढा है, इसके पास न जायें, अन्यथा दुर्घटना हो सकती है। बैठक में अपर जिलधिकारी(वि0/रा0) सहदेव कुमार मिश्र, ज्येष्ठ खान अधिकारी शैलेन्द्र सिंह, ए0आर0टी0ओ0 राजेश्वर यादव, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहें।

जनपद में पशु गणना का कार्य हुआ पूरा, पिछली गणना की तुलना में कुक्कुट पक्षियों की संख्या में 5 गुना हुई वृद्धि

तरूणमित्र न्यूज

सोनभद्र। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी अजय कुमार मिश्रा ने अवगत कराया है कि सोनभद्रध्रॉबर्ट्सगंज (विशाल टंडन)-21वीं पशुधन गणना का कार्य 25 अक्टूबर, 2024 को शुरू किया गया था इस गणना के माध्यम से प्राप्त आंकड़े पशुधन क्षेत्र में विकास और कल्याण के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। जनपद में चल रहे पशु गणना का कार्य पिछले दिनों पूरा हो गया, इस दौरान जनपद के कुल 1563 गांव एवं वार्ड में पशु गणना का कार्य पूरा किया गया, इन गांवों एवं वार्ड में कुल लाख सात हजार पांच सौ उनसठ परिवारों की संख्या थी जों पिछली गणना से 10 प्रतिशत अधिक है, इन परिवारों के बीच जानवरों की कुल संख्या आठ लाख छब्बीस हजार तीन सौ पायी गई। जो पिछली गणना के सापेक्ष 86.89: ही रही। वही गणना में पोल्ट्री फार्म की बात करें तो इनकी संख्या में काफी वृद्धि पाई गई है।

जनपद में पोल्ट्री फार्म एवं मुर्गी पलकों की संख्या में काफी वृद्धि दर्ज की गई, कुक्कुट पक्षियों की पिछली गणना एक लाख एक्यावन हजार चार सौ चौवालिस मे पांच गुना वृद्धि दर्ज की गई है। इस बार की गणना में कुकुट पक्षियों की संख्या कुल सात लाख पच्चासी हजार छ सौ चौतिस पायी गई, सरकार द्वारा लगातार बेरोजगारों को स्वरोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य किया जा रहा है जिससे इस बार पशुपालकों की संख्या में भी इजाफा हुआ जिनमें खास तौर पर पोल्ट्री फार्म की संख्या बढ़ी है। उन्होंने बताया कि पशुधन गणना के बारे में विस्तार से बताते हुए मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी सोनभद्र डॉ. अजय कुमार मिश्रा ने बताया कि पशुधन गणना एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है जिसमें देश में पशुओं की संख्या और उनकी नस्लों का विवरण इकट्ठा किया जाता है।

यह गणना पशुपालन और डेयरी विभाग द्वारा हर पांच साल में की जाती है, जिसका उद्देश्य पशुधन क्षेत्र में विकास और कल्याण के लिए विभिन्न सरकारी योजनाओं और पहलों के लिए मूल्यवान इनपुट प्रदान करना है। गणना में पालतू जानवरों की 15 प्रजातियों को शामिल किया जाता है। गणना में पशुओं की विभिन्न नस्लों का विवरण भी इकट्ठा किया जाता है, जिससे उनकी संरक्षण और प्रजनन कार्यक्रमों के लिए मदद मिलती है। पशुधन गणना के आंकड़े पशुधन क्षेत्र में आर्थिक विकास और कल्याण के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

चकबंदी कर्ता संघ के जिला अध्यक्ष बने भारत राज सिंह

सदर तहसील सभागार में पर्यवेक्षक चुनाव अधिकारी ने की घोषणा

तरूणमित्र न्यूज

सोनभद्र। चकबंदी कर्ता संघ राजस्व निरीक्षक पदाधिकारी का शुक्रवार को रावटसगंज सदर तहसील लेखपाल सभागार में पर्यवेक्षक व चुनाव अधिकारी के नेतृत्व में सर्वसम्मत के सहमति अनुसार निर्वाचन संपन्न करते हुए पदाधिकारी की हुई घोषणा।

पर्यवेक्षक लेखपाल संघ जिला अध्यक्ष सुबोध कुमार सिंह ने बताया कि शुक्रवार को तहसील परिसर लेखपाल सभागार में पूर्व में सूचना के अनुसार चकबंदी कर्ता संघ राजस्व निरीक्षक पदाधिकारीयो का चुनाव कराया गया। जिसमें सब की उपस्थिति व सबकी सहमति से पदाधिकारीयो को निर्विरोध घोषित किया गया जिसमें जिला अध्यक्ष बने भरत राज सिंह व राजेश कुमार राय बने मंत्री, वरिष्ठ उपाध्यक्ष इंद्रसेन सिंह, बृजेश कुमार श्रीवास्तव कोषाध्यक्ष, महेंद्र कुमार सिंह ऑडिटर के पद पर निर्विरोध निर्वाचित हुए जिनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए बधाई दी गई।

इस मौके पर चुनाव अधिकारी तहसील लेखपाल अध्यक्ष संजय सिंह, पूर्ति चुनाव अधिकारी साजिद खा वारसी शाहिद अन्य लोग मौजूद रहे।

एनटीपीसी विंध्याचल में वारली आर्ट वर्कशॉप का हुआ आयोजन

तरूणमित्र न्यूज

सोनभद्र। एनटीपीसी विंध्याचल की महिला क्लब 'सुहासिनी संघ' ने दिनांक 2 से 8 मई 2025 तक एक जीवंत और रोचक वारली आर्ट वर्कशॉप का आयोजन किया, जिसका उद्देश्य सदस्यों में रचनात्मकता, आत्म-अभिव्यक्ति और सांस्कृतिक सराहना को प्रोत्साहित करना था। हमारे देश की समृद्ध परंपराओं में निहित वारली कला, प्रतिभागियों को अपनी कलात्मक प्रतिभा खोजने और सांस्कृतिक विरासत से जुड़ने का एक उत्तम माध्यम साबित हुई।

कार्यशाला में विशेषज्ञ वारली कला प्रशिक्षकों द्वारा जीवंत डेमो, हाथों-हाथ पेंटिंग सत्र और क्लब की महिलाओं द्वारा बनाए गए सुंदर कलाकृतियों की प्रदर्शनी शामिल थी। इस सत्र ने प्रतिभागियों को इस पारंपरिक कला रूप की विशिष्ट, प्रतीकात्मक डिजाइनों के माध्यम से अपनी कहानियाँ और भावनाएँ व्यक्त करने के लिए प्रेरित किया। यह पहल सदस्यों की उत्साही भागीदारी और अत्यंत सकारात्मक प्रतिक्रिया के साथ संपन्न हुई। प्रतिभागियों ने इस अनुभव को न केवल ज्ञानवर्धक और शिक्षाप्रद बताया, बल्कि इसे मानसिक रूप से भी अत्यंत सुखदायक और थेरेप्यूटिक बताया। कार्यशाला की सफलता, महिलाओं को सांस्कृतिक और रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से सशक्त बनाने की दिशा में सुहासिनी संघ की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की मनाई गई जयंती

तरूणमित्र न्यूज

सोनभद्र। विन्ध्य कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय राबर्ट्सगंज में वीरशिरोमणि शौर्य व पराक्रम के प्रतीक महाराणा प्रताप की 485वीं जयंती मनायी गयी। कार्यक्रम के आरम्भ में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ0 अंजली विक्रम सिंह द्वारा सरस्वती प्रतिमा व महाराणा प्रताप के चित्रपर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए डॉ0 अनिश सिंह ने कहा की मध्य कालीन इतिहास के 1000 वर्षों के अन्तराल में सनातनी परम्परा के शूर वीर महाप्रतापी राणा प्रताप ने एक ऐतिहासिक वीरता का परिचय दिया।

उन्होने 29 साल के शासन में अपने स्वार्थो को त्याग कर सर्वत्र अपने राजपूताना रियासत के सम्मान एवं समृद्धि के लिए प्रयत्नशील रहे। उन्होने मुगलो को कई युद्धो में युद्ध छोड़ कर भागने पर मजबूर किया। महाविद्यालय की प्राचार्या ने अपने सम्बोधन में कहा की वीरशिरोमणि महाराणा प्रताप भारतीय इतिहास के पैसे महानायक है जिन्होने अपने मान सम्मान और स्वाभीमान की रक्षा के लिए अपना सबकुछ न्योछावर कर दिया। महाराणा प्रताप केवल एक नाम नहीं बल्कि भारतीय स्वाभीमान आत्म सम्मान और अडिग राष्ट्र भक्त का प्रतिक है। हल्दी घाटी के युद्ध में अकबर की विशाल सेना का सामना करते हुए उन्होने जो वीरता दिखाई व आज भी राष्ट्र भक्त और स्वाभिमान की प्रेरणा देती है। उनकी जयंती न केवल उनके जन्म का उत्सव है बल्कि उनके आदर्शो विरासत और भारत की सांस्कृतिक धरोहर ने दिये गये अमूल्य योगदान का सम्मान भी है व मुगल साम्राज्य के खिलाफ वीरता पूर्ण संघर्ष के लिए जाने जाते है। इसी कारण राजस्थान की मिट्टी चंदन से कम नही है। हम सभी लोगो का उनके वीरता साहस और पराक्रम से सीख लेने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महाविद्यालय के मुख्य ट्रस्टी डॉ0 अजय कुमार सिंह, डॉ0 कैलाश नाथ, डॉ0 अरुणेन्द्र संदल, डॉ0 मालती, डॉ.0 अनुग्रह सिंह, पंकज सिंह, मनीश, तथा समस्त शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित थे।

नपा प्रशासन ने प्लास्टिक अतिक्रमण के खिलाफ चलाया अभियान

रावर्ट्सगंज नगर महिला थाना तिराहे से रेलवे क्रासिंग तक चला अभियान

तरूणमित्र न्यूज

सोनभद्र। रावटसगंज नगर पालिका पुलिस प्रशासन द्वारा शुक्रवार को नगर के महिला थाने से रेलवे क्रासिंग तक प्रतिबंधित प्लास्टिक व नगर में नाली व पटरी पर किए गए अवैध अतिक्रमण को हटवाने को लेकर अभियान चलाया गया। छापेमारी अभियान में प्रतिबंधित पॉलीथिन की छापेमारी करते हुए 16किलो 400 ग्राम प्रतिबंधित पॉलिथीन जप्त की गई तथा रुपए 25000 हजार का चालान भी किया गया।

इस संदर्भ में नपा अध्यक्ष रूबी प्रसाद व अधिशासी अधिकारी विजय कुमार यादव ने बताया कि नगर पालिका प्रशासन द्वारा प्रतिबंधित प्लास्टिक अथवा अवैध अतिक्रमण के खिलाफ पुलिस नगर पालिका प्रशासन द्वारा संयुक्त रूप से टीम बनाकर प्रतिदिन छापेमारी व अवैध अतिक्रमण हटाने की करवाई कराई जा रही है। इस मौके पर नगर पालिका के कर्मचारी सुजीत कुमार सफाई नायक व नगर पालिका के कर्मचारी सूरज मिश्रा, प्रिंस सोनकर, नीरज कश्यप, राजीव गुप्ता उपस्थित रहें।

जिलाधिकारी ने नपा क्षेत्रान्तर्गत अमृत कार्यक्रम अन्तर्गत निर्माणाधीन सीवरेज योजना, पेयजल योजना, रोड पुर्नस्थापना की समीक्षा बैठक कर प्रगति के बारे में ली जानकारी

तरूणमित्र न्यूज

मीरजापुर। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में नगर पालिका परिषद, मीरजापुर क्षेत्रान्तर्गत अमृत कार्यक्रम अन्तर्गत निर्माणाधीन सीवरेज योजना, पेयजल योजना, रोड पुर्नस्थापना की समीक्षा बैठक आहूत की गई। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व शिव प्रताप शुक्ल, अधिशासी अभियन्ता, उप्र जल निगम (नगरीय), मो अयाज, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद गोवा लाल, सहायक अभियन्ता, उप्र जल निगम (नगरीय) राज कुमार पटेल, सहायक अभियन्ता, उप्र जल निगम (नगरीय) सिकन्दर पटेल, सहायक अभियन्ता, उप्र जल निगम (नगरीय) अरविन्द राम, सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें। बैठक में जिलाधिकारी ने मीरजापुर पेयजल योजना फेज-1 व फेज-2 की समीक्षा की गयी, जिसमें अधिशासी अभियन्ता, उप्र जल निगम (नगरीय), मीरजापुर द्वारा अवगत कराया गया कि उपरोक्त योजना में कुल 4 फर्मे कार्यरत है। मीरजापुर पेयजल योजना निर्माण हेतु मे जीडीसीएल, नई दिल्ली, रोड रेस्टोरेशन योजना हेतु मे आरएण्डसी इन्फ्रा प्रालि, अयोध्या, एवं पेयजल हाउस कनेक्शन हेतु मे. बीके इन्टर प्राईजेज, आगरा हैं। जिलाधिकारी द्वारा अधिशासी अभियन्ता, मीरजापुर को निर्देशित किया गया कि पेयजल योजना की प्रगति रिपोर्ट कार्यदायी फर्म वार, वार्ड वार सूचना उपलब्ध करायें, जिसमें प्रत्येक फर्म के वर्क स्कोप, मशीनरी, मैनपावर तथा सामग्री की आवश्यकता एवं उपलब्धता की विवरण अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, मीरजापुर से समन्वय स्थापित करते हुए वार्ड वार हाउस होल्ड की सूची प्राप्त करते हुए प्रत्येक वार्ड में सम्पन्न कराये गये कार्य, अवशेष कार्य, सभी फर्मो के ओनर, स्टेट हेड के साथ आगामी समीक्षा बैठक में उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे। यह भी निर्देश दिये गये कि पेयजल योजना, सीवरेज योजना के कितने कार्य प्रस्तावित है, कितना पूर्ण कर दिया गया है, तथा कितना अवशेष है, अवशेष कार्यों पर सम्बन्धित फर्मों द्वारा कितनी मशीनरी, मैनपावर, सामग्री इत्यादि की उपलब्धता का विवरण वार्ड वार उपलब्ध करायें। उन्होंने कहा कि नगर क्षेत्र के प्रत्येक वार्डों के किनती गलियों में रोड, सीवरेज, पेयजल योजना के अन्तर्गत बिछायी गयी पाइप लाइनों के दौरान काटी गयी कितनी गलियों के मार्गों की पुर्नस्थापना का कार्य पूर्ण कराया गया तथा अवशेष रोड-रेस्टोरेशन के कार्यों के पूर्व तथा पश्चात् के फोटोग्राफ्स भी उपलब्ध कराने के निर्देश दिया।

खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग द्वारा किया गया मेडिकल स्टोरों का निरीक्षण

4 दवाओं के संदिग्ध प्रतीत होने पर नमूने संग्रहित कर भेजा गया जांच के लिए लैंब

तरूणमित्र न्यूज

भदोही। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा शुक्रवार को नगर में मेडीकल स्टोर पर नार्कोटिक दवाओं, नकली व अधोमानक दवाओं की अवैध बिक्री तथा भंडारण की रोकथाम के लिए सघन चेकिंग अभियान चलाया गया।

जहां से 4 औषधियों के नमूने संग्रहित कर जांच के लिए लैब भेजा गया। इस दौरान विभाग के निरीक्षक कुमार सौमित्र के नेतृत्व में गठित टीम ने नगर के महाराजा चेतसिंह राजकीय चिकित्सालय ज्ञानपुर के सामने स्थित श्रीवास्तव मेडिकल स्टोर, पांडेय मेडिकल स्टोर व जनता मेडिकल स्टोर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान संदिग्ध प्रतीत हो रही 4 औषधियों के नमूने उन मेडिकल स्टोरों से संग्रहित किया गया। जिसको जांच के लिए लैब में भेज दिया गया। विवेचना के उपरांत औषधि अधिनियम के तहत उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान औषधि निरीक्षक ने सभी मेडिकल स्टोर संचालकों को निर्देशित किया कि शासन द्वारा जो संख्या निर्धारित की गई है।

उतनी मात्रा में ही नार्कोटिक दवाओं का भंडारण करें। साथ ही चिकित्सकों के पर्चे के माध्यम से ही नार्कोटिक दवाओं की बिक्री करें। उन्होंने सभी मेडिकल स्टोर संचालकों को सख्त हिदायत दी कि यदि किसी भी दुकानदार द्वारा बगैर चिकित्सकों की पर्चे के नार्कोटिक दवाओं की बिक्री करते हुए पाया गया अथवा निर्धारित संख्या से अधिक नार्कोटिक दवाओं का भंडारण उनके मेडिकल स्टोर में जांच के दौरान मिला तो उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। औषधि निरीक्षक ने समस्त थोक दवा के विक्रेताओं को निर्देशित कि किया

कि दवा सिर्फ लाईसेंसधारकों को ही पक्के बिल के साथ विक्रय करें। औषधि प्रतिष्ठान पर सीसीटीवी कैमरे लगाए।

शुक्रवार साप्ताहिक परेड की एसपी ने ली सलामी

तरूणमित्र न्यूज

भदोही। एसपी अभिमन्यु मांगलिक ने पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में साप्ताहिक शुक्रवार परेड की सलामी ली एवं परेड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के पश्चात उन्होंने शारीरिक एवं मानसिक रूप से फिट रहने के लिए परेड की दौड़ लगवाई गई।

इस दौरान एसपी ने परेड में एकरूपता व अनुशासन बनाए रखने के लिए टोलीवार ड्रिल की कार्रवाई का निरीक्षण कर उसे और बेहतर तरीके से कराने के लिए संबंधित को निर्देशित किया गया। उन्होंने पीआरवी वाहनों का निरीक्षण कर उपलब्ध समस्त आपातकालीन उपकरणों को चलवाकर चेक किया। प्रभारी यूपी 112 को निर्देशित किया गया कि पीआरवी वाहनों व उसके उपकरणों की लगातार चेकिंग करें। पीआरवीकर्मी अपने-अपने स्थान पर सतर्क दृष्टि रखते हुए पब्लिक की सुरक्षा और सेवा में समर्पित रहें। एसपी ने पुलिस लाइन निरीक्षण के दौरान ट्रैफिक कमांड कंट्रोल का भी निरीक्षण किया। तत्पश्चात क्वार्टर गार्ड, जीडी कार्यालय, कैश कार्यालय, शस्त्रागार, बैरक,भोजनालय व परिवहन शाखा आदि को चेक किया गया। शस्त्रागार प्रभारी को शस्त्रों की साफ-सफाई रखने व गार्द कमांडरों के रजिस्टरों की चेकिंग कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

पुलिस बैरकों व आवासों का निरीक्षण कर संबंधित को साफ-सफाई आदि के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।साप्ताहिक अर्दली रूम के दौरान विभिन्न रजिस्टरों को चेक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बाढ़ प्रभावित ग्राम पंचायतों के हैंडपंपों की कराएं मरम्मतः डीएम

तरूणमित्र न्यूज

भदोही। डीएम शैलेश कुमार की अध्यक्षता में बाढ़ स्टीयरिंग कमेटी एवं ड्रेनों के पुनर्स्थापना, सिल्ट सफाई के कार्यों विषयक पर शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक हुई। जिसमें डीएम ने जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के मोटर बोट को मरम्मत कराकर अपर मुख्य अधिकारी या पुलिस चौकी सीतामढ़ी को सुपुर्द करने के निर्देश दिए।

इस दौरान डीएम ने डीपीआरओ को निर्देशित किया कि बाढ़ प्रभावित ग्राम पंचायतों में निचले क्षेत्रों के हैंडपंपों की मरम्मत कराते हुए क्षेत्र के सभी शौचालयों की क्रियाशीलता सक्रिय रखें। बाढ़ समय में मौसमी महामारी के दृष्टिगत सीएमओ को ब्लीचिंग पाउडर एवं अन्य आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वर्षा ऋतु के पहले मोरवा व वरुणा नदी के जीर्णोधार पर बल दिया। नोडल अधिकारी कुंवर वीरेंद्र मौर्य एवं समन्वय अधिकारी, एक्सईएन ज्ञानपुर नहर प्रखंड सुधीर कुमार पाल ने बाढ़ पूर्व तैयारी 2025 के संदर्भ में अवगत कराया कि विगत वर्षों के आधार पर प्रभावित होने वाले ग्रामों की संख्या 212, बाढ़ चौकियां

22, बाढ़ राहत शिविर 22, बाढ़ चौकी से संबंध ग्राम 212, 40 छोटी नाव, 15 बड़ी नाव, 10 मझौली नाव, सरकारी नाव एक, मोटर बोट तीन, आबादी ग्राम में गोताखोर 13 है। बाढ कंट्रोल रूम नंबर की जानकारी दी। जनपद में वर्ष 1978 एवं 1982 में बाढ़ से प्रभावित हुआ।

जनपद के सीतामढ़ी स्थित सीडब्लूसी गंगा गेज आंकड़ों के अनुसार जनपद में गंगा नदी का चेतावनी जनपद के अधिकांश भाग में गंगा का बैंक एचएफएल से उपर है। परंतु डीघ एवं औराई ब्लाक के कुछ ग्राम जो बिल्कुल गंगा नदी से सटे है। एचएफएल से नीचे होने के कारण बाढ़ से प्रभावित होते है। जनपद की अन्य नदियां वरूणा एवं मोरवा है। जो अत्यधिक वर्षा एवं गंगा के बैक फलों होने पर निम्न लेबल पर स्थित ग्राम जल जमाव से प्रभावित होते है।

इस मौके पर सीडीओ डॉ.शिवाकांत द्विवेदी, एएसपी शुभम अग्रवाल, सीएमओ डॉ.संतोष कुमार चक, एसडीएम शिव प्रकाश यादव, अरुण गिरी व अन्य संबंधित अधिकारी द्वारा अपने विभाग से संबंधित कार्यों की अध्ययन अद्यतन जानकारी दी गई।

विद्यालय ग्रांट अनियमित के आरोप में प्रधानाध्यापक निलंबित

विद्यालय को सजाने संवारने में हेड मास्टर की नहीं रही दिलचस्पी

जौनपुर। जिले के धर्मापुर विकासखंड के कंपोजिट विद्यालय मंगरवा में निरीक्षण के दौरान विद्यालय के ग्रांट की अनियमितता पाए जाने पर बीएसए द्वारा विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक अमरनाथ यादव को निलंबित कर दिया गया।

खंड शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार वैश्य धर्मापुर द्वारा 28 अप्रैल को सुबह 10 बजे कंपोजिट विद्यालय मंगरावां का निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के दौरान पाया गया था कि विद्यालय की रंगाई पुताई कई वर्षों से नहीं हुई थी। 2024-25 में प्रेषित कंपोजिट ग्रांट के धनराशि का विद्यालय में कोई भी उपयोग नहीं किया गया था। जबकि शैक्षिक सत्र समाप्त हुए 27 दिन व्यतीत हो चुका था। पूर्व के वर्षों में भी कंपोजिट ग्रांट की धनराशि का विद्यालय में सदुपयोग नहीं हुआ था। विद्यालय के आंतरिक व बाहरी कक्षा में टीएलएम बाल अधिकार मध्यान भोजन का मीनू इत्यादि का किया गया पेंट भी अत्यधिक पुराना पाया गया था। प्रभारी प्रधानाध्यापक अमरनाथ यादव द्वारा विद्यालय के विकास संबंधी कार्य में कोई रुचि नहीं ली जा रही थी। ग्रांट की धनराशि का दुरूपयोग किया गया था। जिस पर खंड शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार वैश्य ने बीएसए डा. गोरखनाथ पटेल को आख्या प्रेषित कर दिया था। जिस पर बीएसए ने कार्यवाही करते हुए प्रभारी प्रधानाध्यापक अमरनाथ यादव को निलंबित करे हुये पूर्व माध्यमिक विद्यालय गोपालपुर से संबद्ध कर दिया गया। इस सन्दर्भ में पूछे जाने पर बीएसए डा. गोरखनाथ पटेल ने बताया कि आख्या के आधार पर निलंबन की कार्यवाही की गई है। प्रकरण की जांच के लिये खंड शिक्षा अधिकारी विकासखंड करंजाकला श्रवण कुमार यादव को नामित किया गया है।

वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत

शाहगंज। क्षेत्र के बड़ौना गांव के समीप शुक्रवार की दोपहर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्यवाई में जुटी है। मौत की मनहूस खबर मिलने पर स्वजनों में कोहराम मच गया। बड़ागांव निवासी देवेंद्र कुमार अग्रहरि 48 शुक्रवार की दोपहर क्षेत्र के चिरैया मोड़ पर अपनी बाइक से किसी काम से गया था। घर वापस आते समय बडौना गांव के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौके पर उसकी मौत हो गई। सूचना पहुंची पुलिस ने आनन फानन में उसे पुरुष चिकित्सालय लाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस में शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजते हुए विधिक कार्रवाई में जुटी है। मौत की मनहूस खबर मिलने पर स्वजनों में कोहराम मच गया।

विषपान से युवक की गई जान

जौनपुर। संदिग्ध परिस्थितियों में विषाक्त का सेवन करने वाले युवक की उपचार के दौरान जिला अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सूत्रों के मुताबिक जलालपुर थाना क्षेत्र के चकिया हसनपुर गांव निवासी धर्मेंद्र उम्र लगभग 40 वर्ष पुत्र रामधारी शुक्रवार दोपहर संदिग्ध परिस्थितियों में कीटनाशक का सेवन कर लिया और जब उसकी हालत बिगड़ने लगी तो परिजन उसे तुरंत जिला अस्पताल पहुंचा कर भर्ती करवाए। हालांकि उपचार के कुछ समय पश्चात उसकी मौत हो गई।

क्षेत्र पंचायत की बैठक में साढ़े चार करोड़ का प्रस्ताव पास

शाहगंज। जिले के सुईथाकला ब्लाक मुख्यालय के सभागार में शुक्रवार को साढ़े बारह बजे क्षेत्र पंचायत सदस्यों व प्रधानों की बैठक की गई।

ग्राम पंचायतों के विकास को लेकर साढ़े चार करोड़ का प्रस्ताव रखा गया। बैठक में सरकार के विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने एक राष्ट्र, एक चुनाव होने के लिए ध्वनमति से अपनी सहमति जताई। ब्लाक प्रमुख श्रीमती विद्या तिवारी ने कहा कि गांव के विकास, सुरक्षा, शिक्षा और चिकित्सा के लिए सरकार कटिबद्ध है। उन्होंने क्षेत्र पंचायत सदस्यों को भरोसा दिया कि गांव के विकास लिए धन की कमी नहीं रहेगी। उपस्थिति सभी सदस्यों से काम के लिए प्रस्ताव लिया। जिला पंचायत सदस्य रविन्द्र विन्द ने वर्तमान केन्द्र व प्रदेश सरकार के कार्यों को सराहा। खंड विकास अधिकारी जीतेन्द्र सिंह ने पूर्व के कार्य योजनाओं के बारे में कहां कहां विकास कार्य हुए हैं उसकी जानकारी दिया। उन्होंने सभी क्षेत्र पंचायत सदस्यों व प्रधानों को बताया कि हमारे स्तर से आप लोगों के किसी भी काम को रोका नहीं जाएगा। सदन में क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रशांत पाण्डेय कहा कि सूचना के बावजूद बिजली विभाग व खाद्य रसद व जल निगम के किसी भी अधिकारी व कर्मचारी मीटिंग में गायब रहते हैं न आने पर सभी सदस्यों ने निन्दा प्रस्ताव पारित किया। क्षेत्र पंचायत सदस्य तारा प्रणय तिवारी ने सदन के माध्यम से प्रमुख से मांग किया कि गांवों मे आवास का सर्वे का काम चल रहा है सरवेयर हम लोगों के बिना सूचना दीए सर्वे कर रहे हैं। उनको निर्देश दिया जाय कि बीडीसी सदस्यों को सूचित करके सर्वे किया जाय। प्रधान दीपाईपुर रामसकल विन्द ने सदन में कहा कि हमारे मनरेगा के तहत दीए हुए कार्यों को सेक्योर्य नहीं किया जाता है क्यों। उनके सवाल के जबाव में खंड विकास अधिकारी जीतेन्द्र सिंह ने बताया कि जब से मैं यहां हूं तब से कोई फाईल पेंडिंग हैं तो तत्काल उसको करवाते हैं। बैठक में एडीओएजी कृषि बाल पुष्टाहार, पशु विभाग से आदि लोगों ने अपने विभाग से गांव में क्या फायदा हो सकता है उसकी विस्तृत जानकारी दी। अंत में एक राष्ट्र, एक चुनाव का प्रस्ताव लाया गया। जिस पर सदन में सभी सदस्यों ध्वनि मति से अपना समर्थन किया गया। कार्यक्रम के शुरूवात में पहल गांव में 22 अप्रैल को आतंकियों के द्वारा मारे गए निर्दोष सैलानियों के मारे जाने पर दो मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि दी गई। बैठक का संचालन एडीओ पंचायत जयप्रकाश मौर्य ने किया। बैठक में प्रमुख प्रतिनिधि डा. उमेश चंद्र तिवारी, प्रधान रमेश विन्द, छोटेलाल विन्द, कृष्ण कुमार श्रीवास्तव, प्रधान राजेंद्र यादव, अजय चौधरी, महेन्द्र कुमार, प्रधान मनवोध, बीडीसी अजीत सिंह गया प्रसाद पांडेय, शारदा देवी, संजय कुमार सिंह, अशोक सिंह, सहित सभी ब्लाक कर्मचारीगण भी मौजूद रहे।

आवेदन की बढ़ाई गई तिथि

जौनपुर। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने अवगत कराया है कि जनपद में समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत में शैक्षिक सत्र 2025-26 में शासन के निर्देश के क्रम में यूपीएससी, यूपीपीसीएस, नीट-यूजी, आईआईटी-जेई एवं एक दिवसीय परीक्षा की कक्षाओं का निःशुल्क संचालन किया जाना है, आवेदन फार्म प्राप्त करने की अंतिम तिथि सात से बढ़ा कर 20 मई तक कर दिया गया है। फार्म जनक कुमारी इण्टर कालेज हुसेनाबाद एवं समाज कल्याण विभाग विकास भवन प्रथम तल कमरा नं0 115 में समय प्रात: 10:00 बजे से सायं 05:00 तक आकर ले सकते है। प्रवेश परीक्षा तिथि एक से सात जून के मध्य होना तय है।

गन्ना की फसलों को विनाशकारी कीटों से बचाएं

जौनपुर। जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने किसान भाईयों को अवगत कराया है कि कतिपय जनपदों में गन्ना में पाइरिला पेर्पुसिला का प्रकोप परिलक्षित हो रहा है यह गन्ने की प्रमुख विनाशकारी कीटों में से एक है। मादा पाइरिला दिन के समय पत्तियों के मध्य सिरा के साथ-साथ पीछे की सतह पर अंडे देती है और यह अंडे देने के लिए मध्य सिरा के पास पत्तियों के निचले छायादार और छिपे हुए हिस्से को पसन्द करती है। नए उभरे निम्फ 0.8-1.0 मिमी लम्बे दूधिया सफेद रंग के होते है, पाइरिला एक हल्के पीले रंग का मुलायम शरीर वाला कीट है, जिसका सर आगे की तरफ झुका होता है, पाइरिला वयस्क और निम्फ दोनों ही गन्ने के पत्तियों के नीचे से रस चूसते है लेकिन अधिकांश नुकसान निम्फ के कारण होता है, पत्तियों के रस चूसने के कारण पत्तियां पीली होकर मुरझा जाती है। पाइरिला पेर्पुसिला के बचाव के लिये रोपण से पहले सेट्स को क्लोरपायरीफांस 20 ई.सी. का 2 मिली/लीटर पानी की दर से घोल में डुबोकर बुवाई करनी चाहिए और मेटारिजियम एनीसोप्लिया 107 स्पोर/मिली. की दर से पर्णीय छिड़काव करें और पाइरिला के अंडे को इकठ्ठा कर नष्ट कर देना चाहिए।

दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

जौनपुर। गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में बारात देखने गई बालिका के साथ दुष्कर्म का आरोपित काफी मशक्कत के बाद उस वक्त गिरफ्तार किया गया। जब वह देवाकलपुर चौराहे के पास से कहीं जाने के लिए वाहन का इंतजार कर रहा था। रविवार की रात थाना क्षेत्र के एक गांव में बारात के दौरान जयमाल देखने के लिए पहुंची 10 वर्षीय बालिका को आरा गांव का निवासी राजेश राजभर मुंह दबाकर झाड़ियों में खींच ले गया था तथा दुष्कर्म की घटना को अंजाम देकर फरार हो गया था। बालिका की माता की तहरीर पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपित की तलाश कर रही थी। थानाध्यक्ष फूलचंद पांडेय ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर गुरुवार की रात लगभग 10:30 बजे देवाकलपुर चौराहे से आरोपित राजेश राजभर को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार करने वाले टीम में उपनिरीक्षक रामलाल, संतोष कुमार, हेड कांस्टेबल वीरेंद्र यादव, कांस्टेबल मधुबन वर्मा तथा कांस्टेबल विशाल कुमार शामिल रहे। पुलिस ने शुक्रवार को आरोपित का चालान कर न्यायालय भेज दिया।

सड़क दुर्घटना में एक की मौत, तीन की हालत गंभीर

जौनपुर। मछलीशहर कोतवाली क्षेत्र के परसूपुर गांव के निकट हुए सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई, जबकि तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों घायलों का इलाज जिला अस्पताल मे चल रहा है।

क्षेत्र के सहिजदपुर गांव निवासी 23वर्षीय आयुष गौतम पुत्र दिनेश गौतम अपने ही गांव के ही 27वर्षीय गोलू के साथ पंवारा में अपनी मौसी के लड़के विकास के यहां एक वैवाहिक कार्यक्रम में जा रहे थे। वहीं 22 वर्षीय विशाल यादव निवासी टीडी कालेज लाइन बाजार अपने मित्र 20 वर्षीय आदित्य पांडेय निवासी चौकड़ी, छावनी जिला बस्ती के साथ बाइक से प्रयागराज जा रहे थे। दोनों वही रहकर परीक्षा की तैयारी करते हैं। बाइक सवार दोनों जौनपुर रायबरेली हाइवे पर परसूपुर गांव के निकट पहुंचे ही थे कि ओवरटेक के प्रयास में एक बाइक दूसरी बाइक के हैंडल से टकरा गई और बाइक अनियंत्रित होकर सड़क के बगल गड्ढे में चली गई। जबकि दूसरी बाइक हाइवे के बीचों बीच गिर पड़ी। बाइक से छिटक कर आयुष हाइवे से गुजर रहे ट्रक के नीचे आ गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और तीनों घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी भेजवाया। चिकित्सक ने तीनों की हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। मृतक आयुष के तीन भाई और तीन बहन है। आयुष भाइयों में सबसे बड़ा है, मौत की सूचना पाते ही परिजन में कोहराम मचा हुआ है।

नगर में फिर हुई चेन स्नैचिंग की घटना

जौनपुर। शहर में चेन चोरी करने वाली महिलाओं का एक गिरोह सक्रिय है जो ई- रिक्शा में महिलाओं की चेन पर कर उड़ जा रही है। आजमगढ़ के मेहनाजपुर गांव की मधु सिंह के साथ भी शुक्रवार को दोपहर में कलेक्ट्रेट गेट के सामने चेन स्नैचिंग की घटना सामने आई है। मधु सिंह अपनी दीदी के साथ जमीनी विवाद के संबंध में कलेक्ट्रेट में अधिकारियों के पास समस्या लेकर आई थीं।

मधु ने बताया कि वह मेहनाजपुर से सिपाह तक आईं। वहां से ई दिक्शा में सवार होकर कचहरी गेट की तरफ जा रही थीं। रिक्शे में उनके साथ दो अन्य महिलाएं भी सवार थीं। कचहरी गेट पर उतरने के बाद जब उन्होंने अपनी दीदी को फोन करने के लिए मोबाइल निकाला, तब उन्हें पता चला कि उनके गले में पहनी सोने की चेन गायब है। पीड़िता ने कलेक्ट्री गेट के सामने हुई इस घटना की शिकायत थाने में दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इसी प्रकार एक घटना नगर के ताड़तला मोहल्ला निवासी एक महिला की सोने की कीमती सोने की चेन ई रिक्शा में महिलाओं ने काट लिया। इस बारे में पीड़ित महिला ने एक सप्ताह पहले पुलिस को तहरीर देकर एफआईआर दर्ज करने का आग्रह किया तो प्राथमिकी दर्ज नहीं की गयी न कोई कार्यवाही की गयी। जिस ई रिक्शा में घटना हुई उसके चालक को पुलिस ने पकड़ा और शाम को छोड़ दिया। जब पीड़ित महिला पुलिस अधीक्षक से मिलकर लिखित रूप से प्रकरण के बारे में बताया तो एफआईआर दर्ज किया गया। उक्त मोहल्ले की गीता देवी पत्नी मोहन लाल सेठ 17 अप्रैल को सदभावना पुल के पास काम से गयी थी, वहां पर ई रिक्शा से अपनी पुत्री के साथ लौटने लगी इसी दौरान कई महिलायें व किशोरियां भी उसमें जबरन सवार हो गयी। कुछ देर बाद महिलाओं ने पैर कुचलना शुरू कर दिया जब वह नीचे झुककर देखने लगी तो महिलाओं ने उनका करीब 20 ग्राम का दो लाख की सोने की चेन और लाकेट पार कर दिया। कुछ देर बाद जब उन्हे चेन चोरी होने का पता लगा तो पुलिस को तहरीर दिया।

जनता को दी गई बैंक योजनाओं की जानकारी

चौपाल में भाग लेते लोग।

जौनपुर। उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा लोहिंदा ब्लाक महाराजगंज में आज चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें वित्तीय समावेशन प्रबंधक सुमित कुमार मिश्रा व शाखा प्रबंधक नीरज कुमार मिश्रा द्वारा क्षेत्रीय जनता को जागरूक करने के उद्देश्य बैंकिंग सुविधाओं की विभिन्न तरह की जानकारियां दी गई उल्लेखनीय है। कि क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा निरंतर एक सप्ताह से विभिन्न शाखों में चौपाल का आयोजन किया जा रहा है जो अपने में लोक हितकारी कार्य है। इस अवसर पर वित्तीय समावेशन प्रबंधक सुमित कुमार मिश्रा द्वारा एक मई से उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक में बड़ौदा यूपी बैंक आर्यावर्त बैंक प्रथमा उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक के विलय के बारे में जानकारी दी गई वित्तीय समावेशन अधिकारी सुमित कुमार मिश्रा ने भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न प्रकार के सामाजिक सुरक्षा योजना सी एम युवा ऋण योजना एचसीजी ग्रुप जैसी कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से समझाया और उन्हें बैंक की मुख्य धारा से जुड़कर सरकारी योजनाओं के लाभ हेतु प्रेरणा दिया।

डा. उत्तम गुप्ता ने दिव्यांगों को वितरित किया कॉपी, कलम और मिष्ठान

जौनपुर। शुक्रवार को सूरदास की जयंती के अवसर पर आरएसएस के अनुसांगिक संगठन सक्षम जिला जौनपुर काशी प्रांत के तत्वाधान में दिव्यांग बच्चों के बीच में रचना विशेष विद्यालय पर संगोष्ठी का आयोजन हुआ जिसमें सक्षम के जिलाध्यक्ष डा. उत्तम कुमार ने सूरदास के जीवन के जीवन का परिचय दिया और उनके द्वारा किए गए महान कार्यों पर प्रकाश डाला। तत्पश्चात् लगभग 50 दिव्यांग बच्चों में कॉपी, कलम और मिष्ठान का वितरण किया गया।

इस अवसर पर नसीम विद्यालय के संस्थापक ने सभी लोगों का स्वागत किया। इस संगोष्ठी में सक्षम के जिला सचिव करम वीर, उपाध्यक्ष डा. पीके सिंह, महिला प्रमुख उर्वशी, सह महिला प्रमुख आराधना श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष नवीन, सह सचिव डा. मंगल साइकोलॉजिस्ट डा. साधना मौर्या और विद्यालय के सभी अध्यापक उपस्थित रहे।

दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ करते डा. उत्तम गुप्ता।

कृषकों के लिए खेती में सुनहरा अवसर

जौनपुर। जिला उद्यान अधिकारी डा. सीमा सिंह राणा ने अवगत कराया है कि अनुसूचित जाति और जनजाति वर्ग के किसानों को औद्यानिक खेती के बाबत प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकार की ओर से औद्यानिक विकास योजना बनाई गई है। इसके तहत अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग के किसानों को सब्जियों, फूल और मसाला की खेती के लिए 75 से 90 प्रतिशत तक अनुदान दिया जाएगा।

योजना के तहत निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति के लिए विभाग ने प्रयास भी तेज कर दिया गया है। प्रदेश में अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति वर्ग के किसानों के उत्थान के लिए सरकार की ओर से योजना शुरू की गई है। योजना को सफल बनाने के लिए उद्यान विभाग ने किसानों के चयन की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। विभाग को शासन की ओर से औद्यानिक खेती के लिए लक्ष्य भी प्राप्त हो गया है। इसके तहत योजना का लाभ लेने के लिए इच्छुक अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के किसानों को सरकारी अनुदान दिया जाएगा। योजना में प्रथम आवक प्रथम पावक के आधार पर लाभ मिलेगा। कद्दूवर्गीय सब्जी, शिमला मिर्च, खरीफ प्याज, रोज कटिंग, गेंदा व आईपीएम आदि की खेती के लिए योजना के तहत 75 से 90 प्रतिशत अनुदान दिया जाना है। शासन की ओर से उद्यान विभाग को कद्दू वर्गीय 11 हे0, टमाटर 11 हे0, हरी मिर्च 06 हे0, गेंदा 06 हे0, आई0पी0एम0 चार हे0 व खरीफ प्याज 15 हे0 का लक्ष्य दिया गया है। अधिक जानकारी हेतु किसी भी कार्य दिवस मे किसान भाई आधार कार्ड, बैक पासबुक, खतौनी एवं दो फोटोग्राफ के साथ कार्यालय मे पंजीकरण कराने हेतु सम्पर्क कर सकते है।

अभियुक्त को दस वर्ष की कठोर कैद

जौनपुर। पुलिस महानिदेशक द्वारा चलाये जा रहे अभियान आपरेशन कनविक्शन के अन्तर्गत मॉनिटरिंग सेल व अभियोजन द्वारा की गयी लगातार प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप नौ मई को न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश / एफटीसी प्रथम, द्वारा धारा 376/452/506 भादवि के अभियुक्त को 10 वर्ष कठोर कारावास तथा मु0 14,000/- रु0 के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। थाना सरायख्वाजा पर पंजीकृत मु0अ0सं0-298/2019 धारा 376/452/506 भादवि के आरोपी अभियुक्त राहुल उर्फ मुकेश पुत्र रत्तीलाल निवासी सम्दहा थाना सरायख्वाजा को धारा उपरोक्त में अभियुक्त को को 10 वर्ष कठोर कारावास तथा मु0 14,000/- रु0 के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

विधिक साक्षरता जागरूकता शिविर का आयोजन

जौनपुर। जनपद न्यायाधीश अनिल कुमार वर्मा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में एक विधिक साक्षरता जागरूकता शिविर का आयोजन मां शारदा बालिका इंटर कॉलेज खाना पट्टी सिकरारा में आयोजित किया गया। इस अवसर पर अपर सत्र एवं जनपद न्यायाधीश तृतीय/ सचिव प्रशांत कुमार सिंह, डिप्टी चीफ डिफेंस काउंसिल डा. दिलीप कुमार सिंह, काउंसलर देवेंद्र कुमार यादव, खंड शिक्षा अधिकारी अजीत कुमार सिंह, बाल संरक्षण अधिकारी चंदन राय, प्रबंधक जय नारायण सिंह एडवोकेट, अमित सिंह जिला अध्यक्ष माध्यमिक शिक्षक संघ, काउंसलर जिला चिकित्सालय डा. सीमा सिंह, प्रधानाचार्य शरद सिंह, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारी सुनील कुमार मौर्य, राकेश कुमार यादव, पैरालीगल वॉलिंटियर, सुभाष यादव, शिव शंकर सिंह, विद्यालय के शिक्षक गण और छात्र-छात्राएं और संभ्रांत लोग तथा मीडिया का लोग उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सचिव प्रशांत कुमार सिंह ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की उपयोगिता एवं इसके कार्यों पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए बच्चों को सफलता के गुण बताएं और कहा कि निरंतर प्रयास करने वाला सफल होता है। उन्होंने छात्राओं को जागरुक करते हुए पुलिस प्रशासन और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सहायता कैसे ली जाती है। इस बारे में विस्तार से बताया इसके अलावा उन्होंने बालिकाओं के विभिन्न प्रकार के पूछे गए प्रश्नों का भी सरल और सरगर्वित भाषा में उत्तर दिया उन्होंने देश के प्रति संवेदनशील होने और कानून और संविधान के प्रति सम्मान देने पर भी बोल दिया।

डिप्टी चीफ डिफेंस काउंसिल डॉक्टर दिलीप कुमार सिंह ने बताया कि जब देश में मुकदमों की संख्या करोड़ों में पहुंच गई तब न्यायमूर्ति पीएन भगवती और वी कृष्णा अय्यर ने वैकल्पिक न्याय प्रणाली की स्थापना की और 1985 में विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम बना जिससे करोड़ों मुकदमों का निस्तारण हर वर्ष हो रहा है। काउंसलर पारिवारिक न्यायालय देवेंद्र कुमार यादव ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के विभिन्न अंगों मध्यस्थता और सुलह अधिनियम डिफेंस काउंसिल सिस्टम रिटेनर जेल विजिटर पैरालेगल वॉलिंटियर और प्रीलिटिगेशन के बारे में बताते हुए लिंग भेद और कन्या भ्रूण हत्या पर प्रकाश डाला कार्यक्रम के अंत में बोर्ड परीक्षाओं में मेरिट में स्थान प्राप्त करने वाली छात्रों को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रशांत कुमार सिंह के द्वारा सम्मान पत्र दिया गय।

पाकिस्तान की कमर तोड़ने की जरूरत

बरैछामोड़। भारत सरकार द्वारा पहलगाम का बदला सिंदूर नामक कार्रवाई करके विश्व को दिखा दिया वही तलाक कार्रवाई को जनता देखना चाह रही है। विवरण के अनुसार पहलगाम में निहत्थे टूरिस्टों को मौत के घाट उतारने में जिन आतंकवादियों का हाथ रहा उनका सिंदूर नमक ऑपरेशन करके आतंकियों के ठिकानों को तबाह करके दिखा दिया। वहीं भारत द्वारा राजनैतिक चाल चल के पाकिस्तान से बलूचिस्तान को अलग करना, तलाक कार्यवाही में किया जाए जिससे पाकिस्तान की बची खुची कमर भी तोड़कर रख दी जाए सिंदूर की कार्यवाही में सहयोगियों को जय हिंद।

शराब की दुकान हटाने को लेकर आंदोलित हुए ग्रामीण

जौनपुर। जफराबाद क्षेत्र के वसीरपुर गांव में खुली आबकारी विभाग की देशी शराब के दुकान को हटवाने को लेकर ग्रामीण आंदोलित हो गए हैं। दुकान खुलने से नाराज दर्जनों ग्रामीणों ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट पहुंच कर डीएम को सम्बोधित ज्ञापन अतिरिक्त महिला मजिस्ट्रेट को दिया। ग्रामीणों ने बताया कि आबादी के बीच दुकान खुलने से आए दिन विवाद होगा।

बच्चों का भविष्य खराब होगा। ग्रामीणों का कहना है कि पहले जहां दुकान थी। वहां से हटाकर गांव में ही दूसरे छोर पर आशीष पुत्र उदयराज के मकान में खोल दिया गया है। इस ठेके का 20 अप्रैल 2025 को ग्रामीणों ने विरोध किया। जफराबाद थाना पुलिस ने ग्रामीणों को जिलाधिकारी से मिलने की सलाह दी। 21 अप्रैल को जिलाधिकारी से मुलाकात में उन्होंने अबकारी विभाग से जांच करवाने का आश्वासन दिया।

अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देते लोग।

लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने 25 अप्रैल को रजिस्ट्री के माध्यम से और जन सुनवाई में भी शिकायत दर्ज कराई। ग्रामीणों का आरोप है कि ठेका संचालक आशीष उन्हें धमकी दे रहा है। वह कहता है कि शिकायत करने पर ग्रामवासियों को जान से मरवा देगा। ग्रामीणों की चिंता है कि ठेके के रास्ते से स्कूली बच्चे आते-जाते हैं। इससे उनके भविष्य पर बुरा असर पड़ सकता है। उन्होंने या तो ठेके को गांव से बाहर स्थानांतरित करने या फिर उसे बंद करने की मांग की है। ज्ञापन देने वालो में विजय कुमार, मनीष कुमार, दिलीप कुमार, बेबी, जड़ावती, गुड्डी देवी आदि रहे।

धर्मेंद्र सिंह बने स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी संघ के जिलाध्यक्ष

जौनपुर। मुख्य चिकित्सा अधिकारी सभागार में प्रांतीय स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी संघ जनपद शाखा का द्विवार्षिक अधिवेशन/ चुनाव संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष ने किया। कार्यक्रम के चुनाव अधिकारी सह पर्यवेक्षक अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. राजीव कुमार यादव रहे। अधिवेशन में जनपद के समस्त विकास खंडो/ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं जनपद मुख्यालय से आए स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारियों ने सर्वसम्मति से निर्विरोध जनपद कार्यकारिणी का गठन किया। धर्मेंद्र सिंह स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी संघ के दूसरी बार निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किए गए। जिला उपाध्यक्ष विजय बहादुर, महामंत्री राजेंद्र विक्रम सिंह, कोषाध्यक्ष जल्लू सोनकर, संगठन मंत्री सुशील कुमार अस्थाना तथा लेखा संप्रेक्षक शैलेशमणि विश्वास निर्विरोध निर्वाचित हुए।

नव निर्वाचित कार्यकारिणी को अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं सदन में उपस्थित सभी सदस्यों ने पुष्पगुच्छ एवं माला पहना कर हर्षध्वनि के साथ जोरदार स्वागत किया। नव निर्वाचित कार्यकारिणी को पद की शपथ दिलायी गई। नवनिर्वाचित अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि शासन स्तर पर स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारियों की सेवा नियमावली बनवाने, पुरानी पेंशन की बहाली तथा वेतन विसंगति के मुद्दों पर केंद्रीय नेतृत्व के आह्वान पर हम लोग संघर्ष करेंगे तथा जनपद स्तरीय समस्याओं का निस्तारण अपनी कमेटी के साथ समन्वय बनाकर करायेंगे।

अधिवेशन में राकेश कुमार चौबे, गुंजन कुमार राय, प्रदीप कुमार, प्रदीप कुमार सरोज, शिव शंकर, बसंत लाल यादव, जयप्रकाश यादव, राकेश कुमार, अभय राज सिंह, विजय बहादुर, शशि प्रभा सिंह, प्रमेश सिंह, सफाई कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष अमर बहादुर यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष तेज बहादुर राना, कोषाध्यक्ष अजय मौर्या, मीडिया प्रभारी प्रमोद शर्मा सहित दर्जनों कर्मचारी अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन रामकृष्ण पाल जिला मंत्री ग्राम विकास अधिकारी संघ, जिला उपाध्यक्ष राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने किया।

डीएफओ कार्यालय की मनमानी से पनपता भ्रष्टाचार

ब्यूरो चीफ की खास रिपोर्ट

जौनपुर। प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी प्रभाग के अधीन वनमाली/ वाचर की नौकरी में लंबे अरसे से सेवाएं देने वाले लोगों की उपेक्षा की जा रही है। ऐसा प्रकरण संवाददाता के संज्ञान में लाया गया है।

बता दे कि पौधारोपण क्षेत्र में पौधे की सुरक्षा संरक्षा के लिए वाचर /कम वन माली की नियुक्ति विभिन्न रेंन्जों में उपवनाधिकारी के अधीन की जाती है लेकिन कतिपय वन विभाग के लोगों की मिली भगत और गलत प्रविष्टि कर करके पात्र और योग्य लोगों को पात्रता सूची से बाहर का रास्ता दिखाया गया और फर्जी वाड़ा कर करके अपने चहेते लोगों को नियमित करने के उद्देश्य से शासन में नाम भेजे जाने की गोपनीय तरीके से प्रयास किये जा रहे हैं जिसपर दैनिक वेतन श्रमिक वन कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों भोरिक यादव व विकास सिंह सहित तमाम लोगों ने आपत्ति दर्ज कराते हुए पुरजोर विरोध दर्ज कराया है जो नाम भेजा जा रहा है। वह राजकीय सेवा नियमावली या संविदा कर्मियों के हित में कतई नहीं है इससे इनका पोषण नहीं हो सकता। संवाददाता ने छानबीन किया तो पता लगा कि कार्यवाहक प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी के कार्यालय स्तर पर उनके ही अधीनस्थ कर्मचारियों ने यह गड़बड़ झाला कर दिया है जिससे तमाम पात्र और योग्य अभ्यर्थियों के साथ भेदभाव हुआ है।

तत्क्रम में न्याय की गुहार लगाते उक्त अभ्यर्थी अपनी अभ्यर्थना वन मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार एवं मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार तथा वन विभाग के उच्चाधिकारियों से गुहार लगाने को विवश है। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए कुछ कर्मचारियों ने जब आपत्ति किया तो विभाग में संशोधन करने की प्रक्रिया की जाने लगी है संशोधन करने से परत दर परत खामियां नजर आएंगी इस बात का एहसास विभागीय कर्मचारियों को नहीं हो पा रहा है जनहित में उच्च अधिकारियों का ध्यान इस ओर अपेक्षित है।

पीयू में ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी पर छात्राओं ने मनाया जश्न

कर्नल सोफिया और विंग कमांडर व्योमिका की फोटो लेकर किया अभिनन्दन

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के संकाय भवन में शुक्रवार को मिशन शक्ति पांच के अंतर्गत ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी पर अभिनन्दन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मिशन शक्ति की समन्वयक डा. जान्हवी श्रीवास्तव के नेतृत्व में छात्राओं ने भारतीय सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी और एयरफोर्स की विंग कमांडर व्योमिका सिंह के अदम्य साहस पर चर्चा की गई। छात्राओं ने कहा कि उन्हें देश की बेटी होने पर गर्व है।

जश्न मनाती पीयू की छात्राएं।

मिशन शक्ति की समन्वयक डा. जान्हवी श्रीवास्तव ने कहा कि हमारे विश्वविद्यालय की आज छात्राओं ने कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह की फोटो लेकर अभिनन्दन किया है और आतंकवादियों को यह यह संदेश दिया है कि इस देश की महिलाएं उनके इरादों को नाकाम करने के लिए काफी है। उन्होंने शीर्ष नेतृत्व का धन्यवाद देते हुए कहा कि यह बहुत गौरव की बात है कि मातृ शक्तियों पर भरोसा किया गया और ऑपरेशन सिंदूर के लिए जिम्मेदारी दी गई। मातृ शक्तियों ने यह साबित कर दिया है कि यदि उन्हें अगर मौका मिले तो दुश्मनों के खेमे में घुसकर गोले भी बरसाएगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जिस प्रकार बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओं और उत्तर प्रदेश सरकार में मिशन शक्ति का जिस तरह अभियान चलाया उसका उद्देश्य यही है कि महिलाओं को प्रत्येक जगह उचित अवसर दिया जाए। उन्होंने कहा कि हमारे देश में मां दुर्गा पूजी जाती हैं और वह राक्षसों नाश करतीं है इसी तरह इन महिलाओं ने आतंकियों को नष्ट करने का कार्य है। संकाय भवन में आयोजित इस अभिनन्दन कार्यक्रम में विभिन्न विभागों की छात्राएं शामिल हुई।

व्यापार मंडल ने निकाला तिरंगा के साथ सेना शौर्य पराक्रम पद यात्रा

जौनपुर। उद्योग व्यापार मंडल ने प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद स्वरूप मिश्रा के आह्वान पर आठ मई को ऑपरेशन सिंदूर के अंतर्गत भारतीय सेना के द्वारा किए गए पराक्रम पर सेना शौर्य पराक्रम पद यात्रा गल्ला मंडी चौराहे से निकालकर सब्जी मंडी स्थित भगत सिंह पार्क पर समाप्त किया।

पराक्रम यात्रा में सैकड़ों की संख्या में बैंड बाजे के साथ व्यापारियों ने हिंदुस्तान जिंदाबाद और आतंकवाद मुर्दाबाद के नारे लगाए। प्रदेश उपाध्यक्ष सोमेश्वर केसरवानी, प्रदेश मंत्री महेंद्र सोनकर, नगर संरक्षक नन्हेंलाल वर्मा, प्रदेश युवा कोषाध्यक्ष संतोष अग्रहरि, जिला संरक्षक अशोक बैंकर, नगर संरक्षक अनिल जायसवाल, कार्यक्रम संयोजक अमर जौहरी ने अपने संबोधन में ऑपरेशन सिंदूर में शामिल सेना के सभी अधिकारियों का प्रशंसा किया तथा पहलगाम हमले में विधवा हुई सभी महिलाओं के दुख को थोड़ा कम करने वाला कार्य बताया, तथा 9 आतंकवादी कैंप तबाह करते हुए लगभग 200 आतंकवादियों को मौत के घाट उतारने पर सेना के इस पराक्रम से हिंदुस्तानी जनता के गुस्से में थोड़ा कमी आई।

पराक्रम पद यात्रा में रामकुमार साहू, मुन्नालाल अग्रहरि एवं मनोज कुमार साहू, अरशद कुरैशी, संतोष अग्रहरि, संतोष साहू बच्चा, राकेश जायसवाल, यशवंत साहू, अनिल मद्धेशिया, शिवम बरनवाल, लोकेश साहू, रमेश श्रीवास्तव, अजय देवा, शरद साहू, राजीव श्रीवास्तव, गुड्डू जायसवाल, सतीश अग्रहरि, अरविंद बैंकर, हफिज शाह, विजय अग्रहरी, नसीम अख्तर, नवीन सिंह बसगोती, गुलजारीलाल साहू, अभिषेक सेठ डी.के. अग्रहरि, नीरज शाह, मोनू सेठ, दशरथ मौर्य, कृष्णा सेठ, रामआसरे साहू, रतन जायसवाल, अमितोष गुप्ता, अश्विनी बैंकर, दिनेश अग्रहरि के साथ सैकड़ों पदाधिकारी उपस्थित रहे।

ट्रेन से 24 बोतल शराब बरामद, दो गिरफ्तार

शाहगंज। अमृतसर जयनगर एक्सप्रेस ट्रेन एसी कोच में आरपीएफ व जीआरपी की सयुंक्त टीम ने चेकिंग के दौरान 24 शराब बरामद करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं मुकदमा दर्ज कर आरोपित का चालान न्यायालय भेज दिया। शुक्रवार को स्थानीय रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर चार पहुची अमृतसर जयनगर एक्सप्रेस ट्रेन में आरपीएफ व जीआरपी की सयुंक्त टीम ने चेकिंग के दौरान एसी कोच संख्या बी 8 से 24 बोतल अग्रेजी शराब के साथ करनप्रीत पुत्र बसविंदर सिंह व विशाल पुत्र रवि सिंह निवासी चाराविंद थाना बाहोरू अमृतसर को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं मुकदमा पंजीकृत कर चालान न्यायालय भेज दिया।

तरुणमित्र

शनिवार, 10 मई 2025

संवत- 2082, वैशाख शुक्ल पक्ष.- 13

पाक झूठ का पुलिन्दा

आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई को पाकिस्तान दो देशों की जंग का रूप देने पर तुला है। 7 मई की रात के बाद 8 मई देर शाम को पाकिस्तान ने भारत में कई सैन्य ठिकानों पर ड्रोन और मिसाइलों से हमला किया, जिसे भारतीय डिफेंस सिस्टम ने नाकाम कर दिया। भारत का रुख स्पष्ट और सही है कि क्षेत्र में तनाव नहीं बढ़ना चाहिए, लेकिन अगर पड़ोसी देश ने कोई हरकत की, तो उसका माकूल जवाब दिया जाएगा। भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर में आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया था। भारत की प्रतिक्रिया फोकस्ड, संतुलित और गैर-उकसावे वाली थी। लेकिन, पाकिस्तान ने इसके जवाब में पहले तो 7 मई को देर रात और 8 मई देर शाम भारत के कई सैन्य ठिकानों पर हमला करने का प्रयास किया।

उसने LoC पर गोलाबारी बढ़ा दी और मासूम नागरिकों को निशाना बनाने की कोशिश कर रहा है। भारत का लाहौर के एयर डिफेंस सिस्टम को तबाह करना और उसके दूसरे कदम पाकिस्तान को उसकी करतूतों का जवाब हैं, जो कि जरूरी हो गया था। पाकिस्तान का यह आरोप बेबुनियाद है कि तनाव की शुरुआत भारत ने की। एस्केलेशन पहलगाम आतंकी हमले से शुरू हुआ था और भारतीय सेना ने उसके बाद आतंकी इंफ्रास्ट्र.र को निशाना बनाया। भारत ने पाकिस्तानी सेना के ठिकानों को अभी तक निशाना नहीं बनाया है। दरअसल, आतंकवाद के मामले में पाकिस्तान लंबे अरसे से दुनिया को गुमराह करता आया है। ताजा मामले में भी वह झूठ फैला रहा है कि भारत की स्ट्राइक उसके धार्मिक स्थलों पर हुई और इसमें आतंकी नहीं, आम नागरिक मारे गए हैं। यह झूठ दरअसल उसी साजिश का हिस्सा है।

जिसके तहत आतंकियों ने टारगेटेड किलिंग करके हिंदुस्तान में सांप्रदायिक तनाव फैलाने का प्रयास किया था। सच्चाई तो यह है कि धर्म को आतंक से पाकिस्तान ने मिलाया है। उसने धार्मिक स्थलों की पवित्रता का भी ख्याल नहीं रखा और अपने नापाक मंसूबों के लिए उनका इस्तेमाल किया। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने गुरुवार को कहा कि भारत का पाकिस्तान के साथ तनाव बढ़ाने का कोई इरादा नहीं है, लेकिन अगर देश पर सैन्य हमले होते हैं, तो इसका कड़ा जवाब दिया जाएगा। भारत पहले भी यह बात कह चुका है। इससे जाहिर होता है कि वह अपने लक्ष्य को लेकर फोकस्ड है यानी आतंकवाद का खात्मा। उसका मकसद युद्ध नहीं है।

भारत-पाकिस्तान में क्या परमाणु महायुद्ध होगा?

परमाणु हमले को भी अधिकांश भारत के लोग हंसी मजाक में लेते है जबकि यह बहुत गंभीर विषय है । दुनिया बारूद के ढ़ेर पर खड़ी है । पाकिस्तान जैसे देश के पास परमाणु बम होना ही कांग्रेस के 65 सालों की नाकामी है। होना तो यह चाहिए था कि पाकिस्तान जैसे उत्तरदायित्व वहीं और आतंकी देश के पास एक भी परमाणु हथियार नहीं होना चाहिए लेकिन आज उसके पास 140 से 160 परमाणु अस्त्र हैं और भारत के पास लगभग 200 परमाणु नाभिकीय महा भयंकर परमाणु और हाइड्रोजन बम है। इसराइल बहुत ही छोटा सा देश है उसने कभी भी किसी भी अपने पड़ोसी अरब के देश को परमाणु बम बनाने का मौका नहीं दिया । जब भी किसी ने कोशिश की सीधे उसके प्लांट पर ही हमला किया चाहे कितनी ही देशों की सरहदें उसको पार करनी पड़े। ईरान पर कई बार प्रहार करके इसराइल ने उसे परमाणु बम बनाने नहीं दिया और यही हाल अन्य देशों का भी किया है जबकि भारत यह भी करने में सक्षम नहीं रहा है लेकिन एक बात अवश्य है कि परमाणु बमों के मामले में पाकिस्तान के परमाणु बम सचमुच हैं या नहीं है और उनका विस्फोट होगा भी या नहीं यह अभी-अभी संदेह के घेरे में है पर भारत की पूर्ववर्ती सरकारों ने ऐसा होने दिया और एक बंदर के हाथ मे भयानक परमाणु बम का रिमोट पकड़ा दिया है । भारत एक जिम्मेदार और प्रगति चाहने वाला देश है। पर बर्बादी की कगार पर खड़ा पाकिस्तान का भरोसा कुछ भी नहीं। खैर जब तक वहां नाममात्र का लोकतंत्र है है वह ठीक ठाक रहेगा पर डर है तख्तापलट होकर कुछ अनहोनी होने का । और यह काम बहुत आसान है और कभी भी आतंकी वहां पर कब्जा करके परमाणु बम का प्रयोग भारत अफगानिस्तान यहां तक कि इसराइल पर भी कर सकते हैं अब बात करते है परमाणु हथियारों की और अगर ये हुआ तो परिणाम की। अनुच्छेद 370 हटने का बाद और भगवान श्री राम का मंदिर बनने के बाद से हिंदुस्तान और पाकिस्तान दोनों तरफ तनाव है। पाकिस्तान बार-बार परमाणु युद्ध की धमकी दे रहा है लेकिन भारत शांत है पाकिस्तान की धमकियों का जवाब नहीं दे रहा है। लेकिन अगर दोनों देशों के बीच परमाणु युद्ध हुआ तो इसका अंजाम बहुत भयानक होगा और कल्पना से भी परे होगा। भारत के पास करीब 180-2000 परमाणु नाभिकीय बम हैं, जबकि पाकिस्तान के पास 140-150 न्यूक्लियर बम हैं। अगर युद्ध हुआ तो एक बार में 2 करोड़ 20 लाख लोग मारे जाएंगे। इनमें से 90 लाख लोग बम की तपिश से झुलस जाएंगे, लाखों लोगों की मौत का कराण रेडिएशन बनेगा और पृथ्वी की आधी ओज़ोन परत तबाह हो जाएगी। आसमान पर काला धुआं छा जाएगा, बेहिसाब ठंड पड़ेगी और करीब 2 अरब लोग भूख से मारे जाएंगे।

संपूर्ण धरती पर जीव जंतु जगत और वनस्पतियों पर इसका विनाशकारी सकारी प्रभाव पड़ेगा जो लगातार 12 वर्षों तक और आगे सैकड़ो वर्ष तक जारी रहेगा ऐसा महाभारत में विभिन्न दिव्यास्त्रों के प्रयोग में देखा गया है विभिन्न प्रकार के दिव्यास्त्र जैव रासायनिक परमाणु नाभिकीय बम के विराट रूप से जिन्हें छोड़ने के बाद भी नियंत्रित किया जा सकता था लेकिन आज यह भी संभव नहीं है अश्वत्थामा द्वारा प्रयोग किए गए ब्रह्माशीर नाम के महान दिव्यास्त्र द्वारा संपूर्ण राजस्थान मरुस्थल बन गया था अगर भारत और पाकिस्तान के बीच परमाणु युद्ध हुआ तो इसका प्रकोप सिर्फ एक शहर, एक प्रांत या एक देश तक सिमित नहीं होगा बल्कि इस विनाश की चपेट में पूरी दुनिया आ जाएगी। दोनों देशों में कोई भी देश पहले हमला करे, इससे कोई फर्क नहीं पड़ेगा क्योंकि इस चिंगारी को कोई भी भड़काए आग दोनों तरफ बराबर लगेगी। और यह आग पाकिस्तान को तो पूरी तरह रख कर देगी लेकिन लगता नहीं कि भारत पर पाकिस्तान परमाणु बम का प्रयोग कर पाएगा उसके पहले ही उसे उसके नष्ट कर दिया जाएगा भारत और पाकिस्तान के पास मिलाकर करीब 300 परमाणु बम हैं। अगर इनमें से आधे परमाणु बमों का भी इस्तेमाल हुआ तो क्या होगा, ये सवाल ही डरा देता है। पाकिस्तान के पांच बड़े शहर कराची, लाहौर, इस्लामाबाद, रावलपिंडी और पेशावर हैं और ये पांचों शहर भारतीय परमाणु हथियार की रेंज में हैं। 1945 में हिरोशिमा में जिस परमाणु बम ने विनाश किया था वो सिर्फ 15 किलोटन का था। भारत के पास इससे कई गुना बड़े और खतरनाक परमाणु बम हैं।अगर पाकिस्तान परमाणु जंग शुरू करता है तो भारत इन पाचों शहरों को निशाना बना सकता है जिसके बाद ऐसे तबाही मचेगी जिसके बारे में सोचकर ही आत्मा कांप जाती है। अगर इस्लामाबाद पर 100 किलोटन का एटमी बम फोड़ा गया तो धमाके के 7 किलोमीटर तक सब कुछ खत्म हो जाएगा। कंक्रिट की बिल्डिंग छोड़ कर कुछ भी नहीं बचेगा। 3.21 किलोमीटर तक भूकंप के बेहद तेज झटके लगेंगे। 10.5 किलोमीटर तक रेडिएशन फैलेगा जिससे इंसान जानवर कोई भी नहीं बच पाएगा।धमाके की वजह से 14.2 किलोमीटर तक सारी इमारते गिर जाएगी और बिल्डिंग में छिपे इंसान भी नहीं बच पाएंगे। 47.9 किलोमीटर थर्मल रेडिएशन का असर होगा जो लाखों लोगों को निगल जाएगा। और इसके द्वारा उत्पन्न अनंत ऊर्जा और सूर्य की सतह के बराबर का तापमान सब कुछ जलकर राख कर देगा 100 किलोमीटर तक घरों की खिड़कियां चटक जाएंगी। इस्लामाबाद के 13 किलोमीटर दूर पेशावर है, 36 किलोमीटर वाह शहर है और 110 किलोमीटर मरदान शहर है, यानि एक बम तीन शहर बर्बाद कर देगा।

लेकिन ऐसा नहीं है कि परमाणु बम का असर सिर्फ पाकिस्तान तक रहेगा, बल्कि प्रलय तो परमाणु बम से मची बर्बादी के बाद आएगा और करीब 2 अरब लोग भूखे प्यासे मर जाएंगे। परमाणु धमाके में एक सेकेंड में बेहिसाब ऊर्जा निकलती है। और यह एक बार प्रारंभ हो जाती है तो उसको रोक नहीं जा सकता इसीलिए इसको श्रृंखलाबद्ध अभिक्रिया कहा जाता है अभी दुनिया में माना जाता है कि कल 15000 के लगभग परमाणु नाभिकीय अस्त्र है जिसमें आधे से अधिक केवल सोवियत संघ के पास हैं इसके बाद अमेरिका के पास 6000 के आसपास परमाणु नाभिकीय बम है जबकि फ्रांस ब्रिटेन भारत इजराइल चीन और पाकिस्तान को मिलाकर सबके पास 1000 परमाणु नाभिकीय बम का भंडार है।

विस्फोट की जगह पर तापमान हजारों डिग्री सेल्सियस पहुंच जाता है। इस धमाके के बाद जो महा भयानककाला भूरा धुआं निकलेगा वो पृथ्वी पर छा जाएगा और वह एवरेस्ट गौरीशंकर से तीन गुनी अधिक ऊंचाई पर जाएगा समुद्र में सुनामी आ जाएगी और दिन में काली अमावस्या का प्रकोप शुरू हो जाएगा। अगर भारत-पाकिस्तान के बीच परमाणु युद्ध होता है तो इसका असर दुनिया पर कैसे पड़ेगा, वैज्ञानिकों ने जब इस पर शोध किया तो दुनिया भर में सन्नाटा पसर गया।भारत-पाक परमाणु युद्ध से निकला काला धुआं धीरे-धीरे पूरी दुनिया पर छाने लगेगा। करीब 15 दिन में पूरी दुनिया में अंधेरा छा जाएगा। धुआं बेहद काला होगा जो सूरज की रोशनी को सोख लेगा जिस कारण तापमान गिरना शुरू हो जाएगा और दुनिया में प्रचंड ठंड की मार पड़ेगी। पेड़-पौधे, वनस्पतियां सब खत्म हो जाएंगे। न्यूक्लियर धुएं से पृथ्वी का मौसम साइकिल खत्म हो जाएगा। भारत और पाकिस्तान में तो ज़िंदगी पहले ही दम तोड़ चुकी होगी। अमेरिका में भी खेत कभी लहरा नहीं सकेंगे और दुनिया भर में भूख से दंगें फसाद शुरू हो जाएंगे।हिरोशिमा में परमाणु धमाके को 74 साल बीत चुके हैं लेकिन आज भी वहां पैदा होते बच्चों में रेडिएशन का असर नजर आता है। भारत-पाकिस्तान युद्ध तो उससे सैकड़ों गुना ज्यादा विध्वंसक होगा जिसका असर सैकड़ों साल तक मौजूद रहेगा। हिंदुस्तान और पाकिस्तान दोनों देशों के पास परमाणु हथियार हैं। पाकिस्तान के पास करीब 150 परमाणु बम हैं जिनमें से 66% बम जमीन से वार करने वाली बैलिस्टिक मिसाइल पर मौजूद हैं। वहीं भारत 56 फीसदी परमाणु बमों को मिसाइल से पाकिस्तान पर दाग सकता है। पाकिस्तानी लड़ाकू विमान 38 फीसद परमाणु बम दाग सकते हैं जबकि भारत अपने फाइटर प्लेन से 45 फीसद परमाणु हमला कर सकता है। वहीं पाकिस्तान के पास जल यानि समंदर के अंदर से परमाणु हमला करने का कोई तरीका नहीं है जबकि भारतीय पनडुब्बी में 12 परमाणु मिसाइल हर वक्त तैयार रहती हैं। परमाणु युद्ध होगा या नहीं ये पाकिस्तान को तय करना है क्योंकि जिस तरह से पाकिस्तान न्यूक्लियर वॉर के लिए तड़प रहा है वो साफ बताता है कि इमरान खान को परमाणु युद्ध कैसे लड़ा जाता है इसका ज़रा भी अंदाजा नहीं है।परमाणु युद्ध की रणनीति जल, थल और नभ से तय होगी। पाकिस्तान का कुल क्षेत्र 7 लाख वर्ग किलोमीटर का है जबकि भारत का क्षेत्र 32 लाख वर्ग किलोमीटर से भी ज्यादा है। यानि महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और राजस्थान को मिला दिया जाए तो वो पाकिस्तान से बड़े साबित होंगे। ऐसे में अगर पाकिस्तान भारत पर पहले परमाणु वार करता भी है तो हिंदुस्तान तब भी खड़ा रहेगा लेकिन हिंदुस्तान के आक्रोश के सामने पाकिस्तान भस्म हो जाएगा। अभी तक प्रकट और प्रामाणिक रूप से केवल नागासाकी और हिरोशिमा पर ही परमाणु बम का प्रयोग किया गया जिसके नाम लिटिल बॉय और फैट मैन था और यह केवल 12 से 15 किलो टन का था जिसने नागासाकी और हिरोशिमा का इतिहास की मिटा दिया था।

इसके अलावा चेर्नोबिलमें हुई भयानक परमाणु दुर्घटना से सारा यूरोप और यूक्रेन का काफी भाग आज तक आक्रांत है भारत चीन फ्रांस ब्रिटेन अमेरिका रूस और कुछ अन्य देशों ने जो परमाणु हाइड्रोजन और अन्य बम का परीक्षण किया है वह इतनी खतरनाक है कि उसका वर्णन करना मुश्किल है अभी तक मानव इतिहास में सबसे खतरनाक जार बम का प्रयोग सोवियत संघ द्वारा 1961 में किया गया जो नागासाकी हिरोशिमा में प्रयोग किए गए परमाणु बम से लाखों गुना अधिक शक्तिशाली है। भारत-पाकिस्तान के अलावा रूस और यूक्रेन अब और इसराइल तथा ईरान के युद्ध में भी भयानक परमाणु युद्ध का खतरा मंडरा रहा है जो मानवता के लिए सबसे विनाशकारी इतिहास है लेकिन जहां तक भारतीय ज्योतिष और पंचांग का निष्कर्ष है तो फिलहाल अभी कोई भी परमाणु नाभिकीय युद्ध नहीं होने वाला है इसलिए आप लोग निश्चिंत रहें।

डॉ. दिलीप कुमार सिंह

सिंदूर, संवेदना और सेना तबाह आंतकिस्तान

22 अप्रैल 25 को पहलगाम में जिन भारतीय महिलाओं के पतियों की आतंकवादी ने निर्मम हत्या कर उनको खून से रूलाया था भारत सरकार और भारतीय सेना ने पाकिस्तान को तबाह और 100 आतंकवादियों को मारकर उन मासूम वीर वधुओं के आंसुओं के एक-एक कतरे एक-एक बूंद का बदला ले लिया है। हमले में आतंकवादियों ने जिन मासूम भारतीय हिंदू महिलाओं के सिंदूर को उजाडा था तब आतंकवादियों और उनके अकाओं को यह अंदाज भी नहीं रहा होगा कि उनकी इस नापाक हरकत से पूरा पाकिस्तान और आतंकवादियों की पूरी काम को तबाह कर दिया जाएगा।

सिंदूर केवल सिंदूर ही नहीं है यह सनातन धर्म,संस्कृति और संस्कार में पवित्र सुहाग का प्रतीक भी है और हिंदू सनातन धर्म में विवाह के पश्चात स्त्रियों का सिंदूर बहुत बड़ा महत्व,अलंकार, स्वाभिमान और अभिमान है और आतंकवादियों ने हमारी देवी स्वरूप भारतीय महिलाओं के सिंदूर की इज्जत ना करके उनके ईस्ट पतियों को गोलियों से मारा है सनातन में यह जघन्य अपराध है और इस अपराध की सजा भारतीय सेना ने पूरी संवेदना, शक्ति, सामर्थ्य और ऊर्जा के साथ भारत सरकार के निर्देशन में आतंकवादियों को और पाकिस्तान में पल रहे आतंकवादियों की पूरी कौम को मा कर बदला पूरा किया। भारतीय सेना के जवानों ने लगभग 100 आतंकवादियों को 6 मई को मार गिराया पहलगाम में 27 निर्दोष हिंदुओं की हत्या के बदले के रूप में सेनाओं ने 9 जगह पर लगभग 20 ठिकानों को बर्बाद कर दिया और 8 मई पाकिस्तान ने फिर जम्मू में गुरुद्वारे पर हमला कर कई निर्दोष नागरिकों की हत्या कर दी थी।

जवाब में भारतीय सेना और उनके जवानों ने लाहौर एयरबेस सिस्टम को पूरी तरह नष्ट कर दिया इसके बाद रावलपिंडी, लाहौर इस्लामाबाद, सियालकोट तथा अन्य शहरों में इतनी तबाही मचाई कि पाकिस्तान के वजीर शहबाज शरीफ और पाकिस्तान की फौज के सरगना मौलाना असीम मुनीर बंकर में छुपने के लिए मजबूर हो पड़ा है। वैसे भी पाकिस्तान फौजी पिछले 10 वर्षों से लड़ाई और सिमा निगरानी का काम छोड़कर शराब डीजल और नशीले पदार्थों की तस्करी में लगे हुए थे और उसका सारा पैसा और धन सेना के अकाओं मे वितरित किया जाता रहा है सेना अपना का काम भूलकर पश्चिम तथा खाडी के देशों से डीजल, पेट्रोल और नशीला पदार्थ की तस्करी में पैसा कमाने में लगा हुआ था। इसके अलावा पाकिस्तानी फौज और और खुफिया संगठन आई एस आई आतंकवादियों को ट्रेनिंग देने भारत भेजने और भारत में आतंकवादी घटना को अंजाम देने में लगे हुए थे पाकिस्तानी फौज आतंकवादियों की तरह ही काम करते रहे हैं। पाकिस्तान का दुर्भाग्य है कि स्वतंत्रता के बाद से जितने भी निर्वाचित 18 प्रधानमंत्री बने थे वे अपना कार्यकाल कभी पूरा नहीं कर सके और पूरे पाकिस्तान में फौजी और उनके फौजी प्रमुखों ने ही अपना शासन प्रशासन चलाया है उल्लेखनीय है।

कि सेना ने ही जुल्फिकार अली भुट्टो को देश-द्रोह का आरोप लगाकर फांसी दे दी थी और उनकी बेटी बेनजीर भुट्टो की हत्या भी करवा दी इसी तरह असिम मुनीर ने इमरान खान को जेल की काल कोठरी में भिजवा दिया है, आतंकवाद की बुनियाद और बारूद पर बैठे पाकिस्तान अंदर से पूरा खोखला हो चुका है। भारतीय फौजी ने ऑपरेशन सिंदूर के अंतर्गत पीओके में सक्रिय दहशत कर दो के नौ ठिकानों का निशाना बनाया था और पलक झपकते ही उसे पूरी तरह नष्ट कर दिया था विशेषज्ञ बताते हैं की सेवा की कार्रवाई इतनी सटीक और अनुशासित थी कि भारतीय विमान को पाकिस्तान में घुसने की जरूरत भी नहीं पड़ी। बहावलपुर और मुरीदके में इतनी तबाही मचाई की वहां एक भी बिल्डिंग बची नहीं है उल्लेखनीय है कि यहां पिछले कई दशकों से आतंकवादियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा था। भारतीय एयर डिफेंस सिस्टम ने जम्मू कश्मीर राजस्थान जैसलमेर में पाकिस्तानी लगभग 100 ड्रोन को असफल कर दिया है।

और इसी तरह f16 तथा आईएफ 17 को मार गिराया गया है इसी तरह पाकिस्तान के दो पायलट भी हिंदुस्तानी फौज के कब्जे में आ गए हैं अब उनसे पाकिस्तान सेना की महत्वपूर्ण जानकारी ली जाएगी। सेना की इस जवाबी कार्रवाई में पूरे पाकिस्तान को और उसके बड़े शहरों को लगभग तबाह कर दिया है अब पाकिस्तान की सेना उनकी सरकार और उनके यहां पल रहे आतंकवादियों को समझ में आ गया होगा की सिंदूर की क्या ताकत होती है और सनातन में कितनी शक्ति ऊर्जा और सामर्थ्य होता है। भारत पर पाकिस्तानी फौज ने हमास की स्टाइल में हमला किया है

आतंकवादी संगठन जैस ए मोहम्मद, लश्कर ए तैयबा जैसे संगठनों के साथ हमास के आतंकवादियों ने जुगलबंदी कर उन्हें पूरी तरह ट्रेंड किया था ठीक उसी तर्ज पर पाकिस्तानी आतंकवादियों ने भारत पर हमला किया था। अब भारत की फौज ने पाकिस्तान और आतंकवादियों को आक्रमण कर ऐसा सबक सिखाया है कि वह अब सिंदूर और भारतीय नारियों को याद करके कांपने लगेंगे और भारत के सामने नतमस्तक हो अगले कई जन्मों तक आक्रमण करने की नहीं सोचेंगे।

संजीव ठाकुर, लेखक, चिंतक, स्तंभकार, रायपुर छत्तीसगढ़, 9009 415 415,

...आज का दिन...

मेष- व्यावसायिक प्रगति, पारिवारिक दायित्व की पूर्ति, मांगलिक आयोजन सम्पादित, सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि, मौज-मस्ती के निमित्त व्यय, धार्मिक यात्रा का सुयोग।

वृषभ- मनोभिलाषित योजनाएँ कार्यान्वित, नौकरी में पदोन्नति विषयक मसला हल, आय के नवीन स्रोत, स्थान-परिवर्तन की दिशा में कार्यक्रम, आमोद-प्रमोद के साधन।

मिथुन- आज दिन 1/4× बजे तक प्रतिकूलता, पुरुषार्थ में अरुचि, वैवाहिक अड़चनें, मन अशांत, शेष समय में स्वास्थ्य में सुधार, शुभ भावनाओं का उदय, धन की प्राप्ति।

कर्क- आज दिन 1/4× बजे तक समय शुभ, बुद्धि चातुर्य से संकल्प सिद्धि, घरेलू वातावरण सुखद, शेष समय में आर्थिक पक्ष से असंतोष, जीवनसाथी से कष्ट।

सिंह- आर्थिक क्षेत्र में प्रगति का मार्ग प्रशस्त, इ'छा के अनुकूल घटनाएँ घटित, धर्म में रुचि, शुभ समाचार से घरेलू वातावरण सुखद, मौज-मस्ती में अधिक व्यय।

कन्या- प्रियजनों के माध्यम से समस्या का समाधान, राजनीतिक कृत्यों में रुझान, वैवाहिक जीवन में सुख-शांति, कठिनाइयों का निवारण, यात्रा संतोषजनक।

तुला- आज दिन 1/4× बजे तक प्रतिकूलता, स्वास्थ्य विपरीत, बात-बात पर क्रोध, यात्रा निष्फल, शेष समय में बुद्धि-चातुर्य से संकल्प सिद्धि, प्रतियोगिता में सफलता।

वृश्चिक- आज दिन 1/4× बजे तक अभिलाषा की पूर्ति, व्यापार में धन निवेश, आत्मिक शांति, शेष समय में इ'छत कार्यों में अड़चनें, दाम्पत्य तनाव, गलतफहमी के शिकार।

धनु- कार्यों में महत्वपूर्ण सफलता, व्यापार में धन निवेश, विशिष्टजनों से सम्पर्क का सुपरिणाम, आपसी सलाह से कामयाबी, उत्तरदायित्व का निर्वाह।

मकर- व्यापारिक वातावरण मनोनुकूल, स्थान परिवर्तन का कार्यक्रम, प्रतियोगिता में सफलता, विरोधी असफल, आपसी गलतफहमियाँ दूर, यात्रा सुखद।

कुम्भ- आज दिन 1/4× बजे तक स्वास्थ्य में शिथिलता, व्यवसाय में असंतोष, विचारों में उग्रता, शेष समय में नवयोजना दृष्टिगत, मांगलिक आयोजन सम्पादित।

मीन- आज दिन 1/4× बजे तक व्यापारिक प्रगति का मार्ग प्रशस्त, संतान पक्ष का उत्कर्ष, धन लाभ, शेष समय विपरीत, दूसरों की भूल से स्वंय की हानि, विश्वासघात की आशंका।

-: श्री विमल जैन :-

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद् एस-2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, आकांक्षा हास्पिटल के निकट, टैगोर टाउन एक्सटेंशन भोजूबीर, वाराणसी-221002 (उ0प्र0)- मो0:-09335414722

चंदौली

एसजी पब्लिक स्कूल के एमडी ने सेना के लिए डीएम को सौंपा चेक

डीडीयू नगर चन्दौली। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच चल रहे युद्ध को देखते हुए पीडीडीयू नगर के रविनगर स्थित एसजी पब्लिक स्कूल के प्रबंध निदेशक अरुण कुमार अग्रवाल (कक्कू जी) ने सेना के सहयोग के लिए एक लाख रुपए का चैक शुक्रवार को जिलाधिकारी चन्द्रमोहन गर्ग को सौंपा। वही आगे भी सहयोग देने की अपनी प्रतिबद्धता जताई। साथ ही देशवासियों से स्वेच्छा से सहयोग करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि इस संकटकाल में देश के सभी नागरिकों को सेना के लिए अस्त्र-शस्त्र, शहीदों के परिजनों की सहायता और अन्य जरूरी खर्चों के लिए योगदान देना चाहिए। जिससे सेना और अधिक मजबूत हो सके। अरुण कुमार अग्रवाल ने सुझाव दिया कि माननीय प्रधानमंत्री एक सार्वजनिक खाता जारी करें या जिलाधिकारी अथवा किसी सक्षम अधिकारी के माध्यम से धनराशि संग्रह की व्यवस्था करें, ताकि पारदर्शी तरीके से धनराशि सेना के कल्याण में उपयोग हो सके। उन्होंने कहा कि इससे भारतीय सेना और सशक्त होगी। इस पहल के तहत उन्होंने स्वयं एक लाख रुपये का योगदान दिया। उन्होंने कहा कि यह समय एकजुटता का है। हमें अपनी सेना को हर संभव सहायता देनी चाहिए, ताकि वे देश की रक्षा में और मजबूती से डट कर दुश्मन सेना का मुकाबला कर सकें। उन्होंने कहा कि ऐसे समय में देश का हर नागरिक यह चाहता है कि देश के जांबाज सैनिक सुरक्षित रहते हुए देश की रक्षा करें। साथ ही दुश्मन सेना को मुंहतोड़ जवाब दें। ताकि दुश्मन देश फिर भविष्य में हिन्दुस्तान की ओर देखने की हिम्मत ही न जुटा सकें। उनकी इस अपील को स्थानीय लोगों ने सराहा और कई ने इसमें सहयोग का भरोसा दिलाया। इस पहल से चन्दौली में देशभक्ति की भावना को बल मिला है और लोग सेना के समर्थन में आगे आ रहे हैं।

जन समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी से मिला व्यापार मण्डल

चकिया,चंदौली। चकिया नगर के व्यापारियों एवं आम नागरिकों की जन समस्याओ को लेकर आज जन सघर्ष समिति चकिया के पदाधिकारीयो के साथ व्यापार मण्डल के जिलाध्यक्ष लक्ष्मीकांत अग्रहरी के नेतृत्व मे आज मुख्यालय पर जिलाधिकारी श्री चन्द्र मोहन गर्ग से मिलकर नगर पंचायत चकिया के नागरिकों की जनसमस्याओं को रखा गया जिलाध्यक्ष ने कहा की नगर पंचायत चकिया द्वारा बिना नल कनेक्शन लगाये बिना पानी दिये हुये नगर मे ऐसे घरों के लोगो से भी जलकर का शुल्क लिया जा रहा है जिन्होंने कनेक्शन भी नही लिया है और न ही उपयोग कर रहे है ऐसे जगहों पर पानी की पाइप लाइन भी नही लगी है इस तरह से बिना उपभोग के शुल्क लेने का कार्य नगर पंचायत चकिया द्वारा किया जा रहा है जो की अन्याय है आम नागरिकों एव व्यापारियों मे इसके प्रति काफी असंतोष व्याप्त है इसको लेकर जन संघर्ष समिति चकिया के सयोजक लालचंद्र सिंह पदाधिकारियो के साथ साथ चकिया के नागरिकों एव व्यापारियों के साथ विगत 51 दिनो से गाधी पार्क चकिया मे अनिश्चित कालीन धरने पर बैठे हुये है लेकिन कोई भी सक्षम प्रशासनिक अधिकारी अभी तक मौके पर नही पहुँचे। मेरी जिलाधिकारी महोदय से आग्रह है की उक्त प्रकरण को गंभीरतापूर्वक विचार करते हुये जनहित मे नागरिकों के ऊपर नगर पंचायत चकिया द्वारा बिना पानी उपभोग के लगाये गये अन्यायपूर्ण जलकर शुल्क वसुली को तत्काल समाप्त किया जाय। मिलने वालो मे प्रमुख रूप से लालचंद्र सिंह,राकेश मोदनवाल, वशिष्ठ सिंह, मोहन चौहान, शुकदेव मिश्र, रामचंदर जायसवाल।

ट्रैक्टर पलटने से घायल बच्चों और महिला की हालत गंभीर



डीडीयू नगर चंदौली। अलीनगर थाना क्षेत्र के नसीरपुर गांव के पास गुरुवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। सकलडीहा-मुगलसराय मार्ग पर एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर पलट गया, जिसमें सवार 20 से अधिक यात्रियों में से करीब 12 लोग घायल हो गए। हादसे के समय सभी यात्री वाराणसी के चौबेपुर से चंदौली जनपद के बबुरी क्षेत्र की ओर जा रहे थे। ट्रैक्टर के पलटने की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और बचाव कार्य में जुट गए। दुर्घटना की जानकारी मिलते ही अलीनगर थाना प्रभारी विनोद मिश्रा पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस और ग्रामीणों के संयुक्त प्रयास से घायलों को ट्रैक्टर के नीचे से निकाला गया। घायलों को तत्काल प्राथमिक उपचार के लिए राजकीय महिला चिकित्सालय पहुंचाया गया। जहां दो बच्चों और एक महिला की हालत गंभीर बताई गई। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने दुर्घटना के तुरंत बाद मौके से ट्रैक्टर और उसके चालक को हिरासत में ले लिया है। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और ओवरलोडिंग को हादसे का कारण माना जा रहा है। फिलहाल पुलिस मामले की विस्तृत जांच में जुटी है और सवार अन्य लोगों से भी पूछताछ की जा रही है।

सकलडीहा इंटर कॉलेज के सामने झील में तब्दील हुई सड़क

शिकायत के बाद भी तहसील प्रशासन अतिक्रमण हटाये जाने को लेकर मौन

डीडीयू नगर चंदौली। सकलडीहा इंटर कॉलेज गेट के सामने सकलडीहा रेलवे स्टेशन मार्ग झील में तब्दील होगया है। आरोप है कि कुछ दुकानदारों की ओर से नाला अतिक्रमण कर दुकान का चबुतरा बना दिये जाने से नाला की साफ सफाई नहीं हो पा रहा है। बरसात और गंदा नाला का पानी सड़क पर होने के कारण निकासी की समस्या बनी हुई। शिकायत के बाद भी तहसील और पुलिस प्रशासन के अधिकारी अनजान बने हुए है। जिसे लेकर राहगीर और छात्र छात्राओं में आक्रोश पनपने लगा है। बीते कई बार से सकलडीहा इंटर कॉलेज गेट पर कभी गंदा नाला का पानी और कभी बरसात हो जाने से सड़क झील में तब्दील हो जाता है। आरोप है कि ग्राम सभा की ओर से बनायी गयी नाला पर कुछ दुकानदारों की ओर से अवैध अतिक्रमण कर चबुतरा बना लिये जाने से साफ सफाई कार्य बाधित होने से सड़क पर जलभरॉव की स्थिती बनी हुई है। जबकि इसकी शिकायत ग्राम सभा के अधिकारियों से लेकर ग्राम सभा से किया गया था। इसके बाद भी तहसील और पुलिस प्रशासन के लोग अनजान बने हुए है। जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण कॉलेज मार्ग से होकर जाने वाले छात्र छात्राओं को काफी समस्या होती है। व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने जलभरॉव की स्थायी समाधान कराये जाने और अवैध अतिक्रमण हटाये जाने की मांग किया है। इस बाबत सचिव संदीप गौतम ने बताया कि कई बार साफ सफाई कराया गया। लेकिन नाला पर अतिक्रमण होने के कारण समस्या बनी हुई है।

जीआरपी ने रात्रि में रेलवे स्टेशन पर चलाया सघन चेकिंग अभियान

डीडीयू नगर चंदौली। जिले के डीडीयू जंक्शन पर भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर हो रही गोलाबारी को देखते हुए स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था के मद्दे नजर संदिग्ध व्यक्तियों एवं वस्तुओं की जीआरपी पुलिस द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। बता दें कि डीडीयू जंक्शन की जीआरपी पुलिस ने रात्रि में भारत पाक बॉर्डर पर तनाव एवं गोलाबारी को देखते हुए स्टेशन की सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता रखने के लिए लगातार चेकिन अभियान के साथ-साथ यात्रियों को निर्देश दिए जा रहे हैं कि ताकि किसी प्रकार के संदिग्ध व्यक्ति एवं वास्तु की जानकारी होने पर तुरंत जीआरपी एवं आरपीएफ से संपर्क कर इसकी जानकारी दें। वहीं जीआरपी प्रभारी द्वारा प्लेटफॉर्म और यार्ड के साथ संदिग्ध यात्रियों की भी तलाशी ली गई। इस संबंध में जीआरपी प्रभारी ने बताया कि यह सघन चेकिंग अभियान सुरक्षा की दृष्टि के मध्य नजर किया जा रहा है ताकि किसी प्रकार की कोई भी अराजक तत्व द्वारा स्टेशन पर तनाव उत्पन्न ना किया जा सके।

सूटकेस में डेढ़ लाख थे पर दिल में ईमानदारी ज्यादा निकली

चकिया, चंदौली। गुरुवार की रात 1 बजे पुणे से आया 45 यात्रियों का दल पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्टेशन पर उतरा। यात्रियों में अनिल नामक व्यक्ति ने भीषमपुर चकिया निवासी संतोष गुप्ता का ऑटो लिया और मछोदरी के लिए रवाना हो गए। लेकिन अगले ही पल अनिल का चेहरा सफेद पड़ गया। सूटकेस ऑटो में ही रह गया था, जिसमें थे डेढ़ लाख रुपये नगद, कपड़े और जरूरी दवाएं। गंभीर चिंता में डूबे अनिल जब दोबारा स्टेशन लौटे तो वहां एक दृश्य उनका इंतज़ार कर रहा था। ऑटो चालक संतोष गुप्ता वहीं खड़े थे, सूटकेस के साथ, बिल्कुल सुरक्षित। संतोष ने कहा, हम मेहनत करते हैं, किसी का पैसा हमारा नहीं हो सकता। अनिल ने न केवल उन्हें 500 रुपये का इनाम दिया, बल्कि ढेरों आशीर्वाद भी। यह घटना अब पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय है। लोग कह रहे हैं। अब भी जिंदा है ईमानदारी, बस पहचानने की देर है।

चर्चित बस संचालक हत्याकांड का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार



डीडीयू नगर चंदौली। धानापुर थाना क्षेत्र में हुए चर्चित बस संचालक मुटुन यादव हत्याकांड में पुलिस ने धानापुर थाना पुलिस और स्वाट सर्विलांस टीम ने हत्यारों को संरक्षण देने वाले अपराधी मनोज त्रिपाठी उर्फ पप्पू को गिरफ्तार कर लिया है। एसपी आदित्य लांग्हे ने पुलिस लाइन में प्रेस वार्ता के दौरान घटना का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि 1 मई को बस संचालक मुटुन यादव की हत्या के बाद अपराधियों ने अपनी बाइक मनोज त्रिपाठी के अहिकौरा ओड़वला स्थित घर पर खड़ी कर फरार होने की योजना बनाई थी। हत्यारों की गिरफ्तारी के लिए पांच पुलिस टीमों का गठन किया गया था। पुलिस की कार्रवाई में मनोज त्रिपाठी की गिरफ्तारी से हत्याकांड के अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है। एसपी ने बताया कि पुलिस इस मामले में शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए सतर्कता से काम कर रही है। हत्याकांड के इस खुलासे से क्षेत्र में चर्चा का माहौल है।

जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार ने निर्माणाधीन परियोजनाओं का किया औचक निरीक्षण

मानक और गुणवत्ता पूर्ण तरीके से कार्यों को तय समय पर पूरा करने के दिये निर्देश

जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार औचक निरीक्षण के दौरान निर्माणाधीन कार्यों के बाबत अधीनस्थों को निर्देशित करते हुए

तरुणमित्र न्यूज

वाराणसी। जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार द्वारा काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में निर्माणाधीन परियोजनाओं का औचक स्थलीय निरीक्षण कर कार्यों के भौतिक प्रगति की समीक्षा की गयी। समीक्षा के उन्होंने परियोजना के लिए नामित नोडल अधिकारी व कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिये। बीएचयू के चिकित्सा विज्ञान संस्थान में निर्माणाधीन राष्ट्रीय वृद्धावस्था केंद्र (नेशनल सेंटर आफ़ एजिंग) के निरीक्षण में कार्यदायी संस्था एचएलएल इंफ्राटेक सर्विस लिमिटेड के प्रोजेक्ट मैनेजर ने जिलाधिकारी को निर्माण संबंधी जानकारी पीपीटी/ड्राइंग के माध्यम से दी।

कार्यदायी संस्था ने जिलाधिकारी के माध्यम से नाली और सड़क निर्माण के लिए बीएचयू के प्राधिकारियों से निवेदिता ब्लॉक-एक को हटाने तथा डीपीआर के अनुसार पार्किंग के लिए एक हजार वर्ग मीटर जमीन की माँग की गयी। जिलाधिकारी द्वारा इसके लिए विश्वविद्यालय प्रशासन और शासन स्तर से वार्ता कर इस प्रकरण को निस्तारित कराने का भरोसा दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि भवन में ऐसे काँच लगाया जाये जिससे प्राकृतिक प्रकाश अंदर आ सके और दिन में बिजली ना जलाना पड़े। विश्वविद्यालय परिसर में केंद्रीय लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाए जा रहे बारह सौ क्षमता के महिला छात्रावास के संबंध में उन्होंने कहा कि मैन पॉवर बढ़ाकर तय समय में निर्माण कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें इसके लिये उन्होंने कहा कि रात के समय भी कार्य कराया जाये।जिलाधिकारी द्वारा ट्रामा सेंटर में पीडब्ल्यूडी द्वारा निर्माणाधीन क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल के निर्माण कार्य को भी देखा गया तथा गुणवत्ता को परखा गया। कार्यदायी संस्था ने बताया कि भवन के स्ट्रक्र का निर्माण कार्य पूरा हो गया है। जिलाधिकारी ने अवशेष निर्माण कार्यों को भी मानक और गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान लोकनिर्माण, कार्यदायी संस्था एचएलएल इंफ्राटेक के अलावा विश्वविद्यालय तथा चिकित्सा विज्ञान संस्थान के अधिकारी मौजूद रहे।

बेनिया शापिंग काम्पलेक्स के दुकानदार दस दिनों में जमा करें बकाया किराया : उच्च न्यायालय

कहा, नगर निगम कार्यवाही करने के लिए स्वतंत्र है यदि निर्धारित अवधि में किराया नहीं जमा किया गया

तरुणमित्र न्यूज

वाराणासी। बेनिया शापिंग काम्पलेक्स के दुकानदारों को 10 दिनों में किराया जमा करना अनिवार्य है, यदि निर्धारित अवधि में किराया जमा नही किया जाता है तो नगर निगम कोई भी वैधानिक कार्यवाही करने के लिए स्वतंत्र है। यह आदेश उच्च न्यायालय ने पारित करते हुए निस्तारित किया। बेनिया बाग स्थित नगर निगम की बेनिया शापिंग काम्पलेक्स के दुकानदारों के द्वारा दुकानों पर तालाबन्दी के विरूद्ध उच्च न्यायालय में गुहार लगायी गयी थी, जिसे उच्च न्यायालय ने खारिज कर दिया। उक्त जानकारी नगर निगम के प्रो संदीप श्रीवास्तव ने शुक्रवार को दी।

दुकानों के किराये में वृद्धि के सम्बन्ध में सदन/ कार्यकारिणी द्वारा लिये गये निर्णय के अनुसार वाराणसी नगर में स्थित सभी क्षेत्रों के दुकानों के किराये में वृद्धि हुई है, जिसके सापेक्ष सभी दुकानदारों के द्वारा अपना निर्धारित किराया क्यू0आर0 कोड के माध्यम से प्रतिमाह जमा किया जा रहा है। वहीं दूसरी तरफ बेनिया शापिंग काम्पलेक्स के दुकानदारों के द्वारा किराये वृद्धि का विरोध करते हुये किराया जमा न करने का निर्णय लिया गया। नगर निगम, वाराणसी के द्वारा बेनिया शापिंग काम्पलेक्स के दुकानदारों को किराया जमा करने हेतु मई 2024 व दिसम्बर 2024 में सूचना/ नोटिस निर्गत किया गया तथा उनकी सुविधा हेतु जनवरी 2025 में सभी दुकानों में क्यू0आर0 कोड चस्पा किया गया तथा दुकानदारों को निर्देशित किया गया कि वे अपना बकाया किराया जमा करें। साथ ही नगर निगम के अधिकारियों के द्वारा कई बार वार्ता कर प्रकरण को निस्तारित करने का प्रयास किया गया। नगर निगम, वाराणसी द्वारा 11.04.2025 को पुन: बकाया जमा करने हेतु पत्र प्रेषित किया गया तथा निर्देशित किया गया कि वे अपना किराया जमा कर दें। बेनिया शापिंग काम्पलेक्स के द्वारा फिर भी किराया जमा नही किया गया, जिस पर नगर निगम द्वारा कार्यवाही करते हुये 21.04.2025 को बेनिया शापिंग काम्पलेक्स पर तालाबन्दी कर दुकानों को अपने कब्जे में ले लिया गया। दुकानों पर तालाबन्दी के विरूद्ध आवंटित दुकानदार खालिद नसीर एवं अन्य 6 लोगों ने उच्च न्यायालय में रिट याचिका संख्या-14222/2025 दायर की गयी। 07.05.2025 को उच्च न्यायालय में सुनवाई के पश्चात उच्च न्यायालय ने आदेश पारित किया कि बेनिया शापिंग काम्पलेक्स के सभी दुकानदार अपना समस्त बकाया किराया 10 दिनों में जमा करना सुनिश्चित करें, यदि दुकानदार निर्धारित अवधि में बकाया किराया जमा करने में चूक करते हैं तो नगर निगम, वाराणसी इनके विरूद्ध कोई भी वैधानिक कार्यवाही करने के लिये स्वतंत्र होगा। नगर निगम, वाराणसी की तरफ से उच्च न्यायालय में प्रभावी पैरवी विद्वान अधिवक्ता विनित शंकर ने किया।

वीडीए ने रिकॉर्ड रूम के दस्तावेज़ों और मानचित्रों के संरक्षण के लिए उठाया ठोस कदम

तरुणमित्र न्यूज

वाराणासी। वाराणसी विकास प्राधिकरण (वीडीए) अपने उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के निर्देशन में प्राधिकरण के कार्यालय स्थित रिकॉर्ड रूम में वर्षों से संरक्षित महत्वपूर्ण अभिलेखों, फाइलों एवं सजरा मानचित्रों के संरक्षण और रख-रखाव हेतु एक उल्लेखनीय पहल करने जा रहा है। इस दिशा में कार्य करने के लिए प्राधिकरण ने भारतीय राष्ट्रीय कला एवं सांस्कृतिक विरासत न्यास (INTACH) को तकनीकी सहयोग हेतु जिम्मेदारी सौंपी है। INTACH के निदेशक धर्मेन्द्र मिश्रा के नेतृत्व में विशेषज्ञों की एक टीम रिकॉर्ड रूम में संग्रहीत दस्तावेजों एवं मानचित्रों की वर्तमान स्थिति का सर्वेक्षण कर उनके भौतिक संरक्षण (Physical Preservation) हेतु आवश्यक कार्यवाही करेगी। उल्लेखनीय है कि संरक्षण की जाने वाली फाइलों में कई दस्तावेज़ 1950 से भी पूर्व के हैं, जो प्रशासनिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

प्रस्तावित कार्य योजना में रिकॉर्ड प्रबंधन प्रणाली को अधिक प्रभावी और सुरक्षित बनाने की दिशा में संबंधित कर्मचारियों को प्रशिक्षण देने का भी प्रावधान है। इस प्रशिक्षण के माध्यम से मानचित्रों एवं अभिलेखों के सुव्यवस्थित रख-रखाव को सुनिश्चित किया जाएगा।इसके अतिरिक्त, कीट नियंत्रण (IPM – Integrated Pest Management) की वैज्ञानिक प्रणाली को लागू किया जाएगा। आईपीएम एक समग्र कीट प्रबंधन पद्धति है, जिसमें यांत्रिक, भौतिक, जैविक एवं आवश्यकता अनुसार न्यूनतम रासायनिक उपायों का संतुलन स्थापित कर दस्तावेजों को दीमक, कीड़े, फफूंद और अन्य कारकों से सुरक्षित रखा जाता है। यह विधि पर्यावरण के अनुकूल होने के साथ-साथ संग्रहित सामग्री की दीर्घकालिक सुरक्षा सुनिश्चित करती है। इस पहल को प्राधिकरण के प्रभारी अधिकारी (अभिलेखागार) द्वारा अत्यंत आवश्यक एवं तार्किक मानते हुए सचिव एवं उपाध्यक्ष महोदय के समक्ष अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किया गया है। कार्य योजना को वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करने की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। साथ ही INTACH द्वारा प्रस्तुत बजट के अनुसार भुगतान की प्रक्रिया भी प्रारंभिक चरण में है, जिससे कार्य शीघ्र गति पकड़ सके।

बरेका एएसआई को रेल सुरक्षा बल के प्रतीक चिह्न एवं प्रशस्ति-पत्र से सम्मानित किया जाएगा

तरुणमित्र न्यूज

वाराणसी। बरेका रेल सुरक्षा बल (आरपीएफ) के सहायक उप निरीक्षक ब्रह्मा नाथ शुक्ला को उनकी उत्कृष्ट सेवा, कर्तव्यनिष्ठा एवं कार्यकुशलता के लिए महानिदेशक रेल सुरक्षा बल (डीजी आरपीएफ) प्रतीक चिह्न (Insignia) एवं प्रशस्ति-पत्र (Commendation) प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान उन 201 चुनिंदा आरपीएफ / आरपीएसएफ (RPF/RPSF) अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दिया जा रहा है, जिन्होंने अपने सेवा कार्यों में असाधारण समर्पण, अनुशासन और बहादुरी का परिचय दिया है। उनकी यह उपलब्धि न केवल बरेका बल्कि सम्पूर्ण भारतीय रेल सुरक्षा बल के लिए गर्व की बात है।

बरेका महाप्रबंधक नरेश पाल सिंह ने सहायक उप निरीक्षक ब्रह्मा नाथ शुक्ला को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।ये सूचना बरेका के जन संपर्क अधिकारी राजेश कुमार ने दी।

काशी विद्यापीठ दर्शनशास्त्र विभाग में आरडीसी की बैठक 24 मई को

तरुणमित्र न्यूज

वाराणसी। दर्शनशास्त्र विभाग, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में शोध में प्रवेश के द्वितीय चरण के अन्तर्गत पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन एवं साक्षात्कार के लिए आर.डी.सी. की बैठक 24 मई को आयोजित है। विभागाध्यक्ष प्रो. राजेश कुमार मिश्र ने बताया कि बैठक पूर्वाह्न 10 बजे से दर्शनशास्त्र विभाग में होगी। बैठक में अर्ह अभ्यर्थियों को अपने सभी मूल अभिलेखों/प्रमाण-पत्रों के साथ साक्षात्कार के लिए उपस्थित होना अनिवार्य है।

नो बिल जो पेमेंट का बोर्ड ना लगाने और गंदगी पर फूड प्लाजा को नोटिस जारी, लगा जुर्माना

प्लेटफॉर्म स्थित खाद्य पदार्थ के स्टॉल पर साफ सफाई की चेकिंग करते एडीआरएम लालजी चौधरी व स्टेशन निदेशक अर्पित गुप्ता सहित अन्य रेल अफसर

तरुणमित्र न्यूज

वाराणसी। एडीआरएम लालजी चौधरी एवं स्टेशन निदेशक अर्पित गुप्ता द्वारा वाराणसी जंक्शन का शुक्रवार को साप्ताहिक निरीक्षण किया गया।इस दौरान प्लेटफॉर्म एक पर आईआरसीटीसी फूड प्लाजा, टिकट घर, यात्री हाल नंबर चार सर्कुलेटिंग एरिया तथा प्रीमियम लाउंज का निरीक्षण किया गया। इस दौरान आईआरसीटीसी फूड प्लाजा पर "No Bill No Payment" वाला बोर्ड न होने एवं समोसा/पेटीज रखने वाले होटकेस में सफाई न होने पर फूड प्लाजा को नोटिस जारी कर जुर्माना करने को कहा गया। इसके बाद प्रीमियम लाउंज के निरीक्षण पर चिप्स/कोलड्रिंक इत्यादि की पेटियां बेतरतीब पड़ी देख कर प्रीमियम लाउंज के प्रबंधक को चेतावनी दी गई। इसके बाद सभी पर्यवेक्षकों के साथ स्टेशन सुधार से जुड़े कई मुद्दों पर चर्चा की गई एवं यात्री सुविधा को और अच्छा करने की हिदायत दी गई है।

एनएसयूआई ने भारतीय सेना के समर्थन में निकाली जय हिंद यात्रा

कांग्रेस जन भारतीय सेना के समर्थन में जय हिंद यात्रा निकालते हुए

तरुणमित्र न्यूज

वाराणसी। एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष ऋषभ पांडेय के नेतृत्व में शुक्रवार को जय हिंद यात्रा गुलाब बाग पार्क, सिगरा स्थित सुभाष चंद्र बोस की मूर्ति से भारत माता मंदिर तक निकला गया।

जिसमें सेना के जवानों के पराक्रम एवं शौर्य की प्रशंसा करते हुए ऋषभ पांडेय ने कहा कि हर परिस्थिति में हम सभी कांग्रेसजन एवं एनएसयूआई के साथी अपने देश और सेना के साथ खड़े है। हमारी जाबांज सेना चट्टान की तरह खड़ी होकर युद्ध के मैदान में पाकिस्तान को परास्त कर रही, वर्तमान समय में पाकिस्तान आतंकवादियों का अड्डा बन गया है जिसे खत्म करने के लिए यह अति आवश्यक था और यही पहलगांव में हुए शहीदों के लिए सच्ची श्रद्धांजलि है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से लल्लापुरा के पार्षद प्रिंस राय, जिला उपाध्यक्ष विश्वनाथ कुंवर, युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव कुंवर यादव, रौनिक सोनकर, जितिन पटेल, गौतम शर्मा, रविन्द्र पटेल, दिलीप सोनकर सहित सैकड़ों एनएसयूआई एव कांग्रेस की कार्यकर्ता उपस्थित थे।

भाजपा जिलाध्यक्ष/एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा ने निकाला विजय जुलूस

भाजपा एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा पार्टी कार्यकर्ताओं संग तिरंगा यात्रा जुलूस निकलते हुए

तरुणमित्र न्यूज

वाराणसी। रोहनिया विधानसभा कंचनपुर में पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर भारतीय सेना द्वारा किए गए ऐतिहासिक स्ट्राइक पर एमएलसी एवं भाजपा जिला अध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा ने शुक्रवार को हर्ष उल्लास के साथ कार्यकर्ताओं संग तिरंगा यात्रा निकाला।इस दौरान नागेंद्र गांधी, कर्दमेश्वर मंडल अध्यक्ष जयप्रकाश पटेल पार्षद गुड्डू पटेल, गोपाल पटेल, रामसिंह यादव कल्लू, विजय बिंद गोबिंद दास गुप्ता अनिल पांडेय जितेंद्र केशरी अभय सिंह ओमप्रकाश प्रियदर्शी विजय विश्वकर्मा हीरू सिंह, रवींद्र राम हिमाशू जैसवाल अमित पाठक आभास शर्मा अजय विश्वकर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

बाल्थर पब्लिक स्कूल में 700 बच्चों को ड्रेस, बुक व बैग वितरित किया गया

रामपुर। नगर पंचायत रामपुर के बाल्थर पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को 700 बच्चों को ड्रेस, बुक व बैग मुख्य अतिथि योगेंद्र राय (काका) मैनेजिंग डायरेक्टर काका ओवरसीज भदोही कै उपस्थिति में वितरण किया गया। उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि योगेन्द्र राय ने कहा कि शिक्षा के प्रति बच्चों को उत्साहित करने के लिए अभिभावकों एवं शिक्षकों को हमेशा तत्पर रहना चाहिए। वाल्थर पब्लिक स्कूल के मैनेजर श्री शिव सागर तिवारी ने आए हुए सभी लोगों का अभिनन्दन व आभार प्रकट किया। इस अवसर लोलार्क नाथ तिवारी, दीनानाथ तिवारी, रत्नेश तिवारी, श्यामधर मिश्र, प्रधान आद्या प्रसाद गिरी, छेदी जायसवाल, कृष्णानंद पांडे, मकसूद अहमद, रमेश दुबे मंडल महामंत्री रामपुर, आशुतोष दुबे विश्व हिंदू परिषद मछली शहर, मनीष जायसवाल व्यापार मंडल अध्यक्ष, सतीश जायसवाल सभी लोग ने बच्चे बच्चियों को आशीर्वाद प्रदान किया।

मामूली कहा सुनी में दबंगों ने जमकर किया पत्थर बाजी, कुनबा घायल

तरुणमित्र न्यूज

केराकत। क्षेत्र के ग्राम डेहरी में शुक्रवार को दोपहर मामूली कहा सुनी में दबँगो ने जमकर पत्थर बाजी करके पूरे कुनबे को बुरी तरह घायल कर दिया। गौरतलब है कि डेहरी निवासी समीम अहमद पुत्र मोहम्मद नवी का अपने पड़ोसी से सुबह मामूली कहा सुनी हो गयी। बीच बचाव के बाद मामला शांत हो गया। दोपहर में समीम के घर के लोग मस्जिद में नमाज पढ़ने चले गये। तभी मौके का फायदा उठाकर दबँगो ने समीम के घर पर पत्थर बाजी कर दिया। जिसके चलते जूली बानो 19वर्ष, सनाफिया 12वर्ष, आसिया बानो 32वर्ष पत्नी समीम अहमद, सोबी बानो 20वर्ष बुरी तरह घायल हो गयी। घालावस्था में सभी को उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया। जहाँ स्थित नाजुक देख सभी को बेहतर उपचार हेतु जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगायी। पुलिस तहरीर के आधार पर मामले की जांच कर रही है।

कम्प्यूटर प्रशिक्षण के लिए करें आवेदन

जौनपुर। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी नरेन्द्र कुमार विश्वकर्मा ने अवगत कराया है कि उत्तर प्रदेश शासन पिछड़ा वर्ग कल्याण अनुभाग-2 के शासनादेश द्वारा पिछड़े वर्ग के बेरोजगार युवक/युवतियों के लिए संचालित ओ-लेवल एवं सी.सी.सी. कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना को वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु ऑनलाईन संचालित की जा रही है। वर्ष 2025-26 में इस योजना के अन्तर्गत भारत सरकार की अधिकृत संस्था 'नीलिट' से मान्यता प्राप्त संस्थाओं द्वारा अन्य पिछड़े वर्ग के युवक/युवतियों को 'ओ' लेवल एवं सी.सी.सी. कम्प्यूटर प्रशिक्षण कराने हेतु संबंधित जनपदों में आवेदन किया जा सकता है। ऑनलाईन आवेदन किये जाने की तिथि 13 मई, 2025 से 27 मई, 2025 तक है। पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग उ0प्र0 की वेबसाइट पर दिये गये लिंक एवं से निर्धारित प्रारूप पर संस्था द्वारा ऑनलाईन आवेदन किया जा सकता है। इस हेतु दिशा-निर्देश/समय-सारणी उक्त वेबसाइट पर प्रदर्शित कर दी गयी है।

आवेदन करने के उपरांत संस्था द्वारा ऑनलाईन भरे गये आवेदन की प्रति डाउनलोड कर प्रिंट आउट प्राप्त कर हस्ताक्षरित करते हुए समस्त अभिलेखों तथा उपलब्ध से संबंधित विवरण सहित कार्यालय जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, जौनपुर में 27 मई, 2025 सायं 5:00 बजे तक अनिवार्य रूप से हार्ड कॉपी उपलब्ध करायी जाये। संस्था द्वारा ऑनलाईन आवेदन में भरी गयी सूचना एवं उपलब्ध कराये गये अभिलेखों का परीक्षण तथा संस्था की आधारभूत संरचनाओं का भौतिक सत्यापन कराते हुए निदेशक, पिछड़ा वर्ग कल्याण की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा कम्प्यूटर प्रशिक्षण हेतु संस्थाओं का चयन किया जायेगा।

पुलिस ने एक को किया गिरफ्तार

जौनपुर। खेतासराय थानाध्यक्ष रामाश्रय राय के निर्देशन में गठित पुलिस टीम ने शुक्रवार को एक वारंटी को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही करते हुए चालान न्यायालय भेज दिया। वारंटी की पहचान खेतासराय थाना क्षेत्र के कोहरऊटी वार्ड निवासी सहादुर प्रजापति पुत्र मदन प्रजापति के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि आरोपित के खिलाफ न्यायालय से कई मामले में वारंट जारी था । सूचना के बाद भी वह अदालत में नहीं हाजिर हो रहा था। लिहाजा उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस की इस कार्रवाई में उप निरीक्षक लल्लू सिंह के साथ हेड कांस्टेबल संजय पांडेय, अंबिका यादव शामिल रहे।

कृषि सखियों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न

जौनपुर। कृषि विज्ञान केंद्र बक्शा में शुक्रवार को राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के अंतर्गत कृषि सखी/सीआरपी के पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डा. सुरेश कुमार कन्नौजिया ने कृषि सखी/सीआरपी को सम्बोधित करते हुए प्राकृतिक खेती की अवधारणा एवं सिद्धान्तों के बारे में बताया एवं अपने अनुभव को साझा किया।

उन्होंने कृषि सखियों को मूल्य संवर्धन के महत्व के बारे में बताया। यह प्रशिक्षण 05 मई से 09 मई तक पांच दिनों तक आयोजित हुआ। चयनित कृषि सखियां प्राकृतिक खेती का प्रशिक्षण लेकर अपने खेत पर स्वयं रसायन मुक्त खेती करेगी एवं अपने क्लस्टर के चयनित कृषकों को भी गौ आधारित शून्य बजट वाली प्राकृतिक खेती हेतु प्रेरित करेगी, मिशन में जिले के 10 ब्लाकों से 55 क्लस्टर तैयार कर 2750 हेक्टेयर क्षेत्रफल में 6875 कृषकों को प्राकृतिक खेती के लिए चिन्हित किया गया है, प्रत्येक क्लस्टर में से दो कृषि सखी/सीआरपी का चयन किया गया है। इरी वाराणसी के वैज्ञानिक डा. विपिन कुमार ने कहा कि किसान प्राकृतिक खेती में रासायनिक खादों एवं कीटनाशको का उपयोग किए बिना स्वस्थ एवं टिकाऊ खेती कर अपनी समृद्धि कर सकते है। उन्होंने धान की सीधी बुआई (डीएसआर) तकनीक की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन डा. रमेश चन्द्र यादव उप परियोजना निदेशक आत्मा द्वारा किया गया। उन्होंने प्राकृतिक खेती मिशन एवं कृषि सखी/सीआरपी के कार्य और उनकी जिम्मेदारियों से अवगत कराया और बताया कि प्राकृतिक खेती के चार मुख्य सिद्धान्त है, जीवा मृत, वीजा मृत, आच्छादन और वाफसा है, सिद्धांत पूर्ण रूप से प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग करके खेती करने और मिट्टी, पानी एवं पर्यावरण स्वस्थ रखने पर केंद्रित है।

प्रशिक्षण के प्रथम दिन डॉ0 हरिओम वर्मा द्वारा बताया गया कि प्रत्येक क्लस्टर में दो कृषि सखी का चयन हुआ है इन सखियों को हर क्लस्टर मे 125 किसानो को प्राकृतिक खेती करने के लिए प्रेरित करना है। प्रशिक्षण के दूसरे दिन प्राकृतिक खेती में देशी गाय के महत्व एवं अन्य पशुओं के उपयोग के साथ मृदा स्वास्थ्य के बारे में जानकारी दी गयी। तीसरे दिन डा. रूपेश सिंह द्वारा पौधों में लगने वाले रोंगो एवं कीटों का प्राकृतिक उपचार, फसल चक्र के बारे में जानकारी प्रदान की गयी। चौथे दिन प्राकृतिक खेती के विभिन्न घटको को जीवंत प्रयोग कराया गया। कार्यक्रम के अंतिम दिन फार्म प्रक्षेत्र भ्रमण एवं इंटीग्रेटेड फार्मिंग के विभिन्न मॉडल के बारे में जानकारी दी गयी। प्रशिक्षु प्रतिभागियों द्वारा कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों की सराहना की गईं एवं भारत सरकार के राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन को जन जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। अन्त में डॉ0 सुरेन्द्र प्रताप सोनकर के धन्यवाद ज्ञापन से प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस मौके पर एडीओ एजी अनुराग सिंह, अमित सिंह, नरेंद्र सिंह, अशोक कुमार सहित चयनित कृषि सखियां उपस्थित रही।

रोजगार पाकर 549 अभ्यर्थियों के खिले चेहरे

जौनपुर। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सिद्धिकपुर परिसर में वृहद अप्रेंटिस तथा रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में राज्यमंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) खेल एवं युवा कल्याण गिरीश चंद्र यादव जी, विशिष्ट अतिथि जिलाधिकारी डा. दिनेश चंद्र तथा मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाड़िया की गरिमामयी उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मंत्री द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के आयोजन में प्रतिभाग करने वाले अभ्यर्थियों की कुल संख्या 1500 रही, जिसमें रोजगार प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों की कुल संख्या 549 है। मंत्री जी द्वारा आईटीआई के प्रशिक्षार्थियों को टैबलेट वितरण कर अभ्यर्थियों के मनोबल को बढ़ाया गया। तत्पश्चात रोजगार पाने वाले अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किया गया, मा0 मंत्री जी द्वारा राजकीय आईटीआई के विद्युत कनेक्शन को शहरी अंचल से जोड़ने हेतु उच्चाधिकारियों को अवगत कराया गया तथा ऑडिटोरियम, महिला आईटीआई बिल्डिंग, केंद्रीय विद्यालय का शुभारंभ जल्द प्रारंभ किये जाने की बात कही गई, उन्होंने अवगत कराया कि प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार में युवाओं को अत्यधिक रोजगार प्राप्त कराया गया है एवं कंपनियों द्वारा लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण किया गया तथा उनके बारे में जानकारी प्राप्त की गई, नोडल प्रधानाचार्य द्वारा माननीय मंत्री को बुके तथा शाल भेंट कर स्वागत किया गया।

जिलाधिकारी द्वारा अभ्यर्थियों के उत्साहवर्धन के लिए शॉल देकर सम्मानित किया गया, तथा अभ्यर्थियों को स्वस्थ रहने के मूल मंत्र दिए गए, वहीं मुख्य विकास अधिकारी द्वारा टाटा टेक्नोलॉजी के सहयोग से संचालित नवनिर्मित कौशलम् केंद्र का गहन निरीक्षण कर मशीनों के बारे में जानकारी प्राप्त की गई तथा रोजगार प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों के उत्साहवर्धन हेतु शुभकामनाएं दी गई तथा जीवन में आगे बढ़ने का मूल मंत्र दिया गया। प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई शाहगंज बृजेश कुमार, भाजपा के वरिष्ठ नेता सुरेंद्र सिंहानिया, करंजाकला ब्लॉक के पूर्व मंडल अध्यक्ष राजकेशर पाल, आई.आई.ए. के अध्यक्ष बृजेश यादव, हॉकिंस कंपनी के प्रमुख अमित जिंदल, यू.ए.एल. के मैनेजर ए.भी.सिंह, जिला सेवायोजन अधिकारी जयप्रकाश पासवान तथा उद्योग विभाग के अधिकारी जयप्रकाश सहित अन्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में वरिष्ठ कार्यदेशक अखिलेश कुमार सिंह, हरेंद्र यादव अनुदेशक देवेश यादव, शशिकांत सिंहानी, आशीष सिंह, पवन प्रजापति, राकेश पाल, मनीष यादव, प्रधान सहायक मनोज सिंह तथा रोहित सिंह ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, मंच का सफल संचालन अनुदेशक अजय यादव द्वारा किया गया। अंत में नोडल प्रधानाचार्य द्वारा आए हुए नियोक्ताओं तथा ड्यूटी में लगे समस्त कर्मचारियों को सफल आयोजन हेतु बधाई दी गई तत्पश्चात समापन की घोषणा की गई तथा मंत्री का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी मनीष कुमार पाल रहे।

नहीं आए सामग्री लेने वाले, नीलामी टली

तीन वर्ष पहले जब्त खाद्यान्न की होनी थी सात मई को नीलामी

तरुणमित्र न्यूज

मछलीशहर। तीन साल बाद दो उचित दर विक्रेताओं की दुकान से जब्त खाद्यान्न सामग्री की नीलामी पर्याप्त क्रय कर्ताओं के अभाव में नहीं हो पाई है। आपूर्ति विभाग द्वारा अगली 15 मई को नीलामी करने की बात कही गई है।

सात मई 2025 को 2बजे तिलोरा में उचित दर विक्रेता भुआल की दुकान पर लालजी यादव की दुकान का तीन साल पहले जब्त सरकारी दुकान के सामान की नीलामी होना था। इसी दिन साढ़े तीन बजे अरुआवा गांव में अशोक मिश्रा की दुकान पर निजामुद्दीनपुर के उचित विक्रेता राजदेव सिंह की दुकान के जब्त खाद्यान्न की नीलामी करने की योजना बनाई गई थी। उक्त नियत तिथि को सामान की नीलामी लेने वाले पर्याप्त लोग नहीं आए ,ऐसे में नीलामी प्रक्रिया रोक दी गई है। उक्त जानकारी देते हुए क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी श्रीमती अमिता द्विवेदी ने बताया कि पूर्व में उपजिलाधिकारी द्वारा जारी नीलामी आदेश के क्रम में खरीदने वाले लोगों की संख्या न्यून होने के कारण आपूर्ति विभाग कार्यवाही पूरी नहीं कर पाया है। अगली 15 मई को पूर्व निर्धारित समय और स्थान पर नीलामी प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

जंघई रेलवे स्टेशन पर चला संघन चेकिंग अभियान

जंघई। रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार दोपहर को सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। थाना अध्यक्ष मीरगंज विनोद अंचल ने आरपीएफ और जीआरपी के साथ मिलकर जंघई रेलवे स्टेशन पर पैदल गस्त और संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की। थाना अध्यक्ष मीरगंज विनोद अंचल ने जीआरपी प्रभारी प्रमोद कुमार यादव और आरपीएफ के यस आई नागेन्द्र सिंह के साथ मिलकर प्लेटफार्म नंबर एक, दो और तीन के अलावा सर्कुलेटिंग एरिया में पैदल गस्त की।

यात्रियों को तलाशी लेते जवान।

इस दौरान उन्होंने संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की और सुरक्षा व्यवस्था की जांच की। इस मौके पर थाना अध्यक्ष मीरगंज विनोद अंचल ने कहा कि सुरक्षा के प्रति जागरूकता बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि रेलवे स्टेशन जैसे भीड़भाड़ वाले इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष ध्यान रखना आवश्यक है। यस आई मुन्नीलाल कनौजिया ने भी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

तनाव को अलविदा कह करें सुखमय जीवन की शुरुआत : बीके पूनम

- *विश्व शांति के लिए खुले आसमान में उड़ाएं गए गुब्बारें, मनाया उत्सव*
- *नौ दिवसीय अलविदा तनाव शिविर का समापन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले हुए सम्मानित*

मुंगराबादशाहपुर। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से सिटी पब्लिक स्कूल में चल रहे अलविदा तनाव शिविर का समापन गुड बाय टेंशन उत्सव में जमकर महिलाएं झूमीं। शिविर में लोगों ने तनाव को अलविदा कहकर खुशहाली भरे जीवन में प्रवेश लेने का संकल्प लिया। लाफिंग बुद्धा की खुशी का आगमन मनाया गया। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक डा. सुषमा पटेल, पूनम दीदी, ब्लॉक प्रमुख सत्येंद्र सिंह,आलोक गुप्ता पिंटू,इंजी उमाशंकर गुप्ता, राजकुमार जायसवाल, आकाश गुप्ता, धीरज गुप्ता, रंजीत गुप्ता, राजकुमार ऊमरवैश्य राजू, अनीता दीदी, डा. राकेश ऊमरवैश्य, अंजु जायसवाल, सूरज तिवारी व सन्तोष गुप्ता आदि ने संयुक्त रूप से विश्व शांति के लिए ढ़ोल नगाड़े के बीच तनाव रूपी गुब्बारों को बांधकर खुले आसमान में उड़ाया।

बच्चों में आराध्या, अनु, प्रगति, सौम्या, अनन्या, रीठी व संध्या आदि ने आध्यात्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। समाज में उत्कृष्ट कार्य करने अतिथियों समेत बच्चों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक डॉ सुषमा पटेल ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए ये मत कहो खुदा से, मेरी मुश्किलें बड़ी है,इन मुश्किलों से कह्दो, मेरा खुदा बड़ा हैं.... गीत सुनकर लोगों सरहाना की। शिवम् केसरवानी तनाव रूपी मानव ने चल उड़ जा रे पंछी, अब देश हुआ बेगाना...., आज पुरानी राहों पर,कोई मुझे आवाज न दें..., हम तो चले परदेश, हम परदेसी हो गए..., तेरी गलियों में ना रखेंगे कदम, आज के बाद...,आदि गीतों पर उदास मन से लोगों से विदाई ली। महावीर लाफिंग बुद्ध ने लोगों को हंस-हंसकर जीवन में खुश रहने का संदेश दिया। इस दौरान तनाव मुक्त विशेषज्ञ ब्रह्माकुमारी पूनम बहन ने शिविर के माध्यम से साधकों को चिंता मुक्त, तनाव मुक्त, जीवन शैली, सरल एवं व्यवहारिक के उपाय के मनोबल एवं आंतरिक शक्तियों का विकास, सकारात्मक चिंतन जीवन जीने का स्पष्ट लक्ष्य आदि महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन किया। राजकुमार जायसवाल काजू, डॉ सीमा शुक्ला जायसवाल, संचालिका अनीता दीदी, आलोक गुप्ता पिंटू व उमाशंकर गुप्ता आदि ने ब्रह्माकुमारी पूनम दीदी को सम्मानित करके विदाई की। ब्रह्माकुमारी संचालिका अनीता दीदी ने अतिथियों को ईश्वरी सौंगात भेंटकर सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विपिन ऊमरवैश्य जिम्मी, रजनी, नेहा, ममता, ज्योति, बबीता, शर्मिला, प्रमिला, खुशबू, मीरा, संजू, शारदा, मालती, संगीता, शोभा, शीला, पुष्पा, किरन नगिना व वंदना आदि मौजूद रहीं।

उत्कृष्ट कार्य करने वाले को सम्मानित करती महिलाएं।

सूचना:- सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल वर्ष 1997 अनुक्रमांक 1310381 का मूल प्रमाण पत्र (सनद) खो गया है।

प्रार्थी:- मदन लाल पुत्र छोटेलाल ग्राम- सरायदेवा, पोस्ट- भटहर, जिला जौनपुर

जिला गंगा समिति, जिला वृक्षारोपण एवं पर्यावरण समिति की बैठक संपन्न

◆ गो आश्रय स्थलों पर वृक्षारोपण व नदियों के किनारे अतिक्रमण हटाने के डीएम ने दिए निर्देश

◆ बायोमेडिकल वेस्ट के निस्तारण का औचक निरीक्षण नगर पालिका एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम करें

तरुणमित्र न्यूज़

मऊ। जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र की अध्यक्षता में शुक्रवार को कैंप कार्यालय स्थित सभागार में जिला गंगा समिति एवं वृक्षारोपण तथा पर्यावरण समिति की बैठक हुई। जिला गंगा समिति की बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने नगर पालिका एवं नगर पंचायतों में ठोस एवं द्रव्य पदार्थों के अपशिष्ट को नदियों में प्रवाहित करने से रोकने हेतु एमआरएफ सेंटर के निर्माण के अद्यतन की स्थिति जानकारी ली। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद ने बताया कि नगर पालिका परिषद क्षेत्र में द्रव्य एवं ठोस पदार्थ के अपशिष्ट को नदियों में प्रवाहित न करने हेतु सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट के स्थल को चिन्हीकरण हो चुका है। शीघ्र ही आगे की कार्रवाई की जानी है।

जिलाधिकारी ने नदियों के किनारे स्थित ग्राम पंचायत में नदियों के जल को स्वच्छ रखने हेतु नदी किनारे स्थित ग्राम पंचायत में जागरूकता फैलाने एवं कूड़ा निस्तारण की व्यवस्था करने के भी निर्देश जिला पंचायत राज अधिकारी को दिए। इसके अलावा उन्होंने जिला कृषि अधिकारी को नदी के किनारे स्थित गांव में जैविक खाद का प्रयोग करने हेतु प्रोत्साहित करने को भी कहा तथा गांव के किसानों में रासायनिक खादों को छोड़ जैविक खाद प्रयोग करने हेतु जागरूकता फैलाने के भी निर्देश दिए। जनपद स्थित पकड़ीताल, तालतरोय, नरजा ताल में मखाना, सिंघाड़ा की खेती करने तथा मत्स्य पालन को बढ़ावा देने हेतु उन्होंने उद्यान विभाग को किसानों का शीघ्र चयन कर इसकी पैदावार प्रारंभ करने को कहा। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को भी स्कूल,कॉलेज में नदियों को स्वच्छ रखने हेतु छात्रों के बीच जागरूकता फैलाने को कहा। नदियों के किनारे अतिक्रमण को देखते हुए उन्होंने अधिशासी अभियंता सिंचाई विभाग को अतिक्रमण चिन्हित कर हटाने तथा खाली स्थलों पर वृहद वृक्षारोपण कराए जाने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने बायोमेडिकल वेस्ट की सूचना नियमित उपलब्ध कराने तथा अस्पतालों के बायोमेडिकल वेस्ट के निस्तारण का औचक निरीक्षण नगर पालिका परिषद एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ करने के निर्देश दिए।

कलेक्ट्रेट सभागार में समिति की बैठक लेते जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र।

जिला वृक्षारोपण एवं पर्यावरण समिति की बैठक के दौरान जिला अधिकारी ने जिन विभागों द्वारा शत प्रतिशत जियो टैगिंग कार्य अभी पूर्ण नहीं हुए हैं, उन्हें तत्काल जिओ टैगिंग कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा पौधों की जीवित प्रतिशत की सूचना तत्काल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। जनपद को इस वर्ष कुल 3050860 वृक्षारोपण का लक्ष्य प्राप्त हुआ है,जिसमें वन विभाग को 13 लाख 98 हजार 200 पर्यावरण विभाग को 141000, ग्राम्य विकास विभाग को 1106000, नगर विकास विभाग को 16000 कृषि विभाग को 181000 तथा उद्यान विभाग को 113000 प्रमुख हैं। जिलाधिकारी ने समस्त विभागों को लक्ष्य के सापेक्ष गड्ढा खुदाई का कार्य पूर्ण करने तथा वृक्षों का उठान करते हुए शत प्रतिशत वृक्षारोपण करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी पीके पांडे, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद दिनेश कुमार, डीसी मनरेगा उपेंद्र पाठक सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

मातृभूमि की सुरक्षा के लिए राणाप्रताप ने प्राणों की आहुति दी: सुजीत सिंह

तरुणमित्र न्यूज

मऊ। हिंदू जागरण समिति के तत्वावधान में नगर के भीटी के राजपूत नगर स्थित एक आवास पर शुक्रवार को मेवाड़ के राजा महाराणा प्रताप की जयंती धूमधाम से मनाई गई। जहां उनके चित्र पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर हिंदू जागरण समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुजीत कुमार सिंह ने कहा के महाराणा प्रताप ने अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए कठिन संघर्ष किया। वह एक सच्चे राष्ट्र भक्त थे।

उनका चिंतन हमेशा मातृभूमि के सुरक्षा के लिए रहा। उनका जीवन संघर्षों से भरा था, लेकिन उन्होंने कभी हार नहीं मानी। उन्होंने मातृभूमि की सुरक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी, लेकिन कभी भी धर्म और सिद्धांत से समझौता नहीं किया। उनकी कहानी हमें प्रेरित करती है। हमें अपने देश की संस्कृति सभ्यता के प्रति समर्पित रहने के लिए प्रोत्साहित करती है। रागिनी मंदाकिनी सरस्वती ने कहा कि महाराणा प्रताप कभी मुगलों के सामने घुटने नहीं टेके और जिंदगी के आखिरी सांसों तक दुश्मनों से लड़ते रहे और वीरगति को प्राप्त हुए। हिंदू जागरण समिति के प्रांत संगठन मंत्री रामकृष्ण भारद्वाज ने कहा कि महाराणा प्रताप अद्भुत कौशल और पराक्रम से मुगल बादशाह अकबर को सीधी कड़ी टक्कर दी और उनके छक्के छुड़ा दिए। उन्होंने अनेक चुनौतियों का सामना किया। घास की रोटी खाई लेकिन कभी भी किसी के सामने झुकना मंजूर नहीं किया। हिंदू जागरण समिति के संरक्षक सुदर्शन सिंह ने आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर श्याम सिंह, बृजेश सिंह पटेल, गुड्डू सोनकर, आर्यन सिंह, आदित्य रंजन सिंह, वरुण कुमार पांडेय, रोशन वर्मा, नीरज बरनवाल, चंद्र प्रकाश, रिंकू सिंह आदि उपस्थित रहे।

आइजीआरएस/सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में जनपद टॉप टेन में शामिल

□ मार्च महीने की जारी रैंकिंग में जनपद रहा 70वें स्थान पर

□ डीएम के नियमित मॉनिटरिंग के चलते रैंकिंग में हुआ गुणात्मक सुधार

तरुणमित्र न्यूज़

मऊ। आईजीआरएस/सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण के आधार पर प्रदेश स्तर पर अप्रैल महीने की जारी रैंकिंग में मऊ ने लंबी छलांग लगाते हुए पूरे प्रदेश में आठवां स्थान प्राप्त किया है। ज्ञातव्य है कि मार्च महीने की जारी रैंकिंग में जनपद का 70वां स्थान पर था, जिसको लेकर जिलाधिकारी ने गंभीर रुख अपनाया एवं साप्ताहिक समीक्षा कर शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए थे। जिसका सकारात्मक परिणाम अप्रैल महीने की जारी रैंकिंग में देखने को मिला। जिलाधिकारी के निर्देश पर ही निस्तारण योग्य शिकायतों का स्थलीय परीक्षण कर निस्तारण करने के साथ ही शिकायतकर्ताओं से भी फीडबैक लिया गया जिसके कारण भी रैंकिंग में अपेक्षित सुधार देखने को मिला।

जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र ने शुक्रवार को समस्त अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देश दिए हैं कि शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व निर्धारित समय के अंदर समाधान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। उन्होंने इस माह सभी विभागों से और भी बेहतर कार्य करने को कहा जिससे रैंकिंग में और सुधार हो सके। रैंकिंग में सुधार हेतु तथा शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में गत माह संतोषजनक रैंकिंग ना आने पर जिलाधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी ने शिकायतों के निस्तारण की गहन समीक्षा करनी शुरू की तथा पोर्टल पर शिकायतों के समाधान के प्रति जो भी विभाग लापरवाह दिखे उन्हें समय से पूर्व ही चेतावनी दी गई। इस विशेष प्रयास का परिणाम यह निकला कि जनपद ने पूरे प्रदेश में टॉप टेन में शामिल होते हुए आठवां स्थान प्राप्त किया है।

ई डिस्ट्रिक्ट मैनेजर आशीष कुमार मिश्रा ने बताया कि आईजीआरएस/सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण के आधार पर 11 बिंदुओं पर निर्धारित अंक दिए जाते हैं, जिनके आधार पर जनपद की रैंकिंग निर्धारित की जाती है।

अप्रैल महीने में जनपद ने टॉप टेन में स्थान बनाते हुए आठवीं रैंक हासिल की है तथा रैंकिंग निर्धारण हेतु निर्धारित कुल 140 अंकों में से 116 अंक प्राप्त किया जो कुल अंकों का 82.86 प्रतिशत है। अप्रैल महीने की जारी इस रैंकिंग में जनपद श्रावस्ती ने 93.57 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान हासिल किया है, जबकि जनपद शाहजहांपुर ने 92.86 प्रतिशत प्रकार द्वितीय स्थान तथा जनपद अमेठी ने 90.71 प्रतिशत प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया है। प्रदेश स्तरीय जारी इस रैंकिंग में जनपद प्रयागराज ने 67.86 प्रतिशत अंकों के साथ 75 वा तथा जनपद जौनपुर ने 68.57 प्रतिशत के साथ 74वां स्थान प्राप्त किया।

संक्षिप्त समाचार

कोतवाली परिसर से निकाला गया मोटरसाइकिल फ्लैग मार्च

तरुणमित्र न्यूज

मुहम्मदाबाद गोहना (मऊ)। *पुलिस अधीक्षक इलमारन जी के निर्देश के क्रम में शुक्रवार दोपहर कोतवाली परिसर मोटरसाइकिल से फ्लैग मार्च निकल गया। फ्लैग मार्च का नेतृत्व कर रहा है रविंद्र नाथ राय ने लोगों से अपील किया के आप लोग शांति बनाए रखें अफवाहों पर ध्यान ना दें। सोशल मीडिया पर कुछ भी कमेंट ना करें तथा आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग पदार्थ किसी के प्रति ना करें। प्रशासन पुलिस सदैव आपके साथ है। भाईचारा आपसी प्रेम बनाए रखें और सदैव दूसरे की भलाई करें। तभी पुलिस एवं हम लोगों के बीच एक प्रेम सद्भाव बना रहेगा। पूर्व अभ्यास के प्रति सदैव हम सब सजग प्रहरी के रूप में आपके साथ है। मोटर साईकिल फ्लैग मार्च शाहिद चौराहा कैलेंडर तिराहा विजय स्तंभ चौक शंकर तिराहा होते हुए कोतवाली परिसर में आकर समाप्त हुआ। इस मौके पर कस्बा उप निरीक्षक लाल साहब गौतम, उपनिरीक्षक अरविंद कुमार यादव, सरफराज खान, वैभव कुमार पांडे, अनिल सिंह, महिला उप निरीक्षक माधुरी सागर समेत समस्त पुलिसकर्मी फ्लैग मार्च के दौरान साथ रहे।*

कार व बोलेरो की टक्कर में दोनों वाहन क्षतिग्रस्त

तरुणमित्र न्यूज

मऊ। *जनपद के सरायलंखसी थाना क्षेत्र के रस्तीपुर गांव के निकट गुरुवार को आधी रात लगभग बारह बजे के करीब चार पहिया वाहनों में आमने सामने भीषण टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में दोनों वाहनों के चालक बुरी तरह से घायल हो गए। टक्कर से चोटिल चालक बेहोशी की स्थिति में आ गये जिसके चलते उनकी पहचान नहीं हो सकी। सरायलंखसी थानाध्यक्ष शैलेष सिंह ने बताया कि उन्हें सूचना प्राप्त हुआ कि गुरुवार की आधी रात लगभग बारह बजे के करीब गांव रस्तीपुर के पास एक ब्रेजा कार और बोलेरो में आमने सामने जबर्दस्त टक्कर हो गई। इस हादसे में दोनों वाहनों का आगे का हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया और सड़क खड़े हो गये। संयोग रहा कि उक्त दुर्घटना के दौरान दोनों वाहनों में लगे एयर बैग खुल गया जिसके चलते किसी अनहोनी घटना से बच गए है। उधर मौके पर पहुंची पुलिस व लोगों की मदद से घायल दोनों चालकों को जिस अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उनका इलाज चल रहा है।*

तहसील अधिवक्ता एसोसिएशन ने की बैठक

तरुणमित्र न्यूज

मुहम्मदाबाद गोहना (मऊ)। *तहसील अधिवक्ता एसोसिएशन कि लोगों की एक आवश्यक बैठक शुक्रवार को अधिवक्ता भवन में संपन्न हुई।*

बैठक की अध्यक्षता करते हुए अध्यक्ष फिरोज अहमद सिद्दीकी एवं मंत्री उमाशंकर यादव आदि अधिवक्ताओं ने निर्णय लिया कि जब तक एसडीम मधुबन तथा घोसी के दुर्व्यवहार एवं और संवैधानिक क्रियाकलाप के संबंध में हम सब अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे। जिसको लेकर अधिवक्ताओं ने यह निर्णय लिया और अपने कार्य से विरत रहे। बैठक में अधिवक्ता आफताब अहमद, आरसी आलम, विजय कुमार, संजय शर्मा, मुनव्वर मुन्ना, गुलाबचंद, राजेश कुमार सोनकर, सुधीर श्रीवास्तव, संतोष कुमार, पवन श्रीवास्तव आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।

चेकिंग के दौरान 29 दो पहिया वाहन का हुआ ई-चालान

तरुणमित्र न्यूज

मुहम्मदाबाद गोहना (मऊ)। *पुलिस अधीक्षक इलमारन जी के निर्देश के क्रम में गुरुवार रात्रि लगभग दर्जन स्थानों पर पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान 29 दो पहिया वाहन का ई-चालान किया है। पुलिस उपाध्यक्ष शीतल प्रसाद पांडे के नेतृत्व में विभिन्न स्थानों पर पुलिस ने वाहनों की चेकिंग की चेकिंग के दौरान ओवरलोडिंग हेलमेट एवं कागजात चालक द्वारा नहीं दिखाने पर गाड़ियों का ई-चालान किया गया। इस दौरान कोतवाल रवींद्रनाथ राय, उप निरीक्षक अरविंद कुमार यादव, सरफराज खान, वैभव कुमार पांडेय, अनिल सिंह, सुरजीत सिंह, महिला उपनिरीक्षक माधुरी सागर, कांस्टेबल निर्भय सिंह, अंशुमन शुक्ला, मनसा चौरसिया, राज किशोर समेत महिला व पुरुष कांस्टेबल चेकिंग स्थल पर उपस्थित रहे।*

अनियंत्रित बाइक से युवक घायल

तरुणमित्र न्यूज

मुहम्मदाबाद गोहना (मऊ)। *मऊ मार्ग स्थित मढैया चट्टी के पास शुक्रवार संध्या भारत राजभर पुत्र रत्नेश राजभर उम्र 26 वर्ष जो किसी का हेतु दो पहिया मोटर साइकिल से मऊ से वापस निवासी मुबारकपुर जनपद आजमगढ़ घर जा रहे थे कि अचानक गड्ढा आ जाने के कारण मोटरसाइकिल लेकर अनियंत्रित होकर गोरे गड्ढे में पलट गए और गंभीर चोट आ गई। इसी बीच किसी ने इसकी सूचना दूरभाष पर 108 नंबर एंबुलेंस को दी। मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने घायल व्यक्ति को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज हेतु ले गए।*

अदालती नोटिस

सम्मन वास्ते करारदार उमूर तनकीह तलब (आर्डर 5 कायदा 1 व 5) न्यायालय श्रीमान मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण मऊ, जनपद-मऊ याचिका संख्या- 235/2022 सीमा देवी आदि बनाम मोहम्मद कैफ आदि। बनाम 1- मोहम्मद कैफ पुत्र फकरे आलम, निवासी मुहल्ला- रामचण्डीपुर, चौबेपुर, वाराणसी उत्तर प्रदेश, पिन- 221104। ----विपक्षी दरगाह याची ने आपके नाम एक नालस दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 15 माह 05 सन् 2025 बवक्त 07 बजे के अदालत या मार्फत वकील पेषी मुकदमे के हालात में करार वाकिफ हो गया है और कुल उमरान अहम मुतालिका याचिका का जवाब दे सकें जिसके साथ और कोई शक्स हो जो कि जवाब ऐसे सवालात दे हाजिर हो और जवाबदेही दावा करे और आप की लाजिमी है कि उसी रोज है जुमैला दस्तावेज पेंश करें जिन पर आप बताईद अपनी जवाबदेही इस्तेमाल करना चाहते हैं। आपको इत्तला दी जाती है अगर ता0 मजकूर पर आप हाजिर होंगे तो याचिका बगैर हाजिर आपके मससूअअ और फैसला होगा बसख्स मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज व तारीख 02 माह 05 सन् 2025 ई0 को जारी किया गया। तारीख पेशी 15-05-2025 आज्ञा से- पीठासीन अधिकारी मो.दु.न्या.मऊ

नये जिलाध्यक्ष का कर्मचारियों ने किया भव्य स्वागत

तरुणमित्र न्यूज

मुहम्मदाबाद गोहना (मऊ)। विकास खण्ड मुहम्मदाबाद गोहना ब्लॉक सभागार में शुक्रवार को उत्तर प्रदेश चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी महासंघ के नये जिलाध्यक्ष अवधेश सिंह का स्वागत किया गया। स्वागत समारोह में ब्लॉक के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों ने उनका फूल-माला, बुके व अंगवस्त्र प्रदान कर भव्य स्वागत किया। जहां नव मनोनित अध्यक्ष ने कर्मचारियों संग कदम से कदम मिलाकर उनके हितों की लडाई लड़ने का संकल्प दुहराया। बतादें कि महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष क्रान्ति सिंह सोमवंशी एवं प्रदेश महामंत्री अशोक कुमार ने पिछले महीने पत्र निर्गत कर अवधेश सिंह को जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है। साथ ही उम्मीद जताई है कि वे ईमानदारी एवं निष्ठापूर्वक संघ के हित में काम करेंगे। जिला मुख्यालय के बाद मुहम्मदाबाद गोहना ब्लॉक में अपने स्वागत समारोह से गदगद अवधेश सिंह ने कहा कि संघ की मांगों के निराकरण हेतु पत्राचार व अधिकारियों से वार्ता के लिए वे अधिकृत हो गये हैं। वे ऊपर के पदाधिकारियों एवं जनपद के कर्मचारियों के साथ सह-संबंध स्थापित कर संगठन हितों के लिए काम करेंगे। पुरानी पेंशन की बहाली को लेकर भी संघर्ष किया जायेगा। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की मांन-प्रतिष्ठा की लड़ाई में वे सदैव आगे रहेंगे।

इस मौके पर सफाई कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष मनोज कुमार यादव, एशामुददीन अहमद, रामविलास, मनोज सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष अशोक कुमार, एहसान, विक्रांत राव, दिनेश यादव, बृजराज यादव, कार्तिक आजाद, आशा देवी, सरिता देवी, अरूण कुमार पाण्डेय, कैलाश आदि सहित समस्त कर्मचारीगण मौजूद रहे।

दिव्यांगजन नि:शुल्क कृत्रिम उपकरण के लिए करें आवेदन

तरुणमित्र न्यूज़

मऊ। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी रश्मि मिश्रा ने बताया कि पात्र दिव्यांगजनों को नि:शुल्क कृत्रिम अंग / सहायक उपकरण प्रदान किये जाने हेतु कृत्रिम अंग / सहायक उपकरण योजना के अन्तर्गत दिव्यांगजन अपना आवेदन करें। शुक्रवार को जारी विज्ञप्ति में उन्होंने बताया कि जनपद के ऐसे पात्र दिव्यांगजन जिन्हें कृत्रिम अंग / सहायक उपकरण जैसे ट्राईसाइकिल, व्हीलचेयर, कान की मशीन, अंध छड़ी, एम.आर.कीट, सी.पी.चेयर, मोबाईल फोन इत्यादि की आवश्यकता है वह दिव्यांगजन संबंधित पोर्टल https://divyangjanup.upsdc.gov.in पर आनलाईन आवेदन करें आनलाईन के किये जाने के पश्चात् यथाशीघ्र कार्यालय में अपने आवेदन की हार्डकापी सहित समस्त अभिलेख जमा करे। जिससे सहायक उपकरण दिया जा सके।

राज्यव्यापी आह्वान पर माकपा ने कलेक्ट्रेट पर किया प्रदर्शन

◆ नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंप अत्याचार को रोकने की मांग की

◆ योगीराज में दलित, महिलाओं, अल्पसंख्यकों पर हमला का लगाये आरोप

तरुणमित्र न्यूज

मऊ। दलितों, अल्पसंख्यकों, महिलाओं पर बढ़ते अत्याचार को रोकने की मांग पर मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के राज्यव्यापी आवाहन पर शुक्रवार को कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन दिया गया।

इस अवसर पर माकपा के नेताओं ने कहा कि योगीराज में दलित, महिलाओं, अल्पसंख्यकों पर हमले की बाढ़ सी आ गई है। बिगड़ती कानून व्यवस्था के चलते कमजोर वर्गों को न्याय मिलना मुश्किल हो गया है। बनारस, चंदौली, मिर्जापुर, सोनभद्र, इलाहाबाद, नजीबाबाद, संभल आदि जिलों की दर्दनाक घटना इसका उदाहरण है। प्रशासन अपराधियों पर कार्रवाई करने के बजाय पीड़ितों के विरुद्ध नफरती अभियान चला रही है और निर्दोष परिवारों के घर मकान को ध्वस्त कर उन्हें संवैधानिक अधिकारों और सुरक्षा से वंचित किया जा रहा है। भाजपा सरकार महंगाई, बेरोजगारी, शिक्षा, स्वास्थ्य किसानों की बर्बादी की तरफ ध्यान न देकर धार्मिक ध्रुवीकरण की सियासत कर रही है जिसके खिलाफ संघर्ष तेज करना होगा।

प्रदर्शन में पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत पर दुख व्यक्त कर एक मिनट का मौन रखा। कहा गया कि हत्यारे को दंडित करने के लिए सभी प्रयास किए जाने चाहिए। आतंकवादी हमला एक बड़ी सुरक्षा चूक का परिणाम है। किसान नेता राकेश टिकट पर मुजफ्फरनगर में सांप्रदायिक तत्वों द्वारा प्राणलेवा हमले और उनकी पगड़ी गिरने की कड़ी निंदा की।

प्रदर्शन सभा को प्रमुख रूप से माकपा जिला मंत्री अब्दुल अजीम खाँ, रामजी सिंह, बसंत कुमार, शिवाकांत मिश्रा वीरेंद्र कुमार, कैलाश चौहान, दीनानाथ मौर्य, विद्याधर कुशवाहा, सिकंदर, दिव्य कुमार, रामसूरत प्रजापति, रोधन चौहान, जय हिंद राजभर, शैलेश कुमार परशुराम, श्रवण कुमार, मोहम्मद हसन, आदि साथियों ने संबोधित किया।

संचारी रोग नियंत्रण अभियान में पूरे प्रदेश में जनपद ने हासिल की प्रथम रैंक

तरुणमित्र न्यूज़

मऊ। अप्रैल महीने में संचालित संचारी रोग नियंत्रण अभियान की प्रदेश स्तरीय जारी रैंकिंग में मऊ ने शत प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। मऊ के अलावा 39 अन्य जनपदों ने भी शत प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम हासिल स्थान हासिल किया है। प्रदेश स्तरीय जारी रैंकिंग में बॉटम 5 के जनपदों में 85% के साथ। 75वां स्थान अयोध्या का, 86% के साथ पीलीभीत 74वें तथा 89 प्रतिशत के साथ जनपद आजमगढ़ 72वें स्थान पर है। मंडल का अन्य जिला जनपद बलिया ने 97% अंक हासिल कर 56वीं रैंक हासिल की है। जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र ने संचारी रोग नियंत्रण अभियान में समस्त विभागों के समन्वित प्रयास पर बधाई दी तथा आगे भी इस तरह के अभियानों में आपसी समन्वय स्थापित कर अभियान की सफलता सुनिश्चित करने हेतु विशेष प्रयास करने को कहा।

बाजार कर वापस घर जाते समय बाइक सवार को ट्रक ने कुचला

■ ट्रक के टक्कर से दूर गिरे बाईक सवार ने बचने का किया प्रयास

■ ट्रक के अगला पहिया के चढ़ने के चलते मौके पर हुई दर्दनाक मौत

■ वाहन छोड़कर मौके से भागा चालक

तरुणमित्र न्यूज

मधुबन (मऊ)। स्थानीय थाना क्षेत्र के भैरोपुर मोड़ के पास शुक्रवार की शाम छः बजे ओवरटेक करने में एक बेकाबू ट्रक चालक ने आगे जा रही बाइक में टक्कर मार दी जिससे बाइक चालक नीचे आ गिरा।

ट्रक के नीचे आ जाने से उसकी मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। उधर हादसे के बाद आरोपी चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। मिली जानकारी के अनुसार ट्रक हादसे में मृतक बाईक चालक की पहचान उसे पास से मिले आधार कार्ड से हुई। घटना के पश्चात मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी गई। मृतक की पहचान जिले के सीमावर्ती जिला देवरिया के बरहज थाना क्षेत्र के राजपुर परसिया गांव निवासी 40 वर्षीय कैलाश चौहान के रूप में हुई।

मृतक कैलाश अपने गांव से लगभग 15 किमी दूर मधुबन कस्बे में बाजार करने के लिए बाइक से आया हुआ था। सामान खरीदने के बाद वह वापस घर के लिये निकला ही था कि कस्बे के भैरोपुर मोड़ के पास पीछे से आ रहे ट्रक चालक ने ओवरटेक करने के प्रयास में उसे टक्कर मार दिया। ट्रक से टक्कर लगते ही बाइक लगभग 10 मीटर दूर जाकर गिर गयी। वहीं बाईक लेकर गिरे चालक जब तक वह उठकर खड़ा हो पाता पीछे से आ रहे ट्रक का अगला पहिया उसके ऊपर चढ़ गया जिससे उसकी मौके पर दर्दनाक मौत हो गई।

वहीं हादसे के बाद आरोपी ट्रक चालक ने वाहन को रोक सड़क किनारे लगे खेत में कूदकर मौके से भाग निकला। घटना की सूचना पाते ही मधुबन कोतवाल संजय कुमार त्रिपाठी मौके पर पहुंच गये। उन्होंने बताया कि मृतक की पहचान उसकी जेब से मिले आधार कार्ड से हुई है।

मौके पर खड़ी ट्रक को पुलिस ने जब्त कर आरोपी चालक की तलाश में जुटी है।

एसपी से मिलकर पीड़िता ने लगाई न्याय की गुहार

□ पति से जान माल की खतरा की जतायी आशंका

तरुणमित्र न्यूज

वलीदपुर (मऊ)। मुहम्मदाबाद गोहना कोतवाली क्षेत्र के नगर पंचायत वलीदपुर के मोहल्ला भीरा निवासी एक पीड़िता ने शुक्रवार को एसपी से मिलकर न्याय की गुहार लगाई। पीड़िता रिजवाना ने अपने पति अशरफ के खिलाफ आरोप लगाते हुए एसपी को पत्र सौंप कर बताया कि पति अशरफ द्वारा 12 दिसंबर 2024 को तीन बार तलाक-तलाक कह कर तलाक दे दिया और दूसरी शादी 21 अप्रैल को रजिया निवासी आड़ेडीह थाना सरायलक्खंसी के साथ कर लिया। तीन तलाक के बाद पीड़िता ने 19 अप्रैल को मुहम्मदाबाद गोहना कोतवाली में पति समेत तीन लोगों के खिलाफ मारपीट जान से मारने की साजिश और घर से निकालने के मामले में मुकदमा दर्ज कराया था। इसी बीच कुछ लोगों के बीच में फैसला लिया गया कि हमको गुजारा भत्ता के नाम पर 5 हजार रुपये प्रति महीने और बच्चों के दवा के लिए पांच हजार रुपये दिये जाने की बात पर सहमति हुई जो कभी नहीं मिला।

इस मामले में बातचीत करने पर पति समेत उनके दो भाईयों द्वारा जान से मारने की धमकी देने लगे। कानून की बात कहने पर पति द्वारा यह धमकी दिया जाता है कि तीन तलाक कानून को हम हवा में उड़ा देंगे, तुम कुछ नहीं कर पाओगी। पीड़ित महिला का आरोप है कि मोहल्ले के ही लगभग 6 लोगों द्वारा उसके खिलाफ साजिश कर तलाक दिलाया गया और दूसरी शादी कराई गई। पीड़िता ने एसपी से गुहार लगाते हुए न्याय की मांग किया और आज जान माल की सुरक्षा की भी मांग किया।

चोरी से सब्जी तोड़ने से मना करने पर दबंगों ने दो लोगों को किया लहूलुहान

तरुणमित्र न्यूज़

मर्यादपुर/बेलौली (मऊ)। मधुबन थाना क्षेत्र के मिश्रौली में गुरुवार की भोर में चोरी से सब्जी तोड़ने से मना करने पर दबंगों ने दो भाइयों को लाठी डंडा एवं पांच से मार कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया था। इस मामले में मधुबन पुलिस ने घायल की तहरीर पर पाँच लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

धीरज साहनी पुत्र स्व रामबदन साहनी का आरोप है कि देवारा में सब्जी कि खेती कर परिवार का भरणपोषण करता हु गुरुवार की भोर लगभग तीन बजे मैं अपने भाई राजबहादुर के साथ सब्जी के खेत मे सोया था उसी दौरान कुछ लोग खेत मे आकर सब्जी तोड़ने लगे। जब हम दोनों भाई मौके पर पहुचे और सब्जी तोड़ने से मना किया तो गरुण यादव पुत्र हीरा, अभिषेक पुत्र विनोद,आदर्श यादव उर्फ डागरू डॉन निवासीगण कुँवरपुरवा, अभिषेक यादव पुत्र साविस यादव, रामचंद्र साधु का नाति निवासीगण मिश्रौली ने मा बहन कि गालिया देते हुए लाठी डंडा एव पंच से मार कर हम दोनों भाइयों को गंभीर रूप से घायल कर दिया। एव जान से मारने कि धमकी देते हुए मौके से फरार हो गये। इस मामले में मधुबन पुलिस ने घायल धीरज कि तहरीर पर उपरोक्त सभी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

राष्ट्रीय चेतना के संवाहक हैं महाराणा प्रताप: डीआईजी

शारदा नारायण हास्पिटल में मनाई गई महाराणा प्रताप की जयंती

तरुणमित्र न्यूज़

मऊ। प्रतिकूल काल में भी राष्ट्र के प्रति अपना सर्वस्व अर्पण करने वाले महाराणा प्रताप सदैव भारतीयों के लिए पूज्य रहेंगे। भारतीय संस्कृति में अपने देश और माटी के प्रति अटूट भक्ति रखने वाले महाराणा स्वतंत्रता एवं राष्ट्रीय चेतना के सदा संवाहक रहेंगे।

डीआईजी आजमगढ़ जोन सुनील कुमार सिंह ने शुक्रवार को महाराणा प्रताप की जयंती पर यह उदगार शारदा नारायण हास्पिटल में आयोजित कार्यक्रम में व्यक्त किया। संस्थान निदेशक डॉ संजय सिंह ने कहा कि समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर जीवन भर स्वतंत्रता के लिए लड़ने वाले महाराणा का जीवन हर भारतीय के लिए प्रेरणा है। आज जब देश पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद को समाप्त करने के लिए युद्ध लड़ रहा है तब महाराणा प्रताप के आदर्श और भी प्रासंगिक हो जाते हैं। मेडिकल डायरेक्टर डॉ सुजीत सिंह ने कहा कि किसी भी परिस्थिति में हार नहीं मानने वाले महाराणा ने अपने जीवन काल में ही स्वतंत्रता प्राप्त कर लिया था। उनके आदर्श हर भारतीय को प्रेरणा देते रहेंगे। कार्यक्रम में डीआईजी की पत्नी मीनाक्षी सिंह, डॉ राहुल कुमार, डॉ सुदीप चौधरी, डॉ इना यादव, डॉ सतीश सहित सभी कर्मचारियों ने महाराणा प्रताप के चित्र पर पुष्पांजलि किया। संस्थान निदेशक डॉ संजय सिंह एवं डॉ सुजीत सिंह ने डीआईजी सुनील कुमार सिंह एवं उनकी पत्नी मीनाक्षी सिंह को अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया।

महाराणा प्रताप के चित्र पर माल्यार्पण के पश्चात डीआईजी सुनील सिंह साथ में पत्नी मिनाक्षी सिंह।

संस्थापक सम्पादक- स्व. कैलाशनाथ
श्री विश्वकर्मा चैरिटेबल ट्रस्ट धरनीधरपुर, जौनपुर एवं तरुणमित्र मीडिया प्रा0लि0 द्वारा तरुणमित्र हि0दै0 के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक आदर्श कुमार* द्वारा मीडिया टेक्स्ट प्रा0लि0, रोहनिया जी0टी0 रोड, वाराणसी से मुद्रित एवं 631, उमरपुर हरिबन्धनपुर, जौनपुर से प्रकाशित।
आर.एन.आई पंजीयन सं. 353710/78 (मो0:- 9452984488)
फोन:-समाचार कक्ष-(05452) 358728, 05452-470147
E-mail : tarunjnp@rediffmail.com, tarunjaunpur@gmail.com
* इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा उत्पन्न समस्त विवाद जौनपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
मुख्यालय:- 47 धरनीधरपुर, जौनपुर (उ0प्र0)

मंदिर के सामने खुले देशी शराब के दुकान का विरोध

तरूणमित्र न्यूज

आजमगढ़। शहर के गुलामी का पुरा मुहल्ले में डीह बाबा के मंदिर के ठीक सामने लगभग 50मीटर के दायरे में देशी शराब का ठेका खुलने से मोहल्ला वासी बहुत ही आक्रोशित हैं। मोहल्ला वासी नजम शमीम (पूर्व कांग्रेस शहर अध्यक्ष) ने बताया कि मंदिर के ठीक सामने शराब का ठेका खोलना अनुचित है श्रद्धालु औरतें, लड़कियां सभी लोग मंदिर में पूजा करने आती हैं महिलाओं का पूजा पाठ हेतु जमावड़ा लगा रहता है।

शराब का ठेका खुल जाने से हर रोज शराबियों का उत्पाद और तांडव होगा। जिससे कभी भी कोई बड़ी घटना घट सकती है। पूर्व सभासद प्रेमा चौहान ने इसका पुरजोर विरोध करते हुए कहा कि हम मोहल्ले को सभी श्रद्धालु औरतें मिलजुल कर मंदिर के सामने शराब का ठेका नहीं खुलने देंगी। शासन प्रशासन से मांग करते हैं कि इस प्रकरण पर त्वरित संज्ञान लेते हुए मंदिर के सामने खुले देशी शराब के दुकान को कहीं अन्यत्र खुलवाया जाय।

वर्तमान सभासद उषा गुप्ता ने बताया कि प्रशासन मंदिर के सामने शराब का ठेका खुलवाकर चैन की बंसी बजा रहा है जिसका हम विरोध करते हैं। कांग्रेस शहर अध्यक्ष रियाजुल हसन ने कहा कि हम प्रशासन से मांग करते हैं कि यहां पर खुले ठेका को तत्काल बंद किया जाए। प्रदर्शन करने वालों में मोहल्ले के कमला गुप्ता, सावित्री गुप्ता, सम्पत्ति देवी, फरजाना, अफरोज, शीला गुप्ता, सुशीला गुप्ता,मंजू मौर्य,इन्द्रावती देवी, उर्मिला शर्मा, संजीदा, शीला शर्मा,पूनम पाठक, मन्तराज यादव, कैलाश गौड़ आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहें तथा धरना प्रदर्शन के साथ नारेबाजी करते हुए शराब के ठेके को बन्द करने की मांग की साथ आगे और उग्र प्रदर्शन करने की सौगंध खाई।

हरे राम संकीर्तन का आयोजन 7 से प्रारंभ

तरूणमित्र न्यूज

मुहम्मदाबाद। नगर से सेट बैजलपुर गांव के सोमेश्वर नाथ महादेव मंदिर के पास स्थित खप्पर बाबा आश्रम गंगा घाट पर 6 दिवसीय हरे राम कीर्तन का आयोजन 7 मई से प्रारंभ होकर समापन 12 मई किया गया है तथा उसी दिन विशाल भंडारे के साथ इसका समापन होगा। इस कार्यक्रम की जानकारी आश्रम से जुड़े भक्त प्रेम शंकर राय अधिवक्ता ने दी है।

नाली नहीं बनी पैसा पास हो गया कारण बताओं नोटिस जारी

तरूणमित्र न्यूज

बरदह। ग्राम सभा भीरा निवासी शिकायतकर्ता राजेश कुमार द्वारा ग्राम सभा भीरा वि.ख.ठेकमा में अनियमितता के संबंध में पंचायती राज एक्ट 1947 के 95जी एक्ट के अंतर्गत शिकायत जिलाधिकारी आजमगढ़ को से की गई थी, जिसकी जांच के पश्चात जांच अधिकारी द्वारा गांव में बिना नाली बनाए भुगतान की अनीयमितता की रिपोर्ट जिलाधिकारी आजमगढ़ को भेज दी गई थी जिस पर ग्राम सभा भीरा के प्रधान सुरेश पासी को 28 मार्च 2025 को एवं 1 मई 2025 को कारण बताओं नोटिस जारी हुआ इस आशय के साथ की इस आरोप के संबंध में ग्राम प्रधान अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करें इस संबंध में शिकायतकर्ता राजेश कुमार के द्वारा बताया गया कि समय सीमा बीत जाने के बाद भी विभाग द्वारा अभी तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई है तो सहायक खंड विकास अधिकारी ठेकमा चंद्रप्रकाश दुबे से जब इस प्रकरण के संबंध में जानकारी मांगी गई तो उनके द्वारा बताया गया कि ग्राम प्रधान द्वारा स्पष्टीकरण न दिए जाने के बाद रिपोर्ट बनाकर जिला पंचायत राज अधिकारी आजमगढ़ को सौंप दी गई है उच्च अधिकारियों द्वारा जैसा भी आदेश होगा उचित कार्रवाई की जाएगी।

सड़क पर नाले की पानी के जमाव से राहगीरों को हो रही परेशानी

तरूणमित्र न्यूज़

नवानगर (बलिया)। राहगीरों के लिए सड़क तो बन गयी है, लेकिन देखरेख के अभाव में सड़क की स्थिति बिगड़ती जा रही है। पिछले कई हफ्ते से नगरा मोड़ मुख्यमार्ग पर गंदे नाले का पानी बह रहा है। इससे सड़क से गुजरने वाले राहगीरों और स्थानीय लोगों को परेशानी हो रही है। नगरा मोड़ के समीप मुख्य सड़क पर जलजमाव होने से लोगों का राह चलाना मुश्किल हो गया है। सड़क किनारे बसे लोग घर से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। स्थानीय लोगों ने अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गयी।

नाली का गंदा पानी सड़क पर बह रहा है। लोगों को उसी गंदे पानी से होकर आना-जाना पड़ रहा है। अभी यह स्थिति है तो बारिश के दिनों में हालात क्या होंगे। सड़क की स्थिति नारकीय बनी हुई है। जलनिकासी की मांग लोगों ने की, लेकिन अब तक इस ओर पहल नहीं हो पायी है। ऐसा नहीं है कि अधिकारियों को इसकी जानकारी नहीं, लेकिन समस्या को अनदेखी की जा रही है। इस समस्या से मुख्य रूप से वह के स्थानीय निवासी चंद्रमा, अरविंद, सखी चंद, धनेश, राजेश, ओमप्रकाश, इनके घर के आगे से ही नाले का पानी बह रहा है।

संक्षिप्त समाचार

विधालय में चोरी करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

तरूणमित्र न्यूज

आजमगढ़। थाना जहानागंज प्राथमिक विद्यालय से चोरी गये सामान के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार। दिनांक 07.03.2025 को आवेदक अखिलेश कुमार चौबे स/ह श्री राम सुमेर चौबे ग्राम बोहना थाना जहानागंज आजमगढ़ ने लिखित तहरीर दी कि दिनांक 02.03.2025 को अज्ञात चोरो द्वारा प्रा0 वि0 जहानागंज शि0क्षे0 जहानागंज का विद्यालय के कमरे का ताला तोड़कर 04 बोरी चावल एवं 02 गेहूँ कुछ थाली व बर्तन चुरा ले जाने के सम्बन्ध में थाना हाजा पर मु0अ0सं0-85/25 धारा -305/331(4) BNS पंजीकृत किया गया था। दिनांक 09.05.25 को उ0नि0 उमाकान्त त्रिपाठी मय हमराह द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्त उमेश उर्फ प्रधान पुत्र राम सरीख निवासी ग्राम तुलसीपुर थाना जहानागंज जनपद आजमगढ़ उम्र करीब 35 वर्ष को समय 04.00 बजे कोल्हूखोर रोड पर स्टेट बैंक आगे बरम बाबा मंदिर के पास रोड के किनारे बहद ग्राम कोल्हूखोर से पुलिस हिरासत में लेकर मा0 न्याया0 भेजा गया।

जिला दिव्यांग जन सशक्तिकरण शिविर का आयोजन

तरूणमित्र न्यूज

आजमगढ़। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी श्री शशांक सिंह ने बताया है कि दिव्यांगजन को मुख्य धारा से जोड़ने के लिए दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं/कार्यक्रमों के प्रचार-प्रसार एव दिव्यांगजन को उनकी आवश्यकता के अनुसार निःशुल्क कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण जैसे- ट्राइसाईकिल, व्हीलचेयर, बैशाखी, श्रवण यंत्र, वाकर, नेत्रहीन छड़ी, बनावटी अंग कैलिपर्स, कृत्रिम हाथ कृत्रिम पैर आदि प्रदान करने उद्देश्य से जनपद के समस्त विकास खण्ड स्तर पर वृहद चिन्हांकन शिविर का आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया है कि दिनांक 13 मई को विकास खण्ड अहिरौला, 14 मई को अतरौलिया, 15 मई को कोयलसा, 16 मई को महराजगंज, 17 मई को हरैया, 19 मई को अजमतगढ़ एवं 20 मई को विकास खण्ड बिलरियागंज में वृहद चिन्हांकन शिविर का आयोजन किया जायेगा। इसके अतिरिक्त अन्य विकास खण्डों में होने वाले कैम्प की तिथि अलग से प्रकाशित की जायेगी।

प्रमुख के खिलाफ प्रशासन को फ्लोर टेस्ट कराने का निर्देश

तरूणमित्र न्यूज

आजमगढ़। जनपद के सगड़ी तहसील के हरैया खंड विकास के प्रमुख संदीप पटेल के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव को लेकर इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने बड़ा फैसला सुनाया है। कोर्ट ने प्रशासन को फ्लोर टेस्ट कराने का निर्देश दिया है। इस आदेश के अनुपालन के लिए क्षेत्र पंचायत सदस्य वंदना सिंह ने गुरुवार को जिलाधिकारी रविंद्र कुमार को प्रार्थना पत्र सौंपकर गुहार लगाई। जानकारी के अनुसार, हरैया खंड विकास के प्रमुख संदीप पटेल के खिलाफ 7 मार्च को अविश्वास प्रस्ताव की नोटिस दी गई थी। हालांकि, 20 मार्च को इसे अस्वीकार कर दिया गया। इसके बाद वंदना सिंह सहित तीन अन्य क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने उत्तर प्रदेश सरकार के खिलाफ उच्च न्यायालय में अपील दायर की। 6 मई को उच्च न्यायालय ने अविश्वास प्रस्ताव को स्वीकार करते हुए एक माह में फ्लोर टेस्ट कराने का आदेश जारी किया। वंदना सिंह ने जिलाधिकारी से उच्च न्यायालय के आदेश का शीघ्र अनुपालन सुनिश्चित करने की मांग की है। इस मामले में अब प्रशासन की ओर से अगले कदम पर सभी की नजरें टिकी हैं।

प्रधान सहित तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

तरूणमित्र न्यूज

आज़मगढ़। खंड विकास अधिकारी हरैया रवि कुमार ने ग्राम प्रधान सहित तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के लिए बृहस्पतिवार को रौनापार थाने में तहरीर दी। इन पर मनरेगा में गड़बड़ी का आरोप है। बीते तीन मई को डीसी मनरेगा राम उदरेज यादव गांव में जांच करने पहुंचे थे। अपनी जांच के बाद बीडीओ हरैया को पत्र भेजा। इसके बाद बीडीओ ने ब्लॉक के देवारा खास राजा के ग्राम प्रधान, सचिव और तकनीकी सहायक पर मनरेगा में गड़बड़ी को लेकर मुकदमा दर्ज करने के लिए रौनापार थाने में तहरीर दिया।

बीडीओ ने बताया कि डीसी मनरेगा द्वारा जांच की गई थी। जांच में कुछ अनियमितता पाई गई थी। उसकी रिपोर्ट के आधार पर तहरीर दी गई है। वहीं, थानाध्यक्ष अनुपम जायसवाल ने बताया की बीडीओ हरैया द्वारा देवारा खास राजा के ग्राम प्रधान सहित तीन लोगों पर मुकदमा दर्ज करने का तहरीर दी गई है। मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

बुजुर्ग पर गन्ने का फसल जलाने का आरोप लगाया, बुजुर्ग की संदिग्ध मौत

तरूणमित्र न्यूज

आजमगढ़। जनपद के बिलरियागंज थाना क्षेत्र के करमैनी गांव में गांव के ही कुछ लोगों द्वारा एक बुजुर्ग पर गन्ने की फसल जलाने का झूठा आरोप लगाकर धमकाने और गाली-गलौज करने का मामला प्रकाश में आया है। इस घटना में बुजुर्ग की मौत हो गई, जिसके बाद परिजनों ने थाने में मुकदमा दर्ज कराई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, पुष्पा देवी, पत्नी सुबाष, निवासी करमैनी, ने बिलरियागंज थाने में शिकायत दर्ज कराई कि 7 मई 2025 को गांव के गुड्डू पुत्र अलाउद्दीन, दानिश पुत्र बुद्धु और अबुशाद पुत्र एकलाख ने उनके ससुर सेवक पुत्र छोटकुन पर गन्ने की फसल जलाने का झूठा आरोप लगाया। आरोपियों ने सेवक से 1.5 लाख रुपये मुआवजे की मांग की और दोपहर करीब 12.30 बजे उन्हें अपने साथ ले गए। एक घंटे बाद सेवक को घर छोड़ा गया, लेकिन वे डरे-सहमे थे। सेवक ने बताया कि गुड्डू और दानिश ने उनके साथ गाली-गलौज की, और जातिसूचक जैसे अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल किया गया और धमकी दी कि यदि उन्होंने गन्ना जलाने की बात नहीं कबूली तो उनकी हत्या कर दी जाएगी। शाम करीब 5 बजे उक्त आरोपी दोबारा आए और सेवक को अबुशाद के फार्म पर ले गए। वहां जबरदस्ती धमकाते हुए जले हुए खेत की जिम्मेदारी लेने के लिए दबाव बनाया और गालियां दीं। इसी दौरान सेवक की मृत्यु हो गई। पुष्पा देवी ने थानाध्यक्ष सुनील कुमार दुबे से उचित कानूनी कार्रवाई की मांग की है। थानाध्यक्ष ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

नवीन परती भूमि से अवैध कब्जा हटवाने पहुंचे हल्का लेखपाल

तरूणमित्र न्यूज

बरदह। मार्टिनगंज तहसील क्षेत्र के कौरागहनी में स्थित गाटा संख्या 1638 क जिसमें गांव के ही कुछ लोगों द्वारा सीमेंटेड पिलर पावा एवं मड़ई में दुकान डालकर अवैध रूप से कब्जा किया गया था।

जिसकी सूचना ग्रामीणों ने समाधान दिवस पर उपजिलाधिकारी राजकुमार बैठा को दी। जिसपर क्षेत्रीय लेखपाल मोहमद हसनैन ने मौके पर पहुंच कर जल्द अवैध कब्जा हटाने का शक्त निर्देश दिया। वहीं गांव के ही सभासद सोहन गौतम ने कहा कि पूर्व की नवीन परती भूमि गाटा संख्या 4835 में कई वर्ष पहले सन 1975 में कैलाशी वनवासी, राजपथ चमार, फ़ेरू बनवासी आदि लोगों को कृषि आवंटन हुआ था परंतु आज उस गाटे का नंबर चेंज होकर 1638 उ हो गया है परंतु उस भूमि को उक्त कुछ लाभ वन्तीत लोग दुसरे को बैनामा व एग्रीमेंट कर दिए है जिसके आड़ में बैनामेदार द्वारा उक्त सरकारी भूमि को अनधिकृत रूप से कब्जा करना चाहते हैं। जबकि उक्त नवीन परती भूमि में के समक्ष सदियों से स्थापित राम जानकी मंदिर है व मेला लगता चला आ रहा है। वहीं राजस्व जानकारों ने कहा कि किसी भी व्यक्ति को भूमिहीन होने की दशा में सरकार द्वारा भूमि का आवंटन जीवको पार्जन हेतु दिया जाता है न कि बिक्री करने के लिए। ऐसी दशा में प्रशाशन द्वारा आवंटित भूमि को वापस ले लेनी चाहिए।

वहीं एसडीएम मार्टिनगंज राजकुमार बैठा ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी दशा में सार्वजनिक भूमि को अवैध कब्जादारों से मुक्त कराया जाय।

कुडिहर ब्रह्मस्थान के बगल में बजरंगबली मंदिर निर्माण का हुआ भूमि पूजन

तरूणमित्र न्यूज

बरदह। बरदह क्षेत्र के कुडिहर ग्राम सभा में पंडित पोखरे पर ब्रह्म स्थान के बगल में बजरंगबली मंदिर का निर्माण होने जा रहा है। जिसका भूमि पूजन गुरुवार को हो गया है विद्वान ब्राह्मण द्वारा मंत्रोचार किया गया। विधि विधान के साथ बजरंगबली मंदिर का भूमि पूजन किया गया। गांव के धीरेंद्र दीक्षित उर्फ बबलू साथ में पत्नी नीतू दीक्षित के द्वारा हनुमान मंदिर का निर्माण कराया जा रहा है।

जिसमें पूरे गांव का सहयोग है भूमि पूजन में गांव के काफी संख्या में लोग मौजूद रहे और सभी लोगों ने बजरंगबली मंदिर निर्माण में सहयोग करने की बात कही है। भूमि पूजन करने के बाद धीरेंद्र उर्फ बबलू दीक्षित ने कहा गांव में बजरंगबली का मंदिर बनने से गांव में खुशहाली आएगी और हर बाधाओं से मुक्ति मिलेगी। जहां इनका मंदिर बनता है उस गांव में शांति बनी रहती है क्योंकि यह स्वयं संकट मोचन है और संकट से सभी को दूर रखते हैं ई इनकी पूजा पाठ भजन कीर्तन से हर मनोकामना पूर्ण होती है इसलिए सभी लोग बढ़ चढ़कर यहां पूजा पाठ करेंगे और घर परिवार के लिए शांति का पाठ भी करेंगे। इससे लोगों को शांति मिलेगी और परिवार का उन्नत होगा। कलयुग के भगवान यही है संकट मोचन हनुमान स्वामी इसलिए इनकी पूजा अर्चना जरूरी है।

पंडित धीरेंद्र ने कहा कि कलयुग में केवल बजरंगबली का नाम लेने से ही सारे पाप ठोस मुक्त हो जाता है व्यक्ति और देवत्व को प्राप्त होता है कलयुग में मनुष्य सेवा एवं जीव सेवा ही सर्वोपरि है पंडित जी ने बताया कि अतिथि सत्कार से मनुष्य देवत्व को प्राप्त होता है।

तहसील बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने महाराणा प्रताप की जयंती पर उन्हें किया नमन

तरुणमित्र न्यूज़

बेल्थरा रोड (बलिया)। तहसील बार एसोसिएशन बेल्थरा रोड के अधिवक्ताओं ने महान योद्धा, राष्ट्रगौरव और महापराक्रमी महाराणा प्रताप की जयंती पर उन्हें शत-शत नमन करते हैं। महाराणा प्रताप ने अपने जीवन को मातृभूमि की सेवा में समर्पित कर दिया और कभी भी हार नहीं मानी। उनकी वीरता, साहस और बलिदान ने उन्हें एक अद्वितीय स्थान दिलाया है।

महाराणा प्रताप की जयंती पर, हम उनके आदर्शों और मूल्यों को याद करते हैं और उनके बताए हुए मार्ग पर चलने का संकल्प लेते हैं। उपरोक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष शौकत अली एडवोकेट, राम प्यारे सिंह एडवोकेट, नागेन्द्र सिंह एडवोकेट,अमरजीत सिंह एडवोकेट, देवेन्द्र कुमार गुप्त एडवोकेट, अमरनाथ सिंह एडवोकेट, अतुल प्रकाश यादव एडवोकेट, प्रेमकांत एडवोकेट, अब्दुल रहमान एडवोकेट,रशीद कमाल पाशा एडवोकेट,लक्ष्मी मिश्रा एडवोकेट, सत्यदीप चंद्रा एडवोकेट, एडवोकेट आदि सैकड़ों अधिवक्ताओं ने महाराणा प्रताप की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए देश के लिए लड़े हैं और उनके बलिदान को स्मरण करते हैं।

उनकी विरासत हमें प्रेरित करती है कि हम अपने देश और समाज के लिए काम कर रहे थे।

अनियंत्रित होकर पोखरे में पलटी बस

तरूणमित्र न्यूज

सिकंदरपुर (बलिया)। शुक्रवार को थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 5, किला कोहना के पास एक बड़ी दुर्घटना उस समय टल गई जब एक सगाई समारोह में बुक की गई बस अनियंत्रित होकर पोखरे में पलट गई।

गनीमत रही कि हादसे के समय वाहन में कोई यात्री सवार नहीं था, जिससे कोई हताहत नहीं हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, वाहन पास में ही खड़ा था, लेकिन अचानक वह मोड़ पर नियंत्रण खो बैठा और पोखरे में जा गिरा। बस का रजिस्ट्रेशन नंबर यूपी 52 एफ 1962 है, और यह देवरिया जिले की बताई जा रही है। घटना के बाद बस चालक मौके से फरार हो गया, जिससे लोगों में संदेह और चिंता की स्थिति उत्पन्न हो गई।

स्थानीय नागरिकों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंचकर बस को पोखरे से निकालने की प्रक्रिया शुरू कर चुकी है। साथ ही, फरार चालक की तलाश की जा रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, प्रथम दृष्टया यह मामला लापरवाही का प्रतीत होता है और जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

नदी मे स्नान करने गया युवक डूबा, तलाश जारी

तरुणमित्र न्यूज़

बलिया। गंगा नदी के शिवरामपुर घाट पर स्नान के दौरान एक युवक असंतुलित होकर गहरे पानी में डूब गया। इस घटना से घाट पर अफरा-तफरी मच गयी। गंगा में डूबे युवक के रिश्तेदार तथा ग्रामीण रोते-बिलखते घटनास्थल पर पहुंच गये। डूबे युवक की तलाश जारी है। बताया जा रहा है कि दुबहर थाना क्षेत्र माधवमठ निवासी गोवर्धन साहू के घर करीब दो-तीन माह से उनके रिश्तेदार का लड़का आकाश साहू (निवासी- रोहतास, बिहार) रह रहा था। शुक्रवार को आकाश अपने किसी रिश्तेदार के साथ गंगा स्नान करने श्रीरामपुर घाट गया था, जहां स्नान करते वक्त डूब गया।

घटना की सूचना मिलते ही पहुंची पुलिस ने स्थानीय मल्लाहों एवं ग्रामीणों की मदद से तलाश शुरू की, लेकिन देर तक सफलता नहीं मिल सकी थी।

शादी हेतु पिछड़ी जाति शादी अनुदान योजना संचालित

तरूणमित्र न्यूज

गाजीपुर। वित्तीय वर्ष 2025-26 में पिछड़ी जाति के गरीब व्यक्तियों की पुत्रियों की शादी हेतु पिछड़ी जाति शादी अनुदान योजना संचालित है। इस योजनान्तर्गत लाभार्थी के पुत्री की शादी हेतु धनराशि रू0 20,000.00 का अनुदान विभाग द्वारा वितरित किया जाता है।

अन्य पिछड़े वर्ग (अल्पसंख्यक वर्ग को छोड़कर) के गरीब व्यक्तियों की पुत्रियों के शादी अनुदान योजनान्तर्गत ग्रामीण व शहरी आवेदक की वार्षिक आय की सीमा 1,00,000.00 (एक लाख रू0 मात्र) है। आवेदक द्वारा ऑनलाइन आवेदन शादी के तिथि से 03 माह पूर्व एवं 03 माह बाद तक किया जा सकता है। शादी अनुदान हेतु आवेदन पत्र में पुत्री की आयु 18 वर्ष या उससे अधिक एवं वर की आयु 21 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए। इसमें आवेदक (माता-पिता/अभिभावक) द्वारा आधार कार्ड, वार्षिक आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, बैंक पासबुक, शादी कार्ड मूलरूप से, वर, कन्या का उम्र प्रमाण पत्र को संलग्न करते हुए ग्रामीण क्षेत्र के आवेदन अपने सम्बन्धित विकास खण्ड कार्यालय एवं शहरी/नगर क्षेत्र के आवेदन अपने सम्बन्धित तहसील हेतु आनलाइन किये जाने की व्यवस्था है।

नि:शुल्क राशन वितरण नौ को

तरूणमित्र न्यूज

गाजीपुर। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 योजना के अन्तर्गत माह मई, 2025 के सापेक्ष आवंटित खाद्यान्न (गेहूँ एवं चावल), का वितरण माह मई, 2025 में दिनांक 09.05.2025 से 25.05.2025 के मध्य वितरण कराया जायेगा। जिस हेतु माह मई, 2025 में आंवटित खाद्यान्न में आवंटित गेहूँ तथा फोर्टीफाइड चावल का अन्त्योदय राशन कार्डो पर 14 किग्रा0 गेहूँ तथा 21 किग्रा0 फोर्टीफाइड चावल प्रति कार्ड एवं पात्र गृहस्थी राशन कार्डो से सम्बद्ध यूनिटों पर 2 किग्रा0 गेहूँ व 3 किग्रा0 फोर्टीफाइड चावल (कुल 05 किग्रा0 खाद्यान्न) प्रति यूनिट के आधार पर नि:शुल्क वितरण किया जाना है। ई-पास मशीन से निकलने वाली वितरण पर्चियों पर गेहूँ एवं फोर्टीफाइड चावल का मूल्य शून्य प्रदर्शित होगा। अन्त्योदय तथा पात्र गृहस्थी लाभार्थियों को दिनांक 01.01.2024 से आगामी 05 वर्ष तक नि:शुल्क खाद्यान्न वितरित कराए जाने में आने वाले सम्पूर्ण व्ययभार का वहन भारत सरकार द्वारा किया जाएगा। राशनकार्डधारकों को पोर्टिबिलिटी के अन्तर्गत खाद्यान्न प्राप्त करने की सुविधा उपलब्ध रहेगी अर्थात यदि किसी कार्डधारक को अपनी राशन की दुकान से खाद्यान्न प्राप्त करने मे असुविधा हो तो वह पोर्टिबिलीटी के माध्यम से किसी अन्य उचित दर दुकान से प्राप्त कर सकता है।

उक्त योजनान्तर्गत वितरण की अन्तिम तिथि दिनाक 25.05.2025 ही नियत होगी, जिस दिन आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से खाद्यान्न न प्राप्त कर सकने वाले उपभोक्ताओं हेतु दिनांक 25.05.2025 को मोबाईल ओ0टी0पी0 वेरीफिकेशन के माध्यम से नि:शुल्क वितरण सम्पन्न किया जायेगा। एत्तद्वारा जनपद गाजीपुर के समस्त उचित दर विक्रेताओं को निर्देशित किया जाता हैं कि उपर्युक्तानुसार कार्डधारकों में प्रात: 06:00 बजे से रात्रि 09:00 बजे तक वितरण करना सुनिश्चित करें।

विश्व बैंक के अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री को शिष्टाचार भेंट की

तरूणमित्र न्यूज

गाजीपुर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी से विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा ने शुक्रवार को लखनऊ स्थित मुख्यमंत्री आवास पर शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर प्रदेश में चल रही विभिन्न विकास परियोजनाओं, आधारभूत संरचना, स्वास्थ्य, शिक्षा तथा आर्थिक सुदृढ़ीकरण से जुड़ी योजनाओं पर सकारात्मक विचार-विमर्श हुआ।

भेंट वार्ता के दौरान आपसी सहयोग को और सशक्त करने तथा भावी परियोजनाओं पर भी चर्चा की गई। दोनों पक्षों ने प्रदेश के विकास को गति देने हेतु साझा प्रयास जारी रखने पर सहमति जताई। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। प्रदेश में विभिन्न आधारभूत ढांचागत परियोजनाएं, महिला सशक्तिकरण, कौशल विकास और स्वास्थ्य सेवाओं का सशक्त नेटवर्क तैयार किया जा रहा है। प्रदेश सरकार एक जनपद एक उत्पाद, स्मार्ट सिटी, अमृत योजना, हर घर जल आदि के माध्यम से आर्थिक विकास और रोज़गार सृजन को नई दिशा दे रही है। विश्व बैंक अध्यक्ष अजय बंगा ने प्रदेश सरकार के विकास कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश ने विगत वर्षों में आर्थिक, सामाजिक और आधारभूत संरचना के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है।

नौ अदद दो पहिया पीआरवी वाहन का उद्घाटन

तरूणमित्र न्यूज

आजमगढ़। उत्तर प्रदेश पुलिस आपातकालीन प्रबंधन प्रणाली यू0पी0 112 के माध्यम से त्वरित नागरिक सेवायें उपलब्ध कराने हेतु उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जनपद आजमगढ़ को 09 अदद नये दो पहिया पीआरवी मुख्यालय पुलिस महानिदेशक/अपर पुलिस महानिदेशक यू0पी0 112 द्वारा आवंटित किये गये है। वर्तमान में जनपद में कुल 52 अदद चार पहिया तथा 17 अदद दो पहिया पीआरवी क्रियाशील है। शुक्रवार को नये प्राप्त पीआरवी वाहनों का फ्लैग ऑफ कार्यक्रम वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना के निर्देशन में रिजर्व पुलिस लाइन्स में आयोजित किया गया।

अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण चिराग जैन के द्वारा सभी 09 दो पहिया पीआरवी वाहनों को हरी झंड़ी दिखाकर उनके आवंटित स्थानों हेतु रवाना किया गया। उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा प्रदान की जा रही आकस्मिक सेवाओं जैसे पुलिस, फायर सर्विस, मेडिकल सर्विस, रात्रि सुरक्षा सेवा से सम्बन्धित आमजन/जनमानस को तत्काल सेवा प्रदान करने/सुरक्षा को और सुदृढ़ करने के उद्देश्य से उक्त समस्त पीआरवी जनपद आजमगढ़ को प्रदान की गई है। जिससे जनपद के नागरिक आपातकालीन हेल्पलाईन 112 का सही समय पर प्रयोग कर यू0पी0 112 के माध्यम से पुलिस के सहयोग से किसी भी समय सुरक्षा/सेवा प्राप्त कर सकते है। नई प्राप्त दो पहिया में से कोतवाली-06, देवगांव-01, तहबरपुर -01 तथा अहरौला-01 को पीआरवी आवंटित की गई है जो उक्त थाना क्षेत्रो में रहते हुये सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने का कार्य करेगे।

पूर्वोत्तर रेलवे

निविदा सूचना संख्या 10/2025
(यह विज्ञप्ति सूचना सरकारी नौकरी के लिये नहीं है)

वाराणसी मण्डल पूर्वोत्तर रेलवे के “NSG-5” श्रेणी के **डोभी स्टेशन** पर स्टेशन टिकट बुकिंग एजेण्ट (एस.टी.बी.ए.) का कमीशन के आधार पर टिकट बिक्री करने हेतु नियुक्ति के सम्बन्ध में निविदा का आमंत्रण।

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी द्वारा वाराणसी मण्डल के अन्तर्गत विभिन्न "NSG-5" श्रेणी के स्टेशनों पर कम्प्यूटरीकृत अनारक्षित टिकट प्रणाली (यूटीएस) से अनारक्षित रेल टिकटों की बिक्री कमीशन के आधार पर करने हेतु स्टेशन टिकट बुकिंग एजेण्ट (एस.टी.बी.ए.) की नियुक्ति हेतु निम्नलिखित शर्तों एवं ऐसी शर्तों, जो समय-समय पर विहित की जायेगी, को पूरा करने वाले इच्छुक व्यक्तियों से निविदा तीन वर्ष की अवधि के लिये आमंत्रित किये जाते हैं। सम्बन्धित “NSG-5” श्रेणी के स्टेशनों का विवरण एवं महत्वपूर्ण जानकारी बेबसाइट **www.ner.indianrailways.gov.in** पर भी देखा जा सकता है तथा सम्बन्धित निविदा फार्म को डाउनलोड किया जा सकता है। “NSG-5” **श्रेणी के डोभी स्टेशन पर 01 एस.टी.बी.ए.** की नियुक्ति हेतु अनुज्ञप्ति जारी किया जाना प्रस्तावित है। मण्डल द्वारा जिन सेवित स्टेशनों पर स्टेशन टिकट बुकिंग एजेण्ट (एस.टी.बी.ए.) द्वारा कमीशन के आधार पर टिकट बिक्री करायी जानी है, उन स्टेशनों का विवरण निम्न प्रकार है:- कार्य का नाम: “NSG-5” श्रेणी के डोभी रेलवे **स्टेशन पर कुल 01 एसटीबीए** की कमीशन के आधार पर टिकटो की बिकी करने के लिये नियुक्ति हेतु: एस.टी.बी.ए. की नियुक्ति हेतु आमंत्रित किये जाने वाले स्टेशनों के नाम।

एस.टी.बी.ए. क्र.सं 1:- स्टेशन का नाम एवं काउन्टर नं. डोभी(काउन्टर नं. 01), **श्रेणी**-NSG-5, **कार्य करने का समय**: 24 घण्टा। **कुल 01 स्टेशन पर कुल 01 एसटीबीए**

उपरोक्त वर्णित स्टेशनों के शिफ्ट का समय सांकेतिक है, जिसे रेलवे प्रशासन द्वारा आवश्यकतानुसार परिवर्तित भी किया जा सकता है।

1-ठेके अवधि: NSG-5 श्रेणी स्टेशन के एसटीबीए का कार्य काल (03) तीन वर्ष होगी। 2-निविदा प्रपत्र का मुल्य: 1000/- + 18% (GST)= 1180/- एक हजार एक सौ अस्सी रूप्ये मात्र प्रत्येक स्टेशन हेतु अलग-अलग), 3-निविदा प्रपत्र की बिक्री की तिथि एवं समय: 13.05.2025 से 02.06.2025 तक 10.00 बजे से 17.00 बजे तक प्रत्येक कार्यालय कार्य दिवस में। 4-निविदा डालने की तिथि एवं समय: 03.06.2025 को 10.00 बजे से 15.00 बजे तक। 5-निविदा खोलने की तिथि एवं समय: 03.06.2025 को 15.30 बजे।

मण्डल रेल प्रबन्धक(वाणिज्य)
मुजाधि / वाणिज्य-31 वाराणसी

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

भीषण गर्मी में पेयजल आपूर्ति हुई ठप, हजारों नागरिक बेहाल

तरूणमित्र न्यूज

मुहम्मदाबाद यूसुफपुर (गाजीपुर)। नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत नोनिया पूरा, पाण्डेय टोला, तिवारी टोला सहित आस-पास के मोहल्लों में पिछले लगभग दो महीने से भीषण पेयजल संकट गहराता जा रहा है। गर्मी अपने चरम पर है और ऐसे में शुद्ध पेयजल की अनुपलब्धता नागरिकों की परेशानी को कई गुना बढ़ा रही है। जानकारी के अनुसार, करीब दो माह पूर्व नगर पालिका द्वारा स्थापित पेयजल आपूर्ति की दो टंकियां अचानक ध्वस्त हो गईं, जिससे नियमित जलापूर्ति पूरी तरह बाधित हो गई। इसके बाद जो पानी नलों के माध्यम से आ रहा है, वह न केवल अत्यंत गंदा है, बल्कि उसमें बालू की भी पर्याप्त मात्रा पाई जा रही है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि इस गंदे पानी से घरों में उपयोग कठिन हो गया है और स्वास्थ्य संबंधी जोखिम भी बढ़ गए हैं।

क्षेत्रवासियों ने कई बार नगर पालिका प्रशासन को इस गंभीर समस्या की जानकारी दी, लेकिन हर बार केवल आश्वासन देकर मामले को टाल दिया गया। नगर पालिका प्रशासन की ओर से यह दावा किया गया कि किसी भी हालत में जल आपूर्ति शीघ्र बहाल कर दी जाएगी, किंतु दो महीने बीत जाने के बाद भी हालात जस के तस हैं। पत्र प्रतिनिधि द्वारा जब इस समस्या के संबंध में नगर पालिका अध्यक्ष रईस अहमद एवं अन्य अधिकारियों से बातचीत की गई तो उन्होंने वैकल्पिक जल टंकी से आपूर्ति सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया, परंतु इस आश्वासन का धरातल पर कोई परिणाम अब तक नहीं दिख रहा है। सबसे बड़ी चिंता की बात यह है कि भीषण गर्मी में पीने योग्य पानी की अनुपलब्धता से हजारों नागरिकों का जीवन संकट में पड़ गया है।

महिलाओं को दूर-दराज से पानी ढोकर लाना पड़ रहा है, तो बच्चे और बुजुर्ग जलाभाव से बेहाल हैं। नागरिकों ने नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी, अध्यक्ष एवं उच्च प्रशासनिक अधिकारियों से इस संकट का तत्काल समाधान करने की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र आवश्यक कदम नहीं उठाए गए तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होगें।

THE CREATIVE BEST EDUCATION
ADMISSION OPEN 2025-26
CMM ENGLISH SCHOOL
Technology Enabled Education...
Our Special Features
Successful Result Since Inception. Child Centered Education.
Qualified and Efficient Teachers. Green Environment.
Student Friendly Ambience. CCTV Camera.
9451363534
7310383940
YAHIYAPUR POWER HOUSE ROAD
RASHIDABAD, JAUNPUR
cmmenglishschool@gmail.com
Cmm English School
Cmmesjnp

हिसाब बराबर कर दिया तो हमले रोक दो, मासूम लोग मारे जा रहेः महबूबा

श्रीनगर, 09 मई। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने भारत और पाकिस्तान से एक-दूसरे पर हमले रोकने की अपील की है। उन्होंने कहा कि इस युद्ध में मासूम बच्चे मारे जा रहे हैं। आखिर इन बच्चों और महिलाओं का क्या कसूर है? महबूबा ने कहा, 'पुलवामा हो या पहलगाम हो, ये हादसे याद दिलाते हैं कि कैसे हमारा मुल्क तबाही के रास्ते पर पहुंचा। अगर ऐसे ही आगे चलता रहा तो पूरी दुनिया में बर्बादी का रास्ता खुल सकता है।' उन्होंने कहा कि सैन्य कार्रवाई से बीमारी की जड़ तक नहीं पहुंचा जा सकता। इससे शांति स्थापित नहीं की जा सकती है। महबूबा मुफ्ती ने कहा, 'हमारा देश पूरी दुनिया में बहुत बड़ी ताकत बनकर ऊभर रहा है। पाकिस्तान के आंतरिक हालात अच्छे नहीं हैं। ऐसे में दोनों मुल्कों को राजनीतिक दखल का प्रयास करना चाहिए।' उन्होंने कहा कि पुलवामा हमले के बाद बालाकोट सर्जिकल स्ट्राइक हुई तो उससे क्या हुआ। ऐसे ही पहलगाम के बाद ये कार्रवाई हो रही है। इसलिए दोनों देशों से मेरी गुजारिश है कि ये जो हमले हो रहे हैं, उसे बंद कर दीजिए। इस लड़ाई में बच्चे मारे जा रहे हैं। दोनों ओर ऐसा हो रहा है। आखिर यह कब तक चलेगा।

'लाइव कवरेज देने में सावधानी बरतें...'

मीडिया चैनल और सोशल मीडिया के लिए रक्षा मंत्रालय ने जारी की एडवाइजरी

0- **नई दिल्ली, 09 मई।** भारत और पाकिस्तान की सीमा पर खराब हालात के चलते रक्षा मंत्रालय ने एडवाइजरी जारी की है। सभी मीडिया चैनलों और डिजिटल प्लेटफॉर्म को लाइव कवरेज के लिए सावधानी बरतने के आदेश दिए गए हैं। रक्षा मंत्रालय ने राष्ट्रीय सुरक्षा के मद्देनजर यह सलाह दी है।

रक्षा मंत्रालय ने केबल टेलीविजन नेटवर्क्स (संशोधन) नियम 2021 के तहत यह आदेश जारी किया है। इसकी जानकारी एक्स प्लेटफॉर्म पर भी दी गई है।

रक्षा मंत्रालय ने एक्स पर लिखा कि, 'सभी मीडिया चैनलों, डिजिटल प्लेटफॉर्म और यूजर्स को सलाह दी जाकी है कि लाइव कवरेज या रियल टाइम रिपोर्टिंग के दौरान रक्षा ऑपरेशन और सेना के काफिले की मूवमेंट साझा न करें।'

रक्षा मंत्रालय ने कहा- सभी मीडिया चैनलों, डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म और व्यक्तियों को रक्षा अभियानों और सुरक्षा बलों की आवाजाही का लाइव कवरेज या वास्तविक समय की रिपोर्टिंग से परहेज करें। यह सलाह राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में दी गई है।

पहले भी हुई थी गलती: रक्षा मंत्रालय ने इसके पीछे की वजह बताते हुए कहा कि, 'इस तरह की संवेदनशील और ऑपरेशनल जानकारी साझा करने से खतरा उत्पन्न हो सकता है। इससे ऑपरेशन पर बुरा असर पड़ेगा। पहले भी कारगिल युद्ध, 26/11 आतंकी हमले और कांधार हाईजैकके दौरान ऐसी रिपोर्टिंग से देश को नुकसान हुआ है।'

प्रेस ब्रीफिंग में दी गई जानकारी ही दिखाएं: गृह मंत्रालय ने आगे कहा कि, केबल टेलीविजन नेटवर्क्स (संशोधन) नियम 2021 के तहत अधिकारी प्रेस ब्रीफिंग के दौरान जो भी जानकारी साझा करेंगे, सिर्फ उन्हीं को दिखाने की इजाजत होगी। सभी से अपील है कि लाइव कवरेज के दौरान संवेदनशील जानकारी बिल्कुल न शेयर करें।

फर्जी आधार कार्ड पर देश में बड़ी संख्या में घुसे विदेशी

गृह और विदेश मंत्रालय ने जारी किया अलर्ट

मुजफ्फरपुर, 09 मई। फर्जी आधार कार्ड पर देश में बड़ी संख्या में विदेशी नागरिक अवैध रूप से प्रवेश कर गए हैं। यही नहीं, फर्जी आधार कार्ड बनाए जाने का बड़ा रैकेट काम कर रहा है। इस रैकेट के सीमा पार आपराधिक तत्वों से साठगांठ के बाद स्थिति गंभीर हो गई है। इस संबंध में केंद्रीय गृह और विदेश मंत्रालय ने अलर्ट जारी किया है। इसके बाद बिहार के सभी डीएम, एसएसपी और एसपी को आधार कार्ड के आफलाइन सत्यापन का राज्य के गृह विभाग ने निर्देश दिया है। आधार के सत्यापन को लेकर एसओपी भी जारी किया गया है।

सरकार ने अलर्ट जारी कर क्या कहा ?: गृह एवं विदेश मंत्रालय के अलर्ट में कहा गया है कि फर्जी आधार बनाने का नेटवर्क आपराधिक तत्वों के साथ मिलकर काम कर रहा है। बड़ी संख्या में फर्जी आधार पर विदेशी सीमा से भारत में प्रवेश भी कर चुके हैं। वे अवैध तरीके से योजनाओं का लाभ भी ले रहे हैं। सीमावर्ती क्षेत्र और आसपास के जिलों में कई बदमाशों के आपराधिक तत्वों से मिलकर खुद को सरगना के रूप में संगठित कर रहे हैं। इसे देखते हुए इन बिचौलियों और सरगनाओं की पहचान कराने को भी कहा गया है। एसडीपीओ, एसपी, एसएसपी और डीआइजी स्तर से डाटा और विश्वसनीय सूचनाओं के आधार पर रणनीति तैयार कराने को कहा गया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से जारी पत्र के अनुसार अवैध विदेशी नागरिक फर्जी आधार के सहारे देश में प्रवेश कर सरकारी योजनाओं का लाभ ले रहे हैं। इसके अलावा आधार के सहारे अन्य भारतीय पहचान पत्र प्राप्त कर रहे हैं। यह काफी गंभीर मामला है। फर्जी पहचान पत्र के आधार पर देश में देश विरोधी गतिविधियों को भी अंजाम दिया जा सकता है।

निर्दोष लोगों को पाक बना रहा निशाना

श्रीनगर, 09 मई। जम्मू-कश्मीर के उरी सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास के इलाकों में पाकिस्तानी सैनिकों द्वारा भारी गोलाबारी किए जाने के बाद एक महिला की मौत हो गई और उसके परिवार के दो सदस्य घायल हो गए। अधिकारियों ने शुक्रवार को जानकारी देते हुए बताया कि भारतीय सेना ने पाकिस्तानी आक्रमण का उचित जवाब दिया है। पाकिस्तानी सैनिकों ने नियंत्रण रेखा पर संघर्ष विराम का उल्लंघन किया और गुरुवार रात उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले के उरी सेक्टर में नागरिक इलाकों में भारी गोलाबारी की। पाकिस्तान ने उरी के कई इलाकों को निशाना बनाया, जिनमें सिलीकोट, बोनियार, कमलकोट, मोहरा और गिंगल शामिल हैं। अधिकारियों ने कहा कि भारी गोलाबारी से कई इमारतों को नुकसान पहुंचा है, जिससे लोगों को भागने पर मजबूर होना पड़ा। वहीं, सीमावर्ती इलाकों से लोगों को विस्थापित किया जा रहा है।

Registration Form Available Now
(Admission Through Entrance Exam Only)
ADMISSION OPEN
SESSION 2025-26
SAVITRI CONVENT HIGH SCHOOL
We Shape The Future
Limited Seats Only
SILVER JUBILEE OF 21st CENTURY OFFER
100% Discount on Admission Fee From Today to 30th April 2025
पढ़ाई आसान, रिजल्ट शानदार
हर बच्चे को पढ़ाई के लिए मिलेगा सही गाइडेंस
स्कूल की 3 नयी सुविधाएं
✓ हर महीने माता-पिता के लिए लर्निंग रिपोर्ट
✓ पढ़ाई की नई शिक्षा नीति पर आधारित ट्रैकिंग सिस्टम
✓ घर पर पढ़ाई, रिवीजन और प्रैक्टिस के फ्री टूल्स
OUR MISSION YOUR CHILD'S BEST ACADEMIC GROWTH
Contact: Dr. Ajit Asthana
Director (Administration)
Mob.: 9305963991, 6394015955
490-A, Civil Lines Ambedkar Tiraha Miyanpur, Jaunpur-222002
SAVITRI CONVENT SCHOOL | Ambedkar Tiraha, Jaunpur | 9305963991

NIRMALA DEVI POLYTECHNIC & Pharmacy College
(D Pharma Course) | AICTE & UPBTE Approved
ADMISSION OPEN 2025-26
B. PHARMA AND D. PHARMA
Course Name — Bus Facility
Electrical & Electronics Engineering
Mechanical Engineering Production
Mechanical Engineering Automobile
Electrical Engineering
Civil Engineering
Adress: Near Gaurabadshahpur Police Statiion, Nayansand, Jaunpur (U.P.)
Contact No. 9415234998, 7839456998, 9839449646, 7080956598, 8787010634, 8808800929
Website: www.ndpc.co.in E-mail: dnirmala432@gmail.com

स्टाफ नर्स के प्रशिक्षण के लिए
अवध पैरा मेडिकल कालेज जौनपुर
708, विशेषरपुर (पचहटिया) शीतला चौकियाँ, आजमगढ़ रोड, जौनपुर Mob. : 9129773253
G.N.M., A.N.M., B.Sc.(Nursing) Post Basic, D.Pharma, B.Pharma
G.N.M. सामान्य नर्सिंग एवं मिडवाइफरी के 3 वर्षीय डिप्लोमा प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रवेश हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।
योग्यता 10+2 या समकक्ष परीक्षा में कम से कम 90% अंक | चयन प्रक्रिया मेरिट के आधार पर | आयु सीमा 17-35 वर्ष | छात्रावास की सुविधा
आवेदन पत्र एवं अन्य विवरण के लिए सम्पर्क करें
डा. रामअवध यादव Mob.: 8931931199 9415273329
डा. शकुन्तला यादव प्रबन्ध निदेशक Mob.: 9889377675 9415207436
KUNWAR DAS MEDICAL CENTRE PVT. LTD. 708, Vishesharpur (Panchahatiya), Sheetala Cahukiya, Azamgarh Road, Jaunpur-222106

रजि. नं. 49166 (U.P.)
हिमानी हॉस्पिटल
[अत्याधुनिक महिला चिकित्सा केन्द्र]
डा. शैली निगम M.B.B.S.,M.D. (Obst & Gynae) प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ हेल्पलाइन नं. 7800785686
डा. आदित्य निगम M.B.B.S.,M.S. (Ortho.) हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ ट्रामा, आर्थराइटिस एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जन
डा. तुषार मोहन जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन (प्रतिमाह आखिरी रविवार को उपलब्ध)
सुविधायें
•गाइनी- अल्ट्रासाउण्ड •सामान्य एवं अतिगंभीर गर्भावस्था •आधुनिक तकनीक से बच्चेदानी (छक्टम) •इन्फर्टिलिटी विशेषज्ञ एवं अन्य आपरेशन •कैंसर से बचाव एवं टीकाकरण •कॉल्पोस्कोपी •हिस्ट्रोस्कोपी •लैप्रोस्कोपी
सुविधायें
•आर्थो •प्लास्टर •ज्वाइंट एन्जेक्शन •ट्रामा ज्वाइंट रिप्लेसमेंट एवं अन्य आपरेशन
पता - डा. मन मोहन श्रीवास्तव सीनियर फिजीशियन एवं हृदय रोग विशेषज्ञ 48, जहांगीराबाद (बदलापुर रोड), जौनपुर-222002
परामर्श का समय प्रातः 10-2 बजे तक (रविवार अवकाश)
इमरजेन्सी परामर्शः प्रतिदिन 24 घण्टा
निःसंतान महिलाएं अवश्य मिलें

हॉलमार्क रजिस्टर्ड प्रतिष्ठान
प्रो. सौरव कुमार बैंकर
Mob.: 7309902476, 7317337000
सौरव ज्वेलर्स
अण्डर ग्राउण्ड शोरूम
हॉलमार्क ज्वेलरी पर 100 प्रतिशत वापसी की गारंटी
रत्नों एवं उपरत्नों का विशाल संग्रह • कलात्मक एवं फैन्सी आभूषणों के विक्रेता
विश्वास की कसौटी पर निरन्तर अग्रसर
मिश्रा काम्प्लेक्स, ओलन्दगंज - जौनपुर

निःसन्तान दम्पति निराश न होवें
बाँझपन के सर्वोत्तम इलाज के लिए
शकुन्तला आईवीएफ सेन्टर जौनपुर
सेवा का अवसर दें
.... निवेदक ....
डा0 रामअवध यादव
डा0 शकुन्तला यादव
डा0 आनन्द वर्द्धन
डा0 अन्शु कुमारी
पंचहटिया, आजमगढ़ रोड, जौनपुर
Mob.: 8931931199, 9918905642

बी.ए.एम.एस. के सर्वोत्तम प्रशिक्षण के लिए
डा. शकुन्तला आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज, जौनपुर
पता - 1214, नयनसण्ड, थाना रोड, गौराबादशाहपुर, जौनपुर (उ.प्र.) 222133
College Code- AYU0728
ADMISSION OPEN 2025-26
अभ्यर्थी U.P., आयुष, NEET की वेबसाइट पर डा. शकुन्तला आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज को प्रथम विकल्प चुनें
BAMS BACHELOR OF AYURVEDIC MEDICINE AND SURGERY
Recognized by NCISM, Ministry of AYUSH, Govt. of India, Affiliated to Mahayogi Guru Gorakhnath AYUSH University, Uttar Pradesh
10+2 (PCB) Min. 50% and NEET Qualifying Score
4.5 Years + 1 Year Internship
स्कॉलरशिप | एजुकेशन लोन सुविधा
LIMITED SEATS
HURRY UP! PRE BOOK YOUR SEAT NOW
• जनपद जौनपुर का पहला आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज।
• योग्य अनुभवी चिकित्सकों द्वारा उत्कृष्ट चिकित्सा शिक्षा।
• विशेषज्ञ आयुर्वेदिक चिकित्सकों द्वारा उत्कृष्ट चिकित्सा सुविधा।
• डिजिटल एक्सरे, अल्ट्रासाउण्ड, पैथोलॉजी, सर्जरी, ट्रामा, मेडिकल आई.सी.यू, ओ.टी, फिजियोथेरैपी, पंचकर्म, क्षारसूत्र से सुसज्जित हॉस्पिटल में विशेष प्रशिक्षण।
• विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक एवं सर्वांगीण विकास हेतु उत्कृष्ट वातावरण।
• आधुनिक पुस्तकालय एवं प्रयोगशाला।
NEET UG 2024 QUALIFYING CUTOFF
CATEGORY	PERCENTILE	MARKS
GEN/EWS	50%ile	164
OBC	40%ile	129
SC	40%ile	129
ST	40%ile	129
9415273329, 9889377675, 1390691111 drshakuntalaayush.in drshamch2023@gmail.com

पेट, आँत, लीवर, किडनी, ब्रेस्ट, प्रोस्टेट, बच्चेदानी आदि रोग की सुरक्षित गुणवत्ता पूर्ण एडवांस मेडिकल एवं सर्जिकल इलाज के लिए राष्ट्रीय प्रमाण-पत्र
NABH & ISO द्वारा प्रमाणित अस्पताल
डा. लाल बहादुर सिद्धार्थ
M.B.B.S., M.S. Surgery, F.I.M.S.A., M.I.A.G.E.S.
SR. (Gastro Surgery,) M.I.M.S.A., F.A.I.S., F.I.C.S.
(गैस्ट्रो, लेप्रोस्कोपिक एवं कैंसर सर्जन)
जनता के बेहतर और कल्याण के लिए केन्द्र सरकार की सौगात
आयुष्मान भारत योजना
के अन्तर्गत 5 लाख तक का निःशुल्क उपचार
गोल्डेन कार्ड प्रतिदिन बनता है
न्यू हेरिटेज
सिद्धार्थ हास्पिटल
मल्टी स्पेशियलिटी साइंस एवं रिसर्च सेन्टर
सुल्तानगर उमरपुर हरिबंधनपुर, (निकट मैहर देवी मंदिर) जनपद जौनपुर
मो.नं.: 9415315405, 9598725959, 9838259535
बेटी बचाओ - बेटी पढ़ाओ

TATA की पेशकश
For marriages crafted by you
TANISHQ PRESENTS
RIVAAH WEDDING JEWELLERY
जौनपुर शोरूम- पॉलिटेक्निक चौराहा, मिर्जापुर रोड, रुहट्टा, जौनपुर
सम्पर्क- 7309096302, 7000006397
सुल्तानपुर शोरूम- 1088/8, डी.एम. आवास के सामने सिविल लाइन्स, सुल्तानपुर
सम्पर्क- 7800006396
गाजीपुर शोरूम- सकलेनाबाद, रसूलपुर, गाजीपुर- 233001
सम्पर्क- 9415207229, 7800006395